# नहर के अन्तिम क्षोर तक पहुंचना चाहिए पानी : डीएम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की अध्यक्षता में गुरूवार को सिल्ट सफाई के सम्बन्ध में जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

अधिशासी अभियंता सिंचाई प्रखंड प्रथम आशुतोष कुमार ने बताया कि जनपद में नहर की 6 बड़ी प्रणालियों में 113 नहरे हैं। जिसमें बड़ी नहर प्रणाली ओहन नहर प्रणाली, बरुआ नहर प्रणाली, चिल्ली मल्ल नहर प्रणाली, गुंन्ता नहर प्रणाली, रसिन लिफ्ट एवं राइट मुख्य नहर है। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई प्रखंड प्रथम को निर्देशित किया कि नहरों की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दें। उन्होंने कहा कि कोई भी नहर सिल्ट सफाई से छूटने न पाए। अधिशासी अभियंता सिंचाई प्रखंड प्रथम ने कहा कि बड़ी नहरों की सफाई मशीन द्वारा होगी। जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि सिल्ट सफाई से पहले की फोटो खींचा जाए तथा कार्य होने के बाद की भी फोटोग्राफ्स रखें। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि टीम बनाकर इसका निरीक्षण करते रहें। उन्होंने अधिशासी अभियंता से कहा कि इस समय अगर पानी की मांग हो तो नहरों का संचालन कराएं। उन्होंने कहा कि किसानों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक नवम्बर तक सिल्ट सफाई हो जानी चाहिए। जिससे कि किसानों को पानी देने में समस्या न हो। उन्होंने कहा कि सिल्ट सफाई की फोटोग्राफ सत्यापित होने के बाद प्रेषित करें।

इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, अधिशासी अभियंता सिंचाई निर्माण खंड शिवेश कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## गांजा कारोबारी को हुई दो वर्ष कठोर कारावास की सजा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

गांजा कारोबारी को दोष सिद्ध होने पर त्वरित न्यायालय ने दो वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 5000 रूपए अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सनद कुमार मिश्रा ने बताया कि बीती 16 जुलाई 2019 को कर्वी कोतवाली के तत्कालीन उप निरीक्षक सत्यदेव सिंह ने पुलिस टीम के साथ भरतकूप क्षेत्र के पहरा रोड के निवासी नौसाद उर्फ रहमत पुत्र बाबू खां को 1 किलो 500 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। जिसमें एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज सुशील कुमार वर्मा ने गुरूवार को निर्णय सुनया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी नौसाद उर्फ रहमत को दो वर्ष कठोकर कारावास के साथ 5000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# डीएम ने गोआश्रय स्थलों के गोवंशो के भरण-पोषण का दिया दिशा-निर्देश

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**



स्थायी व अस्थायी गोआश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशो के भरण पोषण के अनुश्रवण संबंधी बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने गोआश्रय स्थलो में संरक्षित गोवंशों के भरण पोषण हरा चारा, दाना, चुनी, चोकर, भूसा के अलावा गोवंशो के भरण पोषण हेतु डीबीटी प्रक्रिया की अद्यतन स्थित को जाना।

डीएम ने कहा कि गोवंशो के भरण पोषण की पर्याप्त व्यवस्था बनाए रखें। उन्होंने कहा कि जिन गोशालाओं में अतिरिक्त शेड की आवश्यकता है। उसको चिन्हित करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करते हुए शेड बनवाया जाये। जिससे कि ज्यादा से ज्यादा निराश्रित गोवंशो को संरक्षित किया जाय। गौशालाओं में हरे चारे की बुआई हेतु जो जमीन संबद्ध है उसमें हरा चारा की बुआई नहीं हुई है। वहां बुआई कराने के निर्देश संबंधितों को दिया। जनपद में सात अस्थायी निर्माणाधीन गोशालाओं का निरीक्षण करने के निर्देश जिला विकास अधिकारी को दिया। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि जिन प्रभारी पशु चिकित्साधिकारियों के क्षेत्र में कृत्रिम गर्भाधान की स्थिति ठीक नहीं है, उनसे स्पष्टीकरण लेने के साथ ही कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ाने के निर्देश दिये। जिन गोशालाओं में वर्मी कंपोस्ट खाद तैयार हो गई है, उनकी बिक्री कराई जाये और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का भुगतान समय से किया जाये। एलएसडी व अन्य टीकाकरण जो पूरे नहीं हुए है उसको पूरा करा लिया जाये। मुख्यमंत्री सहभागिता योजनांतर्गत ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद लोगों को दुधारू गाय दिया जाये और निगरानी भी बनाए रखें। जनपद में पशुओं के स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं के लिए क्रियाशील आठ मेडिकल वैनों पर परस्पर निगरानी बनाए रखें। साथ ही पशुओं के स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी सदर, उप जिलाधिकारी बिन्दकी, उप जिलाधिकारी खागा सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# कलश यात्रा के साथ हुआ श्रीमद भागवत महापुराण का शुभारम्भ

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



राजापुर तहसील के कुसेली गांव में कलश यात्रा के साथ संगीतमयी श्रीमद् भागवत महापुराण का शुभारम्भ कलश यात्रा के साथ हो गया। कथा के पहले दिन कथा व्यास आचार्य श्रवण कृष्ण महाराज ने श्रीमद् भागवत महात्म्य शुक परीक्षित चरित का वर्णन किया।

कथा वाचक ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से जीव का उद्धार हो जाता है। कथा का श्रवण पवित्र मन से करना चाहिए। स्व सीनू सिंह परवार की पुण्य स्मृति में आयोजित इस ज्ञान सप्ताह यज्ञ का समापन 26 सितम्बर को सुदामा चरित की कथा के साथ होगा। जिसके बाद 27 सितम्बर को पूर्णाहुति हवन, महा प्रसाद भण्डारे का आयोजन किया जाएगा।

इस मौके पर यजमान पुष्पराज सिंह परमार, दरियाव सिंह, शिवमंगल सिंह, भाजपा नेता शिवशंकर सिंह, यशवंत सिंह, रामविलास सिंह, पूर्व प्रधान रघुपति सिंह, बेनी सिंह, मनभरन सिंह, राजकरण सिंह, दिग्विजय सिंह, रामनरेश सिंह, उदल सिंह, शिवमूरत सिंह, रणविजय सिंह, कप्तान सिंह, अरुण सिंह, तामेन्द्र सिंह व संजीव सिंह आदि मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने ली बाल कल्याण समिति की मासिक बैठक

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला की अध्यक्षता में गुरूवार को राघव प्रेक्षागार पुलिस कार्यालय सोनेपुर में विशेष किशोर पुलिस इकाई, बाल कल्याण समिति, एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की मासिक गोष्ठी आयोजित की गयी। पुलिस अधीक्षक ने समस्त थानों के पुलिस बाल कल्याण अधिकारियों को निर्देश दिये कि बाल अपचारियों, नाबालिक पीडित, पीडिता की जन्मतिथि का सत्यापन आधार कार्ड से न करके विद्यालय के अंक-पत्र, जन्म प्रमाण पत्र या मेडिकल परीक्षण कराकर किया जाए। उन्होंने बाल कल्याण इकाई को बताया कि यदि कोई नाबालिक पीडित है और उसके साथ कोई वयस्क व्यक्ति नहीं है तो ऐसी स्थिति में बाल कल्याण इकाई के सदस्य द्वारा स्वयं वादी बनकर अभियोग पंजीकृत कराया जायेगा। किसी भी स्थिति में कोई नाबालिक मुकदमें का वादी नहीं होगा। बलात्कार की नाबालिक पीडिताओं के गर्भवती होने पर बाल कल्याण समिति संज्ञान लेकर उनके चिकित्सा, उपचार में सहायता करें एवं आर्थिक रुप से कमजोर पीडिताओं को शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ दिलायें।

विशेष किशोर पुलिस इकाई, बाल कल्याण इकाई के कार्यों एवं एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। जिला प्रोवेशन अधिकारी पंकज मिश्रा ने बताया कि बाल अपचारियों से अपराधी के तरह व्यवहार न किया जाये। उन्होंने गोष्ठी में उपस्थित सभी बाल कल्याण अधिकारी एवं सदस्यों को बताया कि गुमशुदा बच्चों के बरामद होने के बाद उन्हे बाल कल्याण समिति के सुपुर्द करें, बाल कल्याण समिति बच्चे के परिजनों की पहचान कर उनके परिजनों के सुपुर्द करेगी। यदि कोई नाबालिक आत्महत्या का प्रयास करे तो पुलिस ऐसे नाबालिक बच्चो को बाल कल्याण समिति के सुपुर्द करें एवं बाल कल्याण समिति ऐसे बच्चों की काउंसलिंग के पश्चात जानकारी करें, कि उनके द्वारा ऐसा प्रयास क्यों किया गया है। इसके बाद ही परिजनों के सुपुर्द किया जाये।

## फास्ट फॉरवर्ड

### अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में राजापुर प्रभारी निरीक्षक भास्कर मिश्रा ने बताया कि उप निरीक्षक राम प्रवेश यादव व आरक्षी अंकित शुक्ला, शुभम त्रिपाठी द्वारा राजा यादव पुत्र छेदीलाल यादव निवासी सोतीपुरवा को 30 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्व आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करें पात्र विद्यार्थी

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा वित्तीय वर्ष शैक्षिक सत्र 2023-24 में दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययंगत उत्तर प्रदेश के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति व अन्य कार्यों के लिए समय सारणी निर्गत की गई है। सारणी के अनुसार 22 सितंबर से 31 दिसंबर तक छात्रों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया जाना। 25 सितंबर से 8 जनवरी तक हार्ड कॉपी छात्र-छात्राओं द्वारा वांछित संलग्नको सहित शिक्षण संस्था में जमा किया जाना है। 25 सितंबर से 11 जनवरी 2024 तक शिक्षण संस्थान द्वारा आवेदन पत्र को ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करना, 31 जनवरी 2024 से 9 फरवरी 2024 तक त्रुटि पूर्ण आवेदन को छात्रों के स्तर से सही करना, उक्त के साथ-साथ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों को द्वितीय चरण में भी आवेदन करने की सुविधा प्रदान की गई है। जिसके अंतर्गत छात्रों द्वारा आवेदन किए जाने के लिए समयावधि 1 जनवरी 2024 से 31 मार्च 2024 तक निर्धारित है, उक्त के क्रम में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत समस्त छात्र-छात्राओं, संस्थाओं को सूचित किया जाता है की शासन द्वारा निर्गत समय सारणी के अनुसार निर्धारित समयावधि में आवेदन की समस्त प्रक्रियात्मक कार्यवाही करते हुए योजना का लाभ उठाएं।

### लूटपाट के मामले में मां, बेटों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** निर्माणाधीन भवन में घुसकर अराजकता फैलाने के मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कर्वी कोतवाली में एक महिला और उसके दो बेटों के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। पीड़ित ने मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। कर्वी के बल्दाऊगंज निवासी उमेश पुत्र रामप्रताप ने बताया कि उनके बेड़ीपुलिया सीतापुर मार्ग में स्थित निर्माणाधीन भवन में बीती 7 सितम्बर को पड़ोस में रहने वाली महिला अपने बेटों और तमाम लोगों के साथ पहुंची गई। जिसके बाद उनकी दीवार और दरवाजे तोड़कर घर के अन्दर घुस गए। जिसकी सूचना उन्होंने पुलिस को भी दी और मौके पर पुलिस पहुंची, किन्तु पुलिस समझाकर चली आई और इसके बाद महिला ने उनके घर के अन्दर से सामान निकाल लिया। इलाकाई पुलिस द्वारा इस मामले में आवश्यक कार्यवाही न होने से उन्होंने पुलिस अधीक्षक को दुखड़ा सुनाया। जिनके आदेश पर बीती 19 सितम्बर को इस मामले में हीरामणि तिवारी उनके पुत्र सुशील और मनीष समेत 15 अज्ञात लोगों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की गई है, किन्तु अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। पीड़ित ने मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

### पानी में डूबने से बालक की मौत



**जन एक्सप्रेस/मऊ, चित्रकूट।** नहाने गए नौ वर्षीय बालक की पानी में डूबने से मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को जिला मुख्यालय भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊ तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत गुईंयाकला गांव का निवासी अंकेश (9) पुत्र राजनारायण गुरूवार को गांव के बाहर बने तालाबनुमा बड़े गड्ढे में नहाने गया था। इस दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया। जिससे वह पानी में डूब गया। वहां मौजूद अन्य बच्चों द्वारा इसकी सूचना देने पर अंकेश का पिता राजनारायण भागते हुए मौके पर पहुंचा, किन्तु तब तक वह अचेत होकर पानी के ऊपर आ गया था। जिसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से उसे बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर मऊ के नायब तहसीलदार विवेक कुमार और बरगढ़ थाना प्रभारी अंजनी कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया।

## सेवा भारती शिविर के जरिए लोगों को पहुंचा रहा लाभ

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

सेवा भारती चित्रकूट द्वारा सेवा बस्तियों में शोषित, वंचित, समाज के अति पिछड़े पंक्ति के अंतिम छोर में खड़े हर व्यक्ति तक सरकार एवं समाज की हर सुख सुविधाओं का लाभ मिले। इस क्रम में हर वर्ष की भाँति स्वच्छता अभियान निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, दवा, महिलाओं को सेनेटरी पैड वितरण, आयुष्मान कार्ड बनाए जाने जैसी सुविधाओं का शिविर लगाकर सैकड़ों लोगों को लाभ पहुंचाया गया।

सैकड़ों परिवारों के लोग पहुंचकर इस शिविर का भरपूर लाभ उठाया। मुफ्त दवाएं (वायरल फीवर की दवाएं, खाँसी सीरप, फोड़ा फुंसी खुजली का मलहम, घुटना दर्द पीठ दर्द के लिए मूव) आदि घर बैठे पाकर लोगों की जुबान पर दुआएं और चेहरे पर मुस्कान देखने को मिली.. यही तो है सेवा भारती का प्रयास। जनपद में सेवा भारती कई वर्षों से नम्रता, शालीनता एवं निस्वार्थ सेवा से हजारों सेवा बस्ती परिवारों के बीच अपनेपन के इस अटूट बंधन के कारण सेवा बस्ती वाले हुए कायल.. हर वक्त हर संभव मदद के लिए प्रयासरत सेवा बस्ती के लोगों द्वारा सेवा भारती की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहते हैं कि आज तक हम लोगों के बीच इस तरह से कोई भी किसी भी पार्टी के नेता, समाजसेवी ऐसी सेवा भाव से नहीं आते। सेवा बस्ती में किए गए कार्यों की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। जिला सह मंत्री राज किशोर शिवहरे द्वारा बताया गया कि अब अगला शिविर 25 तारीख को शास्त्री नगर एसडीएम कॉलोनी में होना सुनिश्चित हुआ है।

इस मौके पर जिला मंत्री गुरु प्रकाश शुक्ला, जिला सहमंत्री राजकिशोर शिवहरे, संरक्षक रामबहोरी देव नारायण द्विवेदी, जिला प्रचार प्रमुख शंकर यादव एवं मेडिकल टीम में डॉ रेनू श्रीवास्तव, डॉ पीके शुक्ला, अभिलाष खरे, प्रशांत श्रीवास्तव, गर्व तिवारी, रतन धुरिया वार्ड बॉय आदि शामिल रहे।

## राजस्व टीमों ने वसूली अभियान को प्रदान किया गति

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

डीएम अभिषेक आनन्द के निर्देश पर गुरूवार को वसूली टीम ने भरतकूप एवं घुरेटनपुर क्षेत्र में वसूली अभियान चलाया। जिसमें बकायदारों से वसूली कर कार्यवाही की गयी। वसूली टीम द्वारा विद्युत, बैंक, खनन, स्टांप, व्यापार कर, परिवहन आदि विभिन्न विभागों के बकायदारों की तलाश की गई। वसूली के दौरान विद्युत देय के बांकीदार रामखेलावन निवासी घुरेटनपुर के 10 लाख रूपए के बांकीदार का विधुत कनेक्शन काटा तथा वसूली टीम द्वारा दो लाख रूपए की वसूली की गई। टीम ने बताया कि तहसील कर्वी के अंतर्गत राजस्व विभाग की टीमों द्वारा सघन वसूली अभियान निरंतर चलता रहेगा ताकि विभिन्न विभागों के बकाए की वसूली कराई जा सके। टीम ने बताया कि तहसील कर्वी के अंतर्गत राजस्व विभाग की टीमों द्वारा सघन वसूली अभियान निरंतर चलता रहेगा ताकि विभिन्न विभागों के बकाए की वसूली कराई जा सके। इस मौके पर अमीन राकेश कुमार पाण्डेय, रहमान खां, विद्यासागर, देशराज, सगीर, सत्य नारायण, कुलदीप आदि मौजूद रहे।

# अमृत सरोवर के बजट में हुआ बन्दर बांट नही सुधरी तालाबों की शक्ल-सूरत

**जन एक्सप्रेस । सरोज पाण्डेय**



**फतेहपुर।** योगी सरकार के दिशा-निर्देश पर अमृत काल मे अमृत सरोवर बनाने का फरमान जारी किया गया। अमृत सरोवर हेतु सरकार ने भारी भरकम बजट आवंटन किया गया। जिसमे अमृत सरोवर बनाने का एक रुट चार्ज भी जारी किया गया। निर्देशित किया गया कि अमृत काल का स्वतन्त्रता दिवस ग्राम स्तर पर अमृत सरोवरो पर मनाया जाय। अमृत सरोवरो के लिए 10 से 20 लाख आवश्यकता अनुसार प्रति तालाब के लिए दिया गया। करोड़ो खर्च करने के बाद भी सरकार के मंशानुसार अमृत सरोवरों को नही बनाया गया और तालाबों का उद्धार तो हुआ नही बल्कि ग्राम प्रधान सहित अन्य जिम्मेदारों का उद्धार अवश्य हो गया। वहीं अमृत सरोवर की खाना पूरी ही किया गया।

बताते चलें कि जनपद के ऐरायॉ विकास खण्ड क्षेत्र में 20 अमृत सरोवर बनाये गये। जिनमे कटोघन, कर्मेपुर, अमाव, बुदवन, रोसनपुर टेकारी, ऐरायासादात, नक्सारा, कोडका, तैयबा आदि ग्राम सभाओ मे अमृत सरोवर बनाये गये। नाम तो अमृत सरोवर का दिया गया जब कि उन सरोवरो को देखकर विष तालाब भी कहने मे संकोच करना पड रहा है। जहॉ सरकार की मंसा है कि तालाबो का निमार्ण करके जल संचय करने का है। वही अमृत सरोवर बनाकर ग्राम स्तर पर एक पर्यटन स्थल भी देने का है। जानकारो की माने तो अमृत सरोवर में पक्का घाट सहित उसका सुन्दरीकरण करके अगली पीढ़ी को संदेश देने का है कि कुआं, तालाब निमार्ण के प्रति अकर्षित करने का भी है। वहीं जिम्मेदार सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे हैं। जहॉ आवश्यकतानुसार प्रति अमृत सरोवर के लिए 10 से 20 लाख तक का बजट शासन स्तर से दिया जा रहा है। वहीं अमृत सरोवरों में कुछ खाना पूरी करके बजट का बन्दर बाट किया गया है। जहॉ अमृत सरोवरो के किनारे बैठने और फल व फूल दार पौधो का रोपण करके सुन्दरीकरण करने का निर्देश दिया गया है। वही तालाबो की भी साफ-सफाई के लिए भी निर्देशित किया गया है। जब कि अधिकतर अमृत सरोवारो का आलम है कि मात्र बोर्ड ही देखने को मिल रहा है।

कुछ ईटे लगाकर घाट जैसे शक्ल तो दिया गया था। जो स्वतन्त्रता दिवस के पहले ही उखड़ गया। जब कि शासन की मंसा रही कि ग्राम स्तर पर एक सार्वजनिक पर्याटन स्थल दिया जाय जिससे लोगो का तालाबो के प्रति आकर्षण बढे और जल संचय की भावना जागृत हो। विकास खण्ड अधिकारी ने बताया कि 20 अमृत सरोवरो विकास खण्ड क्षेत्र मे बनाये गये है और पॉच अमृत सरोवर प्रस्तावित है।

## अवैध मादक पदार्थ बिक्री को लेकर चली गोली, अधेड़ घायल

**जन एक्सप्रेस । फतेहपुर**

जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रो मे अबैध मादक पदार्थे की बिक्री बेखौफ किया जा रहा है। वही सदर कोतवाली क्षेत्र मे मादक पदार्थ बिक्री को लेकर दो पक्षों में गोली चल गयी और एक गम्भीर रुप से घायल हो गया। गॉजा सहित अन्य मादक पदार्थ कस्बों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से बेचा जा रहा है। जिससे नव युवक नशे के आदी हो रहे हैं और नशे के लिए अपराध भी कर रहे हैं। बताते चलें कि जनपद मे खाकी और खादी के वरद्हस्त से गॉजा सहित अन्य मादक पदार्थ की बिक्री की जा रही है। गॉजा सरकारी भॉग की दुकानों सहित अन्य छोटे-छोटे व्यापार की आड़ में गॉजा बिक्री किया जा रहा है। कई बार जनपद के थाना क्षेत्रों में अवैध गॉजा व शराब की बड़ी-बड़ी खेपें पकड़ी गयी लेकिन जहॉ एक खेप पकड़कर पुलिस खुद ही अपनी पीठ थपथपाकर खुश हो रही है। वहीं जगह-जगह मादक पदार्थो की बिक्री से अनजान बनी रहती है।

## मोरम डम्प साझेदारों के बीच मारपीट, तीन घायल

**जन एक्सप्रेस । खागा, फतेहपुर**

मोरम डम्प विवाद मे दो गुटो के बीच लठी-डण्डे चले और कई लोग गम्भीर रुप से घायल हो गये। मौके पर पहुँची थाना पुलिस ने घायलो को ईलाज हेतु अस्पताल भेज दिया और जॉच करके कार्यवाही करने का दावा किया। वही ग्रामीणो ने बताया कि मोरम डम्प साझेदारी का विवाद है। भारी मात्रा मे मोरम डम्प किया गया है। जिसको बिक्री के चलते दो गुटो मे विवाद हुआ और मारपीट हुई।

खखरेरू थाना क्षेत्र के ओरहा गांव में लगे डंप समीप दो गुटों में मारपीट हो गई।

मारपीट में सौरभ निवासी बलरामपुर, शारिक निवासी मंझनपुर व आकाश निवासी रायबरेली गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि प्रेमचंद केसरवानी मंझनपुर निवासी का दो वर्ष पूर्व ओरहा गांव में लगा डंप सीज हो गया था। जो कि डीएम के आदेश के बाद कुछ दिनों पहले रिलीज कर दिया गया है। रिलीज होने के बाद डंप मलिक ने मोरम की बिक्री करना शुरू कर दिया। जिस पर गोपालपुर गांव निवासी सत्येंद्र पटेल ने आरोप लगाते हुए कहा कि इस डंपिंग में हमारा भी पार्टनरशिप है। मुझे इस डंप से सात सौ ट्रक मोरम चाहिए। जिस पर डंप संचालन ने विरोध जाहिर किया।

मना करने पर सत्येंद्र पटेल ने अपने सैकड़ों आदमियों के साथ में डंपिंग स्थल पर कार्यरत कर्मचारियों के साथ मारपीट किया और काउंटर से करीब एक लाख रुपए निकालकर फरार हो गये। मामले में थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राव ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए भेजा जा रहा है। जांच कर कार्यवाही किया जाएगा।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 21-22 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 34.6 (+1.5)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 24.4 (+0.1)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 89 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 66 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 2.6 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# युवती से लूट और गैंगरेप करने वाले तीन रेपिस्ट गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



युवक के साथ मॉल में ड्यूटी करके घर लौट रही युवती को रास्ते में रोककर चार युवकों द्वारा लूट और रेप की घटना को अंजाम दिया गया था। इस मामले में सेनपारा पश्चिम कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। मामले में पहले युवती ने महज मारपीट और लूट की घटना का ही मुकदमा दर्ज कराया था। लोकलाज के कारण उसने गैंगरेप की घटना को पुलिस से छुपाए रखा था। पुलिस टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और एक आरोपी अभी भी फरार है। एडीसीपी साउथ अंकित शर्मा ने प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि 17 सितंबर को पीड़िता द्वारा समय लगभग 9-30 बजे रात्रि में 112 नंबर पर कॉल कर सूचना दी गई की अज्ञात तीन चार लड़कों द्वारा उसके व उसके मित्र के साथ मारपीट की गई है। व मोटरसाइकिल में तोड़फोड़ की गई है। जिस पर थाना सेन पश्चिम पारा में मुकदमा पंजीकृत किया गया तथा महिला का बयान अंतर्गत धारा 161 सीआरपीसी दर्ज किया एवं मेडिकल कराया गया पीड़िता द्वारा अपने 164 सीआरपीसी माननीय न्यायालय में बताया कि उसके मोबाइल छीनने के साथ-साथ मारपीट के अतिरिक्त चार लड़कों द्वारा जिसको वह सामने आने पर पहचान सकती है रेप की घटना की गई है। पीड़िता द्वारा अपने साथ हुई दरिंदगी के संबंध में लोक लाज के कारण पुलिस को अवगत नहीं कराया गया बाद में माननीय न्यायालय के समक्ष बयान दिया। पीड़िता के बयान के आधार पर सुरागरसी को तेजी से करते हुए संदिग्धों से पूछताछ की गई जिसमें घटना के संबंध में कुछ बातें प्रकाश में आई। जिस पर कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिसमें से देवीदीन के पास से शिवम कुमार का लूटा हुआ मोबाइल बरामद हुआ दूसरे अभियुक्त संदीप के पास से पीड़िता का मूल आधार कार्ड एवं आयु प्रमाण पत्र एवं सामान्य निवास प्रमाण पत्र की छाया प्रति बरामद हुई तथा अभियुक्त अभिषेक उर्फ नंदू के पास से शिवम कुमार का मूल आधार कार्ड एवं पीड़िता की मार्कशीट की छाया प्रति बरामद हुई। इसके साथ ही उपरोक्त अभि0 का साथी मनोज कुमार जो मौके से फरार हो गया। मुकदमा उपरोक्त में धारा 376 डी /506/411 आईपीसी की बढ़ोत्तरी की गयी है फरार अभियुक्त मनोज की तलाश जारी है।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम में कौन कौन रहा शामिल**

थाना अध्यक्ष पवन कुमार थाना सेन पश्चिम पारा, उपनिरीक्षक , विवेचक दिनेश चंद्र, उपनिरीक्षक रोहित कुमार, उपनिरीक्षक आफताब, हेड कांस्टेबल मुकेश, कांस्टेबल ऋषि यादव सर्बिलांस सेल दक्षिण से उप निरीक्षक अरविंद मिश्र प्रभारी सर्बिलांस सेल दक्षिण, हेड कांस्टेबल शिववीर, हेड कांस्टेबल मयंक दीप, हेड कांस्टेबल अजय सिंह, उप निरीक्षक अजय गंगवार प्रभारी एसओजी दक्षिण, हेड कांस्टेबल धीरेन्द्र सिंह की भूमिका अहम रही।

## मजदूरों को एमपी में ले जाकर बेचने का आरोप कोतवाली में शिकायत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर से गरीब युवकों को मध्य प्रदेश में ले जाकर एक व्यक्ति द्वारा उन्हें बेच देने का मामला सामने आया है। मामले का खुलासा खुद उस पीड़ित व्यक्ति ने किया है जो किसी तरह बंधन से मुक्त होकर कानपुर पहुंचा और अपने परिजनों को पूरी आपबीती सुनाई जिसके बाद थाना कोतवाली में पीड़ित और उसके परिजनों ने शिकायत दर्ज कराई है। मामला सरसैया घाट चौकी अंतर्गत रहने वाले मनोज का है जिसको क्षेत्र में ही रहने वाले भारत निषाद नाम के युवक ने काम दिलाने का झांसा दिया और बहला-फुसलाकर मध्य प्रदेश ले गया, वहां पर एक ठेकेदार के सुपुर्द कर दिया। मनोज की बहन का आरोप है की उसके भाई को वहां पर बेच कर भारत निषाद अपने घर वापस आ गया, जब उन लोगों ने उससे जानकारी लेने चाही तो उसने गाली गलौज करना शुरू कर दिया और कहा की उसके भाई को जान से मरवा देगा। बहन का कहना है कि उसका भाई लहूलुहान हालत में जब कानपुर वापस आया तो उसने सारी घटना बताई है और उसके बाद कोतवाली पहुंचकर शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।

## पेंशन बहाली को लेकर गांधी प्रतिमा पर जोरदार प्रदर्शन



जन एक्सप्रेस । प्रदीप शर्मा

**कानपुर नगर।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा पुरानी पेंशन बहाली को लेकर गांधी प्रतिमा फूल बाग में गुरुवार को धरना देकर प्रधानमंत्री भारत सरकार को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया। परिषद के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा ने बताया कि कई राज्यों में पुरानी पेंशन बहाल की जा चुकी है। परिषद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवर्षि दुबे ने कर्मचारियों से आंदोलन के लिए एकजुट होने का आवाहन किया। मंडलीय महामंत्री संतोष तिवारी ने कहा कि हमारे बुढ़ापे की लाठी पेंशन हमें वापस लेनी है। परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष रतिकांत पाल ने कहा कि सभी कर्मचारी और शिक्षक समाज पुरानी पेंशन बहाल न होने तक सतत आन्दोलन रत रहेगा। परिषद के मंत्री उदय राज सिंह ने कहा कि सेवानिवृत्ति के समय कर्मचारी के प्रैन खाते में जमा धनराशि के ब्याज को पेंशन के रूप में प्रदान किया जाता है और कर्मचारी की मृत्यु के उपरांत प्रैन खाते की धनराशि संबंधित बीमा कंपनी की हो जाती है। धरने में प्रमुख रूप से प्रभात मिश्रा देवर्षि दुबे,संतोष तिवारी, मनीष गौतम, जितेन्द्र पाल रतिकांत पाल, विकास तिवारी, ललितेश तिवारी, उदय राज सिंह, अनिल द्विवेदी, अजय द्विवेद्वी सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### खून से लथपथ मिला युवक का अर्धनग्न शव

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। साढ़ थानाक्षेत्र अंतर्गत एक युवक का रक्तरंजित शव भीतरगॉव रोड पर पड़ा मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस प्रथम दृष्टया युवक की मौत सड़क हादसे में होने की आशंका जता रही है लेकिन युवक का शव अर्धनग्न हालत में मिलना की अनहोनी की तरफ इशारा करते हुए नजर आ रहे हैं फिलहाल पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मृतक की शिनाख्त कराने के प्रयास में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार भीतरगॉव चौकी क्षेत्र के तिवारीपुर गॉव के मोड़ के पास राहगीरों व इलाकाई लोगों द्वारा एक युवक का अर्धनग्न शव देखा गया युवक ने शरीर मे मात्र एक अंडरवियर थी वहीं सिर बुरी तरह कुचला होने के साथ ही हाथ व पैर में भी चोट के निशान थे ये देख आनन फानन लोगों ने पुलिस की सहायता से युवक को भीतरगॉव सीएचसी पहुंचाया जहां पर मौजूद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों द्वारा युवक को मृत घोषित करने के बाद भीतरगॉव चौकी पुलिस द्वारा आस- पास के गॉवों में मृतक की शिनाख्त के प्रयास किये गए लेकिन मृतक की शिनाख्त नही हो पायी जिस पर पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मृतक की शिनाख़्त के प्रयास किये जा रहे है। हलाकि खबर लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नही हो सकी थी।

### लोड चेक करते समय लाइन मैन झुलसा

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। साढ़ सब स्टेशन के कुड़नी गांव में ट्रांसफार्मर मे लोड चेक करते समय लाइन मैन करंट की चपेट मे आ गया जिसे आनन फानन मे विभाग के कर्मचारी अधिकारी ने निजी चिकित्सालय कानपुर मे भर्ती कराया है खबर लिखे जाने तक लाइन मैन की हालत स्थिर बनी हुई थी उपचार जारी था। मिली जानकारी के अनुसार विभाग के कुछ अधिकारी बीते दिन चेकिंग करने आए थे। आपरेटर के अनुसार फोन कर के कुड़नी ग्रामीण फीडर का सट डाउन लिया गया परंतु ध्यान न देते हुए कुड़नी नल कूप के ट्रांसफार्मर मे लोड चेक करने के लिये लाईन मैन आशीष विश्वकर्मा उर्फ निक्कू जैसे ही चढ़ा वह करंट की चपेट मे आ गया। जैसे तैसे मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह लाईन मैन को करंट की चपेट से बाहर करते हुए आनन फानन मे उसे निजी वाहन से लेकर सीधे कानपुर निजी चिकत्सालय लेकर निकल गए। इस सम्बंध मे जब जेई विजय बहादुर से जानकारी लेने की कोशिश की गयी तो कई बार फोन मे रिंग जाती रही परंतु फोन रिसीव नही किया गया।

### रेप के आरोपी को सजा के साथ जुर्माना

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। उत्तर प्रदेश पुलिस के ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत पुलिस विभाग के द्वारा वाद में गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन की प्रभावी पैरवी से रेप और पॉक्सो के मामले में जेल भेजे गए आरोपी को सजा करा पाने में सफलता हासिल हुई है। आरोपी विनोद कुमार पुत्र नत्थूलाल निवासी चौबिगही थाना बिल्हौर कानपुर नगर को माननीय न्यायालय एडीजे 3 पॉक्सो एक्ट माती कानपुर देहात द्वारा दोषी पाते हुए 10 वर्ष सश्रम कारावास एवं 25000/-रु0 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर 06 माह के अतिरिक्त कारावास से दण्डित किया जायेगा।

### रेप के आरोप में मुलायम सिंह यादव गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। थाना गोविन्द नगर में पीडिता द्वारा विद्युत विभाग के जे.ई. (केस्को) मुलायम सिंह यादव के विरूद्ध नशीला पदार्थ पिलाकर बलात्कार करने व गर्भवती हो जाने पर दवा खिलाकर गर्भपात कराने तथा उसके द्वारा पीड़िता के परिजनों से 70 लाख रूपये नगद व अन्य सामान की दहेज में मांग करने व गाली गलौज कर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में मुक़दमा दर्ज कराया गया था। गोविंद नगर पुलिस के द्वारा की गई जांच में आरोपी पाए जाने पर जे.ई. मुलायम सिंह यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### फर्जी पीएमओ ऑफिसर की जमानत याचिका कोर्ट ने की रद्द

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। बीते दिनों बिठूर थाने से जेल भेजे गए ठग संतोष सिंह उर्फ अभिषेक प्रताप सिंह की जमानत याचिका ज़िला अदालत ने खारिज कर दी है। ए.डी.जी.सी. भास्कर मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि संतोष सिंह उर्फ अभिषेक प्रताप सिंह को बिठूर पुलिस ने धोखाधड़ी और रंगदारी मांगने समेत अन्य गंभीर धाराओं के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। गुरुवार को बचाव पक्ष की ओर से जमानत याचिका ए.डी.जे. 26 की कोर्ट में दाख़िल की गई थी। बचाव पक्ष ने आरोपी को निर्दोष बताते हुए झूंठा फंसाए जाने का मामला कोर्ट के सामने रखा था। जिस पर एडीसी भास्कर मिश्रा द्वारा ज़मानत याचिका का विरोध किया गया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद विद्वान न्यायाधीश प्रमोद कुमार चतुर्थ द्वारा जमानत याचिका को खारिज कर दिया गया। ज्ञातव्य हो कि संतोष सिंह उर्फ अभिषेक प्रताप सिंह खुद को पीएमओ का अधिकारी बताता था। शहर के कई आईएएस पीसीएस और आईपीएस अधिकारी इसकी मुट्ठी में रहते थे। लेकिन बीते दिनों इस शख्स के फर्जीवाड़े का मामला एक नीलेश कुमार नाम के सख्स ने खोल कर रख दिया और रंगदारी और धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया तो इसे जेल जाना पड़ा।

### दीक्षांत समारोह को लेकर विश्वविद्यालय में तैयारियां जोरों पर

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का 25 वां दीक्षांत समारोह आगामी 1 दिसंबर 2023 को प्रदेश की राज्यपाल/कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय के कैलाश भवन प्रेक्षागृह में संपन्न होगा। यह जानकारी विश्वविद्यालय कानपुर के डॉ. आनंद कुमार सिंह ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम के आयोजन की अनुमति प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दे दी है। कुल सचिव डॉ.पी.के. उपाध्याय ने बताया कि 25वें दीक्षांत समारोह को लेकर तैयारियां चल रही हैं तथा विद्यार्थियों की उपाधियां एवं अंक तालिकाओं का काम तेज कर दिया गया है,और विश्वविद्यालय द्वारा मेधावियों की पदक सूची शीघ्र ही जारी की जाएगी।

## जेई ने की मनमानी ने डाकघर का कार्य किया बाधित

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर में गुरूवार को कल्याणपुर थाना क्षेत्र के केशवपुरम सबस्टेशन के जेई ने स्मार्ट मीटर ना लगवाने पर केशवपुरम डाकघर की बत्ती दोपहर के समय काट दी। इससे कामकाज बाधित हुआ। लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इंदिरा नगर निवासी उमेश कुमार तिवारी ने बताया कि वह केशवपुरम पोस्ट आफिस में पोस्ट मास्टर के पद पर कार्यरत हैं। दो दिन पहले केशवपुरम सबस्टेशन के जेई अविनाश यादव डाकघर आए और बोले कि स्मार्ट मीटर लगना है। इस पर उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने का किसी उच्चाधिकारी का आदेश है क्या। इसके बाद वह वहां से चले गए। गुरुवार को करीब साढ़े तीन बजे एक युवक स्कूटर से स्मार्ट लगाने के लिए आया। उनके मना करने पर उसने किसी को फोन किया। थोड़ी देर बाद लाइनमैन गाड़ी लेकर डाकघर पहुंचा। वह स्मार्ट मीटर लगाने के लिए बोलने लगा तो उन्होंने कहा कि किसी के आदेश की कापी है क्या। इससे खिसियाकर लाइनमैन ने डाकघर की बत्ती काट दी। डेढ़ घंटे तक कामकाज प्रभावित हुआ। यूपीएस की मदद से कुछ काम हो पाया था। पोस्ट मास्टर ने बताया कि उन्होंने जेई को कई बार फोन किया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

## आईटीआई पाण्डु नगर में रोजगार मेले का आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



राजकीय आईटीआई पाण्डु नगर कानपुर में गुरवार को रोजगार प्रभारी/ प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई बिल्हौर के मार्ग दर्शन में रोजगार मेले का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ कानपुर नगर के नोडल प्रधानाचार्य डॉ.नरेश कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेले में आई हुई सात कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग करने 510 बच्चों में से 360 बच्चो का चयन अप्रेंटिसशिप के लिए किया गया।

## अलग-अलग ट्रेन हादसों में तीन लोगों की मौत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

सजेती थाना क्षेत्र गांव भटपुरवा निवासी शिवराज निषाद पुत्र रामाधीन निषाद बीती शाम रेलवे लाइन किनारे स्थित अपने खेतों में अन्ना गौवंश की रोज की रखवाली कर रहा था तभी अंडर पास दपसौरा क्रासिंग के बीच ट्रेन की चपेट आ जाने मौत हो गई ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची सजेती पुलिस ने शव का पंचायतनामा कर पी एम के लिए भेजा है । मृतक किसान के एक बेटा दो बेटियां हैं जिसमें एक बेटी की शादी हो चुकी है एक बेटी शादी होनी थी। दूसरी घटना गुरुवार सुबह 9 बजे असगहा रेलवे फाटक व बरीपाल रेलवे फाटक के बीच घटी । जहां ट्रेन से कटे हुए अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर मौके पहुंची सजेती पुलिस ने शव को कब्जे में क्षेत्रीय प्रधानों से संपर्क कर शव की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन पहचान न होने पर शव के पंचायत नामा की कार्यवाही कर शव को पी एम के लिए भेजा है। तीसरी घटना गुरुवार लगभग 12 बजे गांव बम्हौरीकी है जहां गांवतनिवासी राकेश कुमार का 18 वर्षीय मूक वधिर अर्द्ध विक्षिप्त अविवाहित पुत्र शिवम सजेती थाना क्षेत्र के असगह रेलवे क्रासिंग के पास खेतों की ओर गया था तभी ट्रेन की चपेट में आ जाने से मौके पर मौत हो गई सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर पी एम के लिए भेजा है। एसओ सजेती राजेश कुमार ने बताया तीनों शवों को पी एम के लिए कानपुर भेजा गया है।

## तेज रफ्तार कंटेनर ने मासूम छात्रा को उतारा मौत के घाट

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

सजेती थाना क्षेत्र गांव निवासी आनंद यादव की 10 वर्षीय पुत्री आरोही उर्फ छबि गुरुवार सुबह साढ़े आठ बजे अपनी छोटी बहन अदिति के साथ गांव के ही एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ने जाते समय जैसे ही हाइवे से स्कूल की ओर जाने वाले रास्ते के मुड़ी तभी कानपुर की ओर से आ रहा तेज रफ्तार कंटेनर टक्कर मारते हुए भाग निकला जिससे आरोही की मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर चौराहे के पास खड़े ग्रामीणों ने बाइक से एक किमी.पीछा करके दौड़ाकर कंटेनर को पकड़कर पुलिस को सौंपा ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची सजेती पुलिस ने शव का पंचायतनामा की कार्यवाही कर शव को पी एम लिए कानपुर भेजा दुखद घटना से परिजनों में शोक व्याप्त है, मृतक के पिता होमगार्ड जवान कोतवाली घाटमपुर में तैनात आनंद यादव ने बताया कि हम रोज बच्चियों को स्कूल छोड़कर ड्यूटी जाते थे लेकिन आज देरी होने से छोड़ने नहीं जा पाए तो बिटिया हमको छोड़कर चली गई यह कहकर फफक कर रो पड़े । यह नजारा देख घटना मौके पर खड़े सभी लोगों की आंखे नम हों गईं, मृतक की माता कल्पना का रो रो बुरा हाल था बार बार घटना स्थल बेसुध हो कर गिर जाती थी परिजन पड़ोसी सभी ढांढस बंधा रहे थे। एसओ सजेती राजेश कुमार ने बताया कि शव को पी एम के लिए भेजा गया है तहरीर के आधार पर दर्ज कर आगे की विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## अचानक लगी आग ने तीन दुकानों को जलाकर किया खाक

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर में थाना महाराजपुर अंतर्गत ब्रह्म देव मंदिर में उस समय हड़कंप मच गया जब सिलेंडर की पाइप फटने से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और तीन दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया । क्षेत्रीय लोगों ने आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड विभाग को दी। मौके पर पहुंचे फायर कर्मियों ने आग को चारों तरफ से घेर कर बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। क्षेत्रीय दुकानदार की माने तो आग से तीन दुकान जलकर खाक हो गई जिससे करीब 10 लाख रुपए का माल जलकर खाक हो गया। शिवम यादव ने बताया कि जब आग लगी तो पड़ोसी दुकानदार ने उसकी जमकर पिटाई कर दी और आरोप लगाया कि आग तुम ही ने आग लगाई है साथ ही लोगों की माने तो अगर समय रहते आग बुझाने वाली गाड़ियां आ जाती तो भारी नुकसान से बचा जा सकता था।

## कूलर में नशीला पाउडर डालकर चोरों ने घटना को दिया अंजाम


जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के थाना चकेरी इलाके मे दो चोरों ने सो रहे गृहस्वामी के कमरे में नशीला पाउडर डालकर नगदी और जेवर पर हाथ साफ कर दिया। जब ग्रहस्वामी जागा तो घटना की जानकारी हुई। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे से चोरों का पता लगा कि किस तरह से ताले तोड़कर चोर चोरी कर रहे हैं । घटना की जानकारी मिलने पर चकेरी पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार थाना चकेरी के अंतर्गत चुंगी चौकी निवासी श्याम सिंह अपने घर पर परिवार सहित सो रहे थे। तभी अज्ञात दो चोरों ने कूलर में नशीला पाउडर डाला जिससे सभी लोग अचेत हो गए फिर बारी-बारी से ताले तोड़कर घर में रखे कैश आईजेवरात चोरी कर भाग गए। गृह स्वामी श्याम सिंह जब जागे तो घर के ताले टूटे पड़े मिले। जिससे घटना की जानकारी हुई चोरों की करतूत घर में लगे सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गए हैं ।

## शिवराजपुर नगरपालिका समीप काशीराम आवास कालोनी में पानी टंकी बनी शो पीस

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर तहसील के शिवराजपुर नगर पालिका कार्यालय के समीप बनी काशीराम आवास कॉलोनी मे पानी की टंकी शोपीस बनी हुई है एक तरफ केंद्र सरकार हर घर जल जीवन के तहत करोड़ो रुपए खर्च कर हर घरों में पानी पहुंचाने का काम कर रही जिससे कोई भी परिवार जल से वंचित न रहे। वही नगर पंचायत के अधिकारी कई वर्षो से बंद पड़ी पानी टंकी की सप्लाई शुरू नही करा सके है। काशीराम आवास कालोनी निवासियों के लिए मायावती की सरकार ने लाखो रुपए की लागत से पानी टंकी को बनवाया गया था।जो अब शो पीस बनकर अधिकारियों और जनता की तरफ निहार रही है हर ब्लाक के मंजिल पर प्लास्टिक की कई सौ लीटर की टंकी रखी है। काशीराम आवास में रहने वाले सैकड़ों परिवारों को सरकारी हैंडपंप से पानी भरने को मजबूर है जबकि कई वर्षों से पानी टंकी बनी खड़ी है लेकिन उसमे पानी की सप्लाई बंद है। आवास के पास अब नगर पंचायत अध्यक्ष आफिस भी बना है फिर भी अधिकारी इसकी तरफ ध्यान देने में कतरा रहे है सरकार ने कालोनी निवासियों के लिए पानी टंकी के माध्यम से पानी की सुविधा उपलब्ध कराकर हर कालोनी में रहने वाले परिवार को पानी पहुंचाने का काम करने का मिशन था जब से कालोनी का निर्माण हुआ तब से अब तक पानी टंकी के सुविधा का लाभ कालोनी निवासी नही उठा सके है।



**कालोनी के हर ब्लाक तीन मंजिला के उपर रखी प्लास्टिक की टंकी टूटी**

कालोनी के हर ब्लाक तीन मंजिला इमारत के ऊपर प्लास्टिक की कई सौ लीटर की टंकी रक्खी है तेज धूप और बारिश के कारण प्लास्टिक टंकी गलकर टूट चुकी है लेकिन अधिकारी अपनी नाकामी छुपाने में जुटे है सरकार के इस जल मिशन से कालोनी निवाशियो को अधिकारी दूर रखे है जिससे लाखो रुपए के प्लास्टिक टंकी बर्बाद हो चुकी है।

## सेंट्रल स्टेशन पर नार्थ सेंट्रल रेलवे एम्प्लाइज संघ ने निजीकरण और न्यू पेंशन स्कीम के तहत किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

NORTH CENTRAL RAILWAY MEN'S UNION NCRMU

कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर गुरुवार को नॉर्थ सेंट्रल एम्पलाइज संघ ने धरना प्रदर्शन किया। उनकी मांगें रहीं कि रेलवे में निजीकरण का दायरा बढ़ता जा रहा है। इसलिए सैकड़ों कर्मचारी परेशान हो रहे हैं। नई पेंशन स्कीम में कर्मचारियों को कई नुकसान हैं। ऐसे कर्मचारी जो काफी समय से संविदा पर काम कर रहे हैं। उनको नियमित नहीं किया जा रहा है। लंबे समय से पड़े हुए रिक्त पदो को जल्द भरा जाए। पेंशन बहाली की मांग को लेकर नार्थ सेन्ट्रल रेलवे मेन्स यूनियन के पदाधिकारियों ने ड्राइवर और गार्ड लॉबी पर जमकर विरोध-प्रदर्शन किया। रेल कर्मियों ने केंद्र सरकार के विरोध में नारेबाजी की। मांग पूरी न होने तक समय-समय पर विरोध-प्रदर्शन करने की चेतावनी भी दी। प्रदर्शन के दौरान एनसीआरएमयू के कई पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## बिल्हौर आबकारी गोदाम के किनारे किनारे वर्षों से कब्जेदारों ने दुकानें हटाई

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह

**हर दुकानदार अपनी दुकान हटाते परिवार सहित पूरे दिन रोते नजर आए**

**बिल्हौर।** बिल्हौर तहसील के समीप ककवन रोड पर रेलवे फाटक 64 नंबर के समीप आबकारी गोदाम की जमीन पर 50 वर्षों से अधिक पुराने दुकानदार हैं दुकानदारों का क्या होगा दुकानदार आपस में बातें करते-करते थकते नहीं थे । आखिरकार इतने दिनों तक जमी जमाई दुकानदारी अब कहां पर रखेंगे जाकर अब सड़क के किनारे कहीं पर जगह भी नहीं है दुकानदारों ने बताया कि तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर हमें भी इसमें आगे दुकाने बनाई जाएं हमें भी किराए पर दी जाएं इसकी बात अधिकारियों से रखेंगे। सबसे पुराने दुकानदार मनफूल होटल के नाम से चाय और समोसे की मशहूर दुकान थी उनके संचालक राम जी राठैथ ने बताया कि वर्षों से हमारे पिता और चाचा दुकान रख के चलाते थे उस समय यहां पर कोई भी दुकान नहीं थी धीरे-धीरे लगभग 20 दुकान के खोखे रखकर सभी लोग अपने परिवार का भरण पोषण करते थे हम लोग आखिरकार दुकानदार से शालीनता से अपना जीवन और परिवार का भरण पोषण करते रहे हैं। आज यह अचानक स्थिति आ गई है एकाएक कहां पर हम लोग अपनी दुकानदारी करेंगे आगे उन्होंने बताया ग्रेजुएशन करने के बाद मैंने कहीं नौकरी करने के बजाय पिता का स्वास्थ्य ठीक ना होने की वजह से उन्ही के काम में हाथ बटाने लगा और दोनों भाई दुकान में ही कारीगरों की जगह काम करते रहे अब यह सोचना भी कठिन है कि कहां पर हम दुकान रख पाएंगे इतनी पूंजी भी नहीं है कि सड़क के किनारे जगह लेकर दुकान बनाकर दुकानदारी कर सकें अभी फिलहाल में सामान उठाकर दूर एक जगह किसी के प्लांट में रखवा दिए हैं।

# विकास कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**



वृहस्पतिवार को सीएम डैशबोर्ड पर प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार शासन के सर्वोच्च विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने अपने विभाग की योजनाओं कार्यक्रमों के लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में अवश्य पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता कदापि न बरती जाये।

डीएम ने शासन के विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की विभागवार, योजनावार समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के अन्तर्गत चिकित्सकों, दवाओं की उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, टीकाकरण आदि, पंचायती राज विभाग, समाज कल्याण के अन्तर्गत छात्रवृत्ति योजना, वितरण, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पेंशन योजना, वित्तीय दिव्यांगजन सशक्तीकरण पेंशन योजना प्रोबेशन विभाग की योजना,ग्राम विकास के अन्तर्गत मुख्यमंत्री समग्र ग्राम विकास योजना मुख्यमंत्री आवास योजना राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन, खाद्य एवं रसद के अन्तर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्य वितरण की प्रगति के बारे में जानकारी ली तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं के लक्ष्यों को समय से पूर्ण करें। उन्होंने समीक्षा बैठक में लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत जनपद में सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त किये जाने आदि,विद्युत विभाग की समीक्षा में सरकार की मंशानुरूप रोस्टर के अनुसार विद्युत अपूर्ति, ग्रामों का ऊर्जीकरण ट्रान्सफार्मरों का प्रतिस्थापन,कृषि विभाग के अन्तर्गत खाद व बीज की उपलब्धता एवं वितरण ग्राम विकास के अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, बाल विकास एवं पुष्टाहार आदि की योजनाओं की गहन समीक्षा की।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जन कल्याणकारी योजनाओं कार्यक्रमों से लाभांवित लाभार्थियों का सत्यापन भी कराया जाये। इसके साथ ही उन्होंने आईजीआरएस, मुख्यमंत्री पोर्टल, जनता दर्शन एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का भी समय सीमा के अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने एवं संबंधित शिकायतकर्ता को संतुष्ट करने का निर्देश दिया।

डीएम ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विभाग से संबंधित अधीनस्थ कार्यालयो का प्रत्येक माह निरीक्षण करें और निरीक्षण आख्या उपलब्ध कराएं साथ ही सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित सभी योजनाओं में विशेष प्रयास कर रैंकिंग में सुधार लाएं। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की रैंकिंग खराब होगी उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी डीएन सिंह सहित अन्य विभागों के अधिकारी गण मौजूद रहे।

## चोरी की 20 बोरी खाद के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | तिलोई, अमेठी**



पुलिस अधीक्षक अमेठी डॉ इलामारन जी के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में उ.नि. वीरेन्द्र कुमार राय थाना इन्हौना मय टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर महेन्द्रा पिकअप सवार अभियुक्त विमल कुमार दूबे पुत्र प्रेम कुमार दूबे नि.उतेलवा थाना कमरौली जनपद अमेठी उम्र लगभग 25 वर्ष को सेखन गांव मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। महेन्द्रा पिकअप वाहन के कागज मांगने पर दिखा न सके। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से महेन्द्रा पिकअप वाहन सं यूपी36टी 8762 से 20 बोरी डीएपी खाद बरामद हुई। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि रात में मैने अपने भाई अमन कुमार दुबे, शिवम कुमार दूबे व भांजे सत्यम पाण्डेय के साथ मिलकर भट्टे का पुरवा में एक बीज की दुकान का शटर तोड़कर उक्त खाद की बोरी चोरी की थी। थाना इन्हौना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## किसान दिवस में सुनी गई शिकायतें, किया गया निस्तारण

**श्रीअन्न के उत्पादन और लाभ के बारे में दी गई जानकारी**

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**



जिला विकास अधिकारी की अध्यक्षता में तिलोई विकास खण्ड के सभागार में बृहस्पतिवार को किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना शामिल हुए। तथा किसान दिवस का शुभारम्भ डॉ.लाल बहादुर यादव, उप कृषि निदेशक द्वारा किया गया।

उन्होंने बताया कि किसान दिवस में कृषि वैज्ञानिक आर.के.आनन्द द्वारा किसानों को श्रीअन्न के उत्पादन एवं उसके लाभ के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही सहायक आयुक्त एवं निबन्धन सहकारी समितियां जनपद अमेठी द्वारा किसानों को धान क्रय केन्द्र के सम्बन्ध में सीवीओ, सीएमओ, जिला उद्यान अधिकारी, सहायक अभियन्ता नलकूप सिंचाई द्वारा विभाग में संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में किसान दिवस में उपस्थित किसानों को अवगत कराया गया।उन्होंने बताया कि किसान दिवस आयोजन के साथ-साथ खण्ड विकास अधिकारी तिलोई कार्यालय के परिसर में पीएम किसान कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर किया गया।लगभग 100 किसानों द्वारा किसान दिवस में प्रतिभाग किया गया।

इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि प्रतिभाग करने वाले किसानों द्वारा उद्यान विभाग, विद्युत विभाग, कृषि विभाग एवं चिकित्सा सहित अन्य विभागों के सम्बन्ध में शिकायत दर्ज करायी गयी। जिसके क्रम में जिला विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि किसानों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण तत्काल कराया जाय जाएगा।

**जिम्मेदार बने अनजान**

## सड़कों पर दौड़ रहे लकड़ी से लदे वाहन

**जन एक्सप्रेस | राजेश पाल**

**बाजार शुक्ल, अमेठी।** कस्बे से गुजरते लकड़ी से लदे व माल ढोने वाले वाहनों की ओवरलोडिंग एक बहुत बड़ी समस्या है। क्षेत्र में ऐसे ओवरलोड वाहन सरेआम बिना किसी डर के सड़कों पर दौड़ते देखे जा रहे हैं। इन पर कोई नकेल नहीं कसी जाती जबकि पुलिस की आंखों के सामने दौड़ते ये लकड़ी से लदे ओवरलोड लोगों के लिए उनकी जान का खतरा बने हुए देखे जाते हैं। ओवरलोड वाहन लोगों को तो नजर आ जाते हैं लेकिन पुलिस को क्यों नहीं दिखाई देते? यह एक बड़ा सवाल है। ओवरलोडिंग के चलते क्षेत्र में आए दिन कोई न कोई बड़ा हादसा देखा या सुना जाता है। लेकिन इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती और न ही इनसे कोई सबक सीखा जाता। इसमें समाज और पुलिस दोनों बराबर के जिम्मेदार हैं। क्योंकि आम लोग इसके खिलाफ आवाज नहीं उठाते और पुलिस अधिकारी या आरटीओ डिपार्टमेंट इनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं करता। यहीं कारण है कि यह ओवरलोड वाहन बिना किसी डर के सड़कों पर दौड़ते हैं।



**क्षेत्र वासियों का आरोप**

लकड़ी से लदी ट्रॉली भट्ठों से ईंट मार्केटिंग मालवाहक ट्रांसपोर्ट सब्जी वाले हों या गन्ने से लदे वाहन सबसे ज्यादा ओवरलोड होकर चलते हैं। वहीं ऑटो चालक भी ज्यादा सवारियां लादकर कर चलते हैं और ऑटो चालक के पास सीधा देखने के अलावा कोई दूसरा विकल्प नहीं होता। पीछे से या साइडों से आने वाले वाहन उन्हें दिखाई नहीं देते। इस कारण यह ऑटो चालक एकदम ऑटो को कहीं भी मोड़ देते हैं और बिना देखे कहीं भी ब्रेक मार देते हैं। छोटा हाथी हो या फिर सामान ढोने वाली जीप सभी कम समय में ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में ओवरलोड होकर चलते हैं। इसकी तरफ प्रशासन की ओर से ध्यान देने की जरूरत है। ओवरलोडिंग में शामिल ऐसे वाहन चालकों को ओवरलोड रोकने वाले महकमों का पूरा संरक्षण मिल रहा है और इसके एवज में उनकी चांदी कट रही है। जिससे उनके द्वारा ओवरलोडिंग में शामिल वाहनों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। जिसको लेकर जनता में बेहद आक्रोश व्याप्त है।उन्होंने उच्च अधिकारियों से ओवरलोडिंग में लिप्त वाहनों के खिलाफ ठोस कार्रवाही किए जाने की मांग की है।

## माटीकला टूल किट्स, दोना पत्तल एवं पॉपकार्न मशीन इंटरव्यू 24 को

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी महेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि माटीकला के परम्परागत कामगारों हेतु निःशुल्क विद्युत चलित चाक के चयन हेतु मुख्य विकास अधिकारी, अमेठी की अध्यक्षता में 23 सितम्बर को विकास भवन सभागार में पूर्वान्ह 11 बजे से साक्षात्कार किया जायेगा। तथा दोना-पत्तल व पॉपकार्न मेकिंग मशीन लाभार्थियों के चयन हेतु साक्षात्कार तेईस को जिला ग्रामोद्योग कार्यालय सैंठा रोड गौरीगंज में अपरान्ह 3 बजे किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि समस्त कामगारों को जिन्होंने माटीकला टूल किट्स, दोना पत्तल एवं पॉपकार्न मेकिंग मशीन हेतु कार्यालय में आवेदन पत्र जमा किया है, ऐसे अभ्यर्थियों को सूचित किया है, निर्धारित तिथि को साक्षात्कार में समय से उपस्थित हों। अनुपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

## वेतन ना मिलने से स्वास्थ्य कर्मी करेंगे आंदोलन, मरीजों को हो सकती है भारी दिक्कत

**जन एक्सप्रेस | सुलतानपुर**

स्वाशाषी राज्य मेडिकल कॉलेज /जिला अस्पताल के कर्मचारियों में अब उबाल जैसी स्थिति दिखाई दे रही है। वजह साफ है अस्पताल के डॉक्टर, फार्मासिस्ट, स्टाफनर्स सहित अन्य कर्मचारियों को धीरे-धीरे तीन माह होने जा रहा है, उन्हें वेतन नही मिला। वेतन क्यूं नही मिला ये सवाल अनसुलझा नही बल्कि बडी लापरवाही है, कर्मचारियों में आक्रोश इस बात का है कि अब उनके बच्चे स्कूल की फीस, ट्यूशन, लोन पर ली गई चीजों की मासिक किस्तों का तकादा उनके दरवाजे दस्तक देने लगा है और उनकी मजबूरी है कि उन्हे उनकी ही मजदूरी यानि वेतन नही मिल रही है।

वेतन की बाट जोह रहे कर्मचारियों का सब्र अब जवाब दे रहा है, वृहस्पतिवार को कर्मचारी संगठनों ने बैठक कर निर्णय लेते हुए प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ.सलिल श्रीवास्तव को मांगपत्र सौंपा। जिसमें उन्होंने 4 अक्टूबर से प्रातः 8 से 10 बजे तक कार्य वहिष्कार करने का फैसला लिया है। उक्त संबध में प्राचार्य डॉ. सलिल श्रीवास्तव से बात करने पर उन्होंने बताया कि कर्मचारियों का वेतन अतिशीघ्र दिलाए जाने के लिए शासन स्तर पर पत्राचार किया जा रहा है। हमारा पूरा प्रयास है कि कर्मचारियों का वेतन जल्द दिलाया जाए। कर्मचारी संगठन की बैठक में अध्यक्ष ओम प्रकाश, महामंत्री लक्ष्मण स्वरूप श्रीवास्तव, वरि. उपाध्यक्ष डॉ.केके तिवारी, कोषाध्यक्ष विनोद यादव सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे। सूत्रो की माने तो समय से वेतन ना मिलने की समस्या कर्मचारियों के लिए बड़ी समस्या बन गई है। जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज बनते ही डॉक्टर से लेकर कर्मचारियों पर काम का बोझ तो बढ़ा है, पर उनकी समस्याओं से मेडिकल कॉलेज प्रशासन गंभीर कम ही दिखाई दे रहा है।

### फास्ट फॉरवर्ड

#### व्यापार मंडल चौहान गुट ने प्रांतीय अध्यक्ष के नेतृत्व में नवागंतुक जिलाधिकारी से की शिष्टाचार भेंट

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट के प्रांतीय अध्यक्ष जी0सी0 सिंह चौहान के नेतृत्व में पदाधिकारियों के साथ जनपद रायबरेली की नवागंतुक जिलाधिकारी हर्षिता माथुर से शिष्टाचार भेंट की और जनपद के विकास कार्य के सर्वांगीण विकास हेतु भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। प्रांतीय अध्यक्ष जी0सी0 सिंह एवं पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से जिलाधिकारी हर्षिता माथुर को पगड़ी, शाल व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री सरदार अवतार सिंह मोंगा, प्रदेश मीडिया प्रभारी एसके सोनी, जिला मीडिया प्रभारी इम्तियाज खान, अमित फौजी, मो0 आरिफ, वसीम खान, नगर अध्यक्ष आशीष, सूची व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार विश्वकर्मा, सचिव भोला शर्मा, मीडिया प्रभारी रमाशंकर शुक्ला, जिला सचिव राजेश कुमार सोनी व भोला शुक्ला, कंचन देवी, सरवरी, सुब्रतान, अब्दुल रहीम खां सहित अन्य पदाधिकारी व व्यापारीगण मौजूद रहे।

#### कैम्प लगाकर 25 निर्माण श्रमिकों का हुआ पंजीयन

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** श्रम विभाग उ0प्र0 के अन्तर्गत उ0प्र0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत निर्माण श्रमिकों के पंजीयन एवं नवीनीकरण तथा बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने हेतु जनपद रायबरेली में निर्माणाधीन सरकारी भवन (बैरक) 25वीं वाहिनी पी0ए0सी0 रायबरेली में कैंप लगाया गया, जिसमें 25 निर्माण श्रमिकों का पंजीयन कराया गया तथा उपस्थित श्रमिकों को बोर्ड द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। इस कैंप में उपस्थित श्रमिकों को प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अन्तर्गत पंजीयन कराने हेतु प्रेरित किया गया और इस योजना की जानकारी दी गई तथा पम्पलेट भी वितरित किये गये। सहायक श्रमायुक्त आर0एल0 स्वर्णकार ने पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से अपील की है कि वह समय समय पर अपना नवीनीकरण कराते रहें और जिन निर्माण श्रमिकों का गोल्डन कार्ड की लिस्ट में नाम हो वह अपना गोल्डन कार्ड अपने नजदीकी जन सुविधा केन्द्र में जाकर अनिवार्य रूप बनवा लें। इस मौके पर राकेश कुमार पाल, श्रम प्रवर्तन अधिकारी रायबरेली मौजूद रहे।

#### जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित विभागों का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट स्थित विभागों के पटलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित कर्मचारी और विभागाध्यक्षों को निर्देश दिये कि जो भी कमियां हैं उसे दूर कर लिया जाए। पंद्रह दिन के अंदर पुनः निरीक्षण किया जाएगा। किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने सभी पटलों पर जाकर रजिस्टर व पत्रावलियों का अवलोकन किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि सभी विभागाध्यक्ष अपने कार्यालय में साफ-सफाई की उचित व्यवस्था बनाकर रखें और जन समस्याओं का जल्द से जल्द निपटारा करने का प्रयास करें। जन समस्याओं का निपटारा करते समय उनकी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रफुल्ल त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) पूजा मिश्रा, नगर मजिस्ट्रेट प्रकाश चन्द्र सहित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

#### विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर संपन्न

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायाधीश रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा निर्देशन में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन तहसील सलोन के नगर पंचायत नसीराबाद के अन्तर्गत राय साहब के सहन भूमि प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मा0 अपर जिला जज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली उमाशंकर कहार के द्वारा शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को उनके विधिक अधिकार बताये गये तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सेवाओं से अवगत कराया गया। सचिव द्वारा गांव की महिलाओं को भी उनके अधिकारों के बारे में बताया गया कि महिलाओं को घरेलू हिंसा से सुरक्षा का अधिकार है। किसी भी महिला को रात के समय नहीं गिरफ्तार किया जा सकता है हर महिला को मुफ्त कानूनी सहायता का अधिकार है और महिलाएं संपत्ति में बराबरी का हक रखती है। उक्त कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक नसीराबाद रामलखन पटेल, समाजसेवी अभिषेक राय, मुख्य सेविका सुमित्रा, सभासद एजाज अहमद, पराविधिक स्वयंसेवक पूनम सिंह, नीरज कुमारी, पवन कुमार श्रीवास्तव, अजय कुमार बाजपेयी, आशीष भटनागर, रितुल कुमार वैश्य, दीपक कुमार यादव, प्रशांत कुमार बाजपेयी व प्रदीप यादव तथा भारी संख्या में क्षेत्र के निवासी विधिक साक्षरता शिविर को सुनने हेतु उपस्थित हुए।

#### प्रेमी जोड़े को पेड़ से बांधकर दी गयी तालिबानी सजा

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** मामला सरेनी थानाक्षेत्र के कोहरू मजरे रालपुर गांव से सामने आया है. बताया जा रहा है कि, पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को संज्ञान में लिया है और जांच शुरू कर दी है, पुलिस छानबीन में पता चला है कि कुछ ग्रामीणों ने मिलकर एक युवक और युवती को पेड़ से बांध कर पीटा है, दोनों एक-दूसरे से प्यार करते थे, इसकी जानकारी उनके घर वालों को हुई और इसी के बाद दोनों को पेड़ से बांधकर पीटा गया। वीडियो को संज्ञान में लेकर प्रभारी निरीक्षक सरेनी द्वारा पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर जानकारी की गई तो पता चला कि घटना 19 सितंबर 2023 की हैं। लड़का-लड़की अपने घर के पास ही बात कर रहे थे तभी परिजनों द्वारा देख लिया गया तथा आवेश में आ करके दोनों को पेड़ से बांधकर उनके साथ मारपीट की गयी। थाना सरेनी पुलिस द्वारा मारपीट करने वाले एक व्यक्ति अरविन्द उर्फ ननकऊ पुत्र सहदेव उम्र-42 वर्ष को चिन्हित कर हिरासत में लेकर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था, जिनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी इसके साथ ही 10-12 अज्ञात के विरूद्ध मामला संबंधित थाने पर दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

उत्तर रेलवे
ई- ऑक्शन सूचना
आज़ादी का अमृत महोत्सव
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से सम्बंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ-उ०रे०-मण्डल- वाणिज्य / उ०रे० |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 14511-SLR-F2-PYGS-SRE-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.09.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.10.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.10.2023 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 22417-SLR-F2-BSB-NDLS-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.09.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.10.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.10.2023 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 14205-SLR-F2-AYC-DLI-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.09.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.10.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.10.2023 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 22417-SLR-R1-BSB-NDLS-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.09.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.10.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.10.2023 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं० / लॉट सं० | 22184-SLR-F2-AYC-LTT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21.09.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 06.10.2023 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 06.10.2023 at 13:10 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

No. C/SLR Leasing Contract-2019/KS Date :- 21.09.2023 2941/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## पापियों का विध्वंस करने के लिए ही राम का अवतरण हुआ: रमेश भाई शुक्ला

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**



राम रस अमृत महोत्सव कार्यक्रम में चल रहे भव्य श्रीराम कथा के चौथे दिवस महराज रमेश भाई शुक्ला ने भगवान श्रीराम के अवतार की कथा के पश्चात वशिष्ठ मुनि को नामकरण कराने का जब निमन्त्रण मिला तो वे नाच उठे। वशिष्ठ मुनि ने ही 'राम' का नाम रखा, उन्हे भले ही आभास था कि इनके नाम अनेक है पर चारों भाइयों के रामनाम की व्याख्या करते हुए कहा कि जिसके दिव्य हाथों से राक्षसों का नाश होगा वह राम है। भरत को विश्व भरण करने वाले, विष्णु के अवतार में, शेषनाग के रूप में लक्ष्मण, तथा शत्रुओं का नाश करने वाले शत्रुघ्न का नाम दिया। पहले राम सहित चारों भाइयों का जनेऊ संस्कार हुआ उसके बाद शिक्षा ग्रहण करने अपने गुरु वशिष्ठ के गुरुकुल में अध्ययन करने गये।

चैथे दिवस में चल रहे 11 दिवसीय श्री राम कथा के अमृत महोत्सव में राम अवतार कथा श्रवण कराने के पूर्व व्यास पूजन कराया। राम कथा के मानस मर्मज्ञ पंडित रमेश भाई शुक्ला ने राम कथा का रसपान कराते कहा कि समस्त विद्याओं का ग्रहण करते समय भगवान श्री राम मानस के अनुसार 'प्रात काल उठ के रघुनाथा, माता-पिता गुरु नावहिं माथा, एक सामान्य मानव को संस्कार में रहने की शिक्षा देते हुए ज्ञान का बोध कराया है। जिसे हम सभी को अपने बच्चों में यह संस्कार देने की जरूरत है जो धीरे-धीरे लुप्त होती दिख रही है यह जिम्मेदारी सभी माता-पिता के ऊपर है। एमजीएस मैदान स्थित पंडाल में बह रही भक्तिभाव के रसधार में डुबकी लगाई।

श्री राम कथा के संयोजक पंडित निर्मल शास्त्री ने पंडाल में पहुंचे श्री राम भक्तों का अभिवादन करते हुए कहा 17 सितंबर से चल रहे यह राम कथा सायं 4 बजे से 8 बजे तक प्रतिदिन आगामी 27 सितंबर तक चलेगा। भक्त कथा विसर्जन के बाद पंडाल में भोजन प्रसाद लेकर ही जायें।

## तहसील में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश, सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस | बल्दीराय/सुलतानपुर**



तहसील न्यायालय की विभिन्न अदालतों में मनमानी व अनियमितता को लेकर अधिवक्ताओ ने बैठक कर रोष जताया।

उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देकर खामियो को जल्द दूर न करने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

गुरुवार को परिसर स्थित बार एशोसिएशन की बैठक आहूत की गई। बैठक में अधिवक्ताओ द्वारा एक स्वर में अदालतों में की जा रही मनमामी व आउटसाइडरों द्वारा महत्वपूर्ण दस्तावेजों के रख-रखाव में लापरवाही, राजस्वकर्मियों द्वारा समय से रिपोर्ट न देने, अदालती कार्यो में खामियो को लेकर नाराजगी जताई। बार एशोसिएशन अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने कहा कि अधिवक्ता समाज का अंग होता है। लोग न्याय की आशा से हमारे पास आते है। इस तरह की खामिया गम्भीर है जिन्हें दूर न करने पर अधिवक्ता समाज सोमवार को बैठक कर रणनीति तैयार करेगा। उन्होंने बड़ी संख्या में अधिवक्ताओ का हस्ताक्षर युक्त बिंदुवार ज्ञापन देकर समस्याओ को दूर करने की मांग की है। उपजिलाधिकारी बल्दीराय विदुषी सिंह ने बताया कि अधिवक्ताओ की मांग का निराकरण जल्द करा दिया जायेगा।

इस मौके पर बार एशोसिएशन अध्यक्ष मनोज सिंह, महासचिव ध्रुव राज पांडेय, कोषाध्यक्ष अनिल यादव, उपाध्यक्ष बद्री नाथ शुक्ला, वरिष्ठ अधिवक्ता राम सुमिरन वैश्य, जगदीश धर दुबे, द्वारिका यादव, कृपा शंकर पाठक, कृष्ण कुमार तिवारी, इन्द्र पाल तिवारी, अजय कुमार सिंह, अजय दूबे, राधेश्याम श्रीवास्तव, राजेश सिंह, संजय सिंह, पवन दुबे, प्रदीप पांडेय, धर्मेंद्र सिंह, आशीष सिंह, अविनाश तिवारी, अखिलेश पाठक, गिरिजा शंकर यादव, बृजेश, सर्वोदय सिंह, अफजल अहमद, श्रीकांत दुबे, आनंद तिवारी, अनफाल अहमद, शिव नारायण आदि सम्मानित अधिवक्तागण मौजूद रहे।

लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । लखनऊ । शुक्रवार । 22 सितंबर 2023



**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |
| कानपुर | 40°C | 30°C |
| देहरादून | 28°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 40°C | 30°C |

## लखनऊ नगर निगम, लखनऊ

लालबाग, टी.एन. रोड, लखनऊ – 226001 (उ.प्र.)
ई–मेल nnlko@up.nic.in, टेली–फैक्स 0522–2622440

संख्या 114 / मु.अ. / 23–24 — दिनांक 18.09.2023

### अल्पकालिक निविदा सूचना

नगर निगम लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु 04.10.2023 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र 03.10.2023 तक अपरान्ह 2 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है या नगर निगम की वेबसाइट lmc.up.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा दिनांक 04.10.2023 को अपरान्ह तीन बजे तक जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मण्डलायुक्त लखनऊ के कार्यालय कक्ष में तथा मुख्य अभियन्ता के कार्यालय कक्ष में रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को 04.10.2023 को अपरान्ह 4 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार समक्ष अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वयं का कम्प्यूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

| क्र सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि रु. में | धरोहर धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18% जी.एस.टी. | कुल निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चित्रगुप्त नगर वार्ड के अन्तर्गत सुभाष नगर में अस्थाना गोदाम से पीपल के पेड़ तक इंटरलाकिंग व नाली का पुर्ननिर्माण कार्य। | 841140.00 | 84114 | 2 माह | 841 | 151 | 992 |
| 2 | चित्रगुप्त नगर वार्ड के अन्तर्गत सुभाष नगर में पाण्डेय जनरल स्टोर से शिव कुमार शुक्ला के मकान होते हुए सुधाकर उपाध्याय के मकान तक इंटरलाकिंग व नाली का पुर्ननिर्माण कार्य। | 843379.00 | 84338 | 2 माह | 843 | 152 | 995 |
| 3 | सरोजनी नगर प्रथम वार्ड के अन्तर्गत दरोगा खेड़ा में अयोध्या वर्मा के घर से श्री फौजदार के घर तक इंटरलाकिंग व नाली का नवनिर्माण कार्य। | 805885.00 | 80589 | 2 माह | 806 | 145 | 951 |
| 4 | सरोजनी नगर प्रथम वार्ड के अन्तर्गत दरोगा खेड़ा में शिवलाल के मकान से दयाशंकर के घर होते हुए मंदिर तक इंटरलाकिंग व नाली का नवनिर्माण कार्य। | 784698.00 | 78470 | 2 माह | 785 | 141 | 926 |
| 5 | सरोजनी नगर प्रथम वार्ड के अन्तर्गत अमौसी में श्री फूलचन्द के मकान से रंजीत के घर तक इंटरलाकिंग व नाली का पुर्ननिर्माण कार्य। | 726760.00 | 72676 | 2 माह | 727 | 131 | 858 |
| 6 | मल्लाही टोला प्रथम वार्ड में जनरैलगंज मोहल्ले में दिनेश सिंह उर्फ चौबे वाली गली में नाली एवं इण्टरलाकिंग का कार्य। | 714734.00 | 71473 | 2 माह | 715 | 129 | 844 |
| 7 | मल्लाही टोला प्रथम वार्ड में जनरैलगंज में आदर्श पटेल स्कूल होते हुए सुनील श्रीवास्तव के मकान होते हुए ठाकुर के मकान तक नाली एवं इंण्टरलाकिंग का कार्य। | 545682.00 | 54568 | 2 माह | 546 | 98 | 644 |
| 8 | हैदरगंज तृतीय वार्ड के अन्तर्गत डिप्टी खेड़ा में हरिचन्द्र यादव के मकान से सुनील यादव के मकान तक नाली व सड़क का कार्य। | 838564.00 | 83856 | 2 माह | 839 | 151 | 990 |
| 9 | बालागंज वार्ड के अन्तर्गत हरी नगर में राहुल के घर के पास वाली गली में सड़क सुधार कार्य। | 826356.00 | 82636 | 2 माह | 826 | 149 | 975 |
| 10 | दौलतगंज वार्ड के अन्तर्गत तरन्नुम खलन रौजा बिहार के मकान से लुमान अख्तर तक नाली व सड़क का निर्माण कार्य। | 834942.00 | 83494 | 2 माह | 835 | 150 | 985 |
| 11 | मल्लाही टोला प्रथम में हरदोई रोड से रिलांइस ट्रेडर्स से नाले तक इंटरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 797891.00 | 79789 | 2 माह | 798 | 144 | 942 |
| 12 | बालागंज वार्ड के अन्तर्गत बरी रोड मुख्य मार्ग से मनसुख पाल वाली सड़क का सुधार कार्य। | 839245.00 | 83925 | 2 माह | 839 | 151 | 990 |
| 13 | शीलतादेवी वार्ड एल.डी.ए. कालोनी में पाथवे, रेलिंग का कार्य | 816275.00 | 81628 | 2 माह | 816 | 147 | 963 |
| 14 | हुसैनाबाद वार्ड में हाता सितारा बेगम में श्री रमेश चन्द्रा के मकान से श्री रवि कुमार के मकान के सामने पार्क के चारो तरफ सड़क सुधार कार्य। | 669826.00 | 66983 | 2 माह | 670 | 121 | 791 |
| 15 | शीतला देवी वार्ड में एल.डी.ए. कालोनी में दिनेश प्रताप तक सड़क निर्माण / मरम्मत का कार्य। | 828145.00 | 82815 | 2 माह | 828 | 149 | 977 |
| 16 | शीतलादेवी वार्ड के अन्तर्गत एल.डी.ए. कालोनी में आर.के. अस्थाना के घर के सामने पार्क में पाथ–वे का निर्माण कार्य। | 823739.00 | 82374 | 2 माह | 824 | 148 | 972 |
| 17 | हैदरगंज द्वितीय वार्ड के मायापुरम में सिद्धार्थ ग्लोबल स्कूल से सुनील गुप्ता के मकान तक सड़क एवं नाली का निर्माण कार्य। | 838923.00 | 83892 | 2 माह | 839 | 151 | 990 |
| 18 | बालागंज वार्ड के अन्तर्ग हरी नगर मुख्य मार्ग पर नाला पुलिया मरम्मत का कार्य। | 843481.0 | 84348 | 2 माह | 843 | 152 | 995 |
| 19 | दौलतगंज वार्ड में विजय श्रीवास्तव के मकान से न्यू पजावा निकट नटवीर बाबा पुलिया के नीचे से शहबाज के मकान तक कच्चे व जर्जर नाले का निमार्ण कार्य। | 838100.00 | 83810 | 2 माह | 838 | 151 | 989 |
| 20 | शीतला देवी वार्ड एल.डी.ए. कालोनी में गुड्डू मिश्रा के घर के सामने पार्क में बाउण्ड्री का निर्माण कार्य। | 820574.00 | 82057 | 2 माह | 821 | 148 | 969 |
| 21 | गढ़ीपीर खॉं वार्ड में मोहल्ला रज्जबगंज में राम नरायण के घर महेन्द्र राजपूत मण्डल अध्यक्ष के कार्यालय तक पिरिमिक्संग डामर रोड का निर्माण कार्य। | 839445.00 | 83945 | 2 माह | 839 | 151 | 990 |
| 22 | बाबू जगजीवन राम वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर–14 में म.सं.–14 / 663 के सामने पार्क के चारो तरफ सड़क नाली एवं इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 784290.00 | 78429 | 2 माह | 784 | 141 | 925 |
| 23 | शंकरपुरवा तृतीय वार्ड के अन्तर्गत विकास नगर सेक्टर–7 में भवन संख्या 7 / 562 से 7 / 572 तक सड़क निर्माण एवं इंटरलाकिंग का कार्य। | 805100.0 | 80510 | 2 माह | 805 | 145 | 950 |
| 24 | लोहिया नगर वार्ड के अन्तर्गत से.–7 में 1 / 327 से 1 / 341 तक इंटरलाकिंग फुटपाथ का निर्माण कार्य। | 761085.00 | 76109 | 2 माह | 761 | 137 | 898 |
| 25 | लोहिया नगर वार्ड के अन्तर्गत श्री कृष्ण तिवारी कार्यकर्ता / सोशल वर्कर म.नं. 6 / 548 के घर के सामने स्थित पार्क एवं जीर्णोद्धार, ओपेन जिम का निर्माण कार्य। | 457919.00 | 45792 | 2 माह | 458 | 82 | 540 |
| 26 | लोहिया नगर वार्ड के अन्तर्गत से.–5 विकास नगर में श्रीमती बीचा रानी मौर्या 5 / 193 के सामने स्थित पार्क में मरम्मत एवं सुधार कार्य। | 211297.00 | 21130 | 1 माह | 211 | 38 | 249 |
| 27 | लोहिया नगर वार्ड में म.सं. 4 / 511 के सामने स्थित पार्क में मरम्मत व पाथवे तथा गेट आदि का कार्य। | 661015.00 | 66102 | 2 माह | 661 | 119 | 780 |
| 28 | लोहिया नगर वार्ड के अन्तर्गत विकास नगर सेक्टर–6 में स्व. श्रीमती ऊषा मिश्र 6 / 65 के सामने स्थित पार्क का मरम्मत एवं सुधार कार्य। | 422254.00 | 42225 | 2 माह | 422 | 76 | 498 |
| 29 | बाबू जगजीवन राम वार्ड के अन्तर्गत से. 17 में म. सं.–17 / 1073 से म.सं.–17 / 1049 के पास तक इण्टरलाकिंग एवं नाली मरम्मत कार्य। | 805936.00 | 80594 | 2 माह | 806 | 145 | 951 |
| 30 | बाबू जगजीवन राम वार्ड के अन्तर्गत से. 14 में म. सं.–14 / 687 के सामने पार्क चारो तरफ सड़क नाली एवं इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 823377.00 | 82338 | 2 माह | 823 | 148 | 971 |
| 31 | राजा बिजली पासी प्रथम वार्ड के अनतर्गत बरखा सिटी में मौर्या जी के मकान से मंजू मिश्रा के मकान तक नाली व इंटरलाकिंग का कार्य। | 702972.00 | 70297 | 2 माह | 703 | 127 | 830 |
| 32 | विद्यावती तृतीय वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर–के महेन्द्रा कोटक बैंक के पास म.सं. के–32 के सामने पार्क का निर्माण कार्य। | 587905.00 | 58791 | 2 माह | 588 | 106 | 694 |
| 33 | राजाबिजली पासी प्रथम वार्ड के अन्तर्गत बरखा सिटी में पुष्पेन्द्र शुक्ला जी के मकान से एस.पी. पासी के मकान तक नाली व इंटरलाकिंग का कार्य। | 692962.00 | 69296 | 2 माह | 693 | 125 | 818 |
| 34 | विद्यावती तृतीय वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर–के में महेन्द्रा कोटक बैंक के बगल से म.सं. के–43 होते हुए के–83 म.सं. के–60 तक क्षतिग्रस्त सड़क का पेवर द्वारा सुधार कार्य। | 420693.00 | 42069 | 2 माह | 421 | 76 | 497 |
| 35 | राजाबिजली पासी प्रथम वार्ड के अन्तर्गत बेड़सा में अतुल मौर्या के घर से छोटे जनरल स्टोर के पास तक नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 834584.00 | 83458 | 2 माह | 835 | 150 | 985 |
| 36 | खरिका द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत सेक्टर–8 बी में राधा निकुंज पार्क से बहादुर विहार अपार्टमेंट तक सड़क का पैच द्वारा सुधार कार्य। | 213761.00 | 21376 | 1 माह | 214 | 38 | 252 |
| 37 | राजाबिजली पासी प्रथम वार्ड के अन्तर्गत बेड़सा में राजकुमार कन्नौजिया के घर से अतुल मौर्या के घर तक नाली व इण्टरलाकिंग का कार्य। | 827491.00 | 82749 | 2 माह | 827 | 149 | 976 |
| 38 | राजाबिजली पासी प्रथम वार्ड के अन्तर्गत बरखा सिटी में मिश्रा जी के मकान से दानिस के मकान तक नाली व इंटरलाकिंग का कार्य। | 678331.00 | 67833 | 2 माह | 678 | 122 | 800 |
| 39 | राजाबिजली पासी प्रथम वार्ड के अन्तर्गत बरखा सिटी में वीरेन्द्र मौर्या के मकान से दानिस के मकान तक नाली व इंटरलाकिंग का कार्य। | 714116.00 | 71412 | 2 माह | 714 | 129 | 843 |

**शर्तें**

1. निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है। न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा।
2. शासनादेश सं.–6738 / 23–7–06–176(सा.) / 06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रु. 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि और उसके ऊपर समस्त अवशेष धनराशि पर 05 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी। 10 प्रतिशत निम्न तक 0.50 प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न दर पर 1.00 प्रतिशत प्रति कम दर पर सिक्योरिटी / परफारमेन्स गारण्टी ली जायेगी।
3. शासनादेश संख्या–962 / नौ–9–2017 / 81ज / 17 दिनांक 17.10.2017 के अनुसार जी.एस.टी. का भुगतान फर्म द्वारा वास्तविक वाउचर प्रस्तुत करने के उपरान्त प्रतिपूर्ति की जायेगी।
4. आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890 / नौ–5–19–149सा. / 2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।
5. कार्य हेतु 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड पूर्ण होने के उपरान्त ही कार्य संतोषजनक पाये जाने पर जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा।

मुख्य अभियन्ता

# सावधान! लखनऊ में प्रॉपर्टी खरीदने के नाम पर कहीं हो ना जाएं ठगी का शिकार

### राजधानी में लोगों को गुमराह करके बेचे जा रहे प्लॉट और जमीन

जन एक्सप्रेस । विश्वामित्र पांडेय/ आशीष कुमार सिंह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हर व्यक्ति अपना आशियाना बनाने को बेताब है, वहीं प्रॉपर्टी डीलर इसी बात का फायदा उठाकर राजधानी में आशियाना बनाने का सपना लेकर पहुंचे लोगों को अपना निशाना बना रहे हैं। बताते चलें कि लखनऊ में आए दिन लोग प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा ठगी का शिकार हो रहे हैं, जिसका बड़ा कारण संबंधित भूमि अथवा प्रॉपर्टी के बारे में जानकारियों का अभाव और अधूरी जांच पड़ताल करके प्रॉपर्टी खरीदना है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में भी बढ़ रहा प्रॉपर्टी का गोरखधंधा

ग्राम पंचायत प्रधान व लेखपालों की मिली भगत से प्रॉपर्टी डीलर अब खेती करने योग्य उपजाऊ जमीनों पर भी बगैर अनुमति के धड़ल्ले से प्लाटिंग का काम करते नजर आ रहे हैं, यहां तक चारागाह और तालाबों की जमीन को भी अवैध कब्जा करके फ्लाटिंग का काम किया जाने लगा है।



### राजस्व अधिकारियों की लापरवाही के कारण हो रही करोड़ों की राजस्व हानि

विभिन्न तहसीलों से संबंधित राजस्व विभाग के अधिकारियों के कारनामों द्वारा राज्य सरकार को बड़े पैमाने पर राजस्व की हानि हो रही है। जहां एक तरफ सूबे के मुख्यमंत्री द्वारा ऐटीं भूमिया पोर्टल की शुरुआत करके भूमाफियाओं पर अंकुश लगाने का काम किया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ राजस्व अधिकारियों द्वारा मानक विहीन प्लाटिंग की अनुमति देकर खरीदारों की समस्या को और बढ़ावा दिया जा रहा है।

### जन एक्सप्रेस टीम जल्द करेगी बड़ा खुलासा

प्रॉपर्टी के क्रय- विक्रय में संलिप्त एवं कालाबाजारी करने वाले प्रापर्टी डीलर और राजस्व के अधिकारियों की मिली भगत का खुलासा जन एक्सप्रेस की टीम जल्द करेगी।

# आरएसएस प्रमुख लखनऊ में: राष्ट्रवाद और संघ के विस्तार होंगे अहम मुद्दे, लोकसभा चुनावों को लेकर बनेगी रणनीति

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर संघचालक मोहनराव भागवत तीन दिवसीय प्रवास पर शुक्रवार को लखनऊ आएंगे। भागवत 24 सितंबर तक संघ के अवध प्रांत की कार्यकारिणी, अवध प्रांत के सात विभागों और संघ दृष्टि से 26 जिलों की कार्यकारिणी की बैठक लेंगे। भागवत अवध में संघ के विस्तार, राष्ट्रवाद के मुद्दों को धार और हिन्दुत्व के मुद्दों पर मंथन करेंगे। लोकसभा चुनाव से पहले इस बैठक को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अवध प्रांत में 13 प्रशासनिक जिले, 26 संघ जिले, 174 खंड, 1819 मंडल हैं। वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों में 1765 और शहरी क्षेत्रों में 442 से अधिक शाखाएं संचालित हैं। शाखा के अतिरिक्त साप्ताहिक मिलन और मासिक मंडली के रूप में संघ का कार्य लगभग सभी न्याय पंचायतों तक पहुंच गया है। तीन दिवसीय दौरे में अवध प्रांत में संघ के कामकाज की समीक्षा के साथ आगामी योजना कार्ययोजना भी तैयार की जाएगी। बताया जा रहा है कि संघ शताब्दी वर्ष के मद्देनजर प्रत्येक गांव तक किसी न किसी रूप में उपस्थिति बढ़ाने के लिए गतिविधियों को विस्तार देने पर भी बात होगी। अवध प्रांत के प्रचारक कौशल कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने बृहस्पतिवार को संघ प्रमुख के दौरे से पहले सभी तैयारियों की समीक्षा की। आरएसएस प्रमुख अवध प्रांत के दौरे में कुटुंब बोधन, धर्म जागरण, ग्राम विकास, सामाजिक समरसता और गो सेवा गतिविधियों की भी समीक्षा करेंगे।



### पूर्वी क्षेत्र में भागवत का एक दौरा और होगा

जानकार बताते हैं कि सरसंघचालक भागवत और सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सभी प्रांतों में एक–एक प्रवास करेंगे। यह व्यवस्था की गई है कि जिस प्रांत में संघ प्रमुख जाएंगे उस प्रांत में सर कार्यवाह का दौरा नहीं होगा। पूर्वी क्षेत्र में अवध, काशी, कानपुर और गोरक्ष चार प्रांत है। अवध प्रांत में भागवत का दौरा शुक्रवार से हो रहा है। आगामी महीनों में भागवत किसी एक अन्य प्रांत का दौरा करेंगे। वहीं सर कार्यवाह होसबाले दो प्रांतों का दौरा करेंगे।

### संघ परिवार की समन्वय बैठक के बाद भागवत का प्रवास अहम

संघ प्रमुख के आने से पहले संघ के सह सर कार्यवाह अरुण कुमार की उपस्थिति में 19 सितंबर को संघ परिवार की समन्वय बैठक हो चुकी है। इसमें सामाजिक व राजनीतिक परिदृश्य की विस्तार से समीक्षा हुई थी। इस बैठक के एक सत्र में संघ परिवार के विभिन्न संगठनों के अलावा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी व प्रदेश संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह तथा आखिरी सत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक भी शामिल हुए थे।

## राजकीय आईटीआई के रोजगार मेला में 200 युवाओं को मिला रोजगार

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

आईटीआई, अलीगंज लखनऊ में रोजगार मेले का उद्घाटन प्रधानाचार्य राज कुमार यादव द्वारा किया गया। उनके द्वारा मेले में अभ्यर्थियों को कम्पनियों में मेहनत एवं लगन से काम करने के लिए प्रेरित किया।ट्रेनिंग काउंसलिंग एवं प्लेसमेन्ट अधिकारी एम ए खाँ ने बताया गया कि रोजगार दिवस में 600 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें 16 कम्पनियों द्वारा 200 अभ्यर्थियों को 8000 से 25,000 रुपये प्रतिमाह के वेतन एवं अन्य सुविधाओं के साथ जॉब के आफर दिये गये तथा यह भी कहा कि जो अभ्यर्थी रोजगार दिवस में चयन से वंचित रह गये है वे अभ्यर्थी 03 अक्टूबर को राजकीय आईटीआई अलीगंज, लखनऊ में होने वाले वृहद रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं जिसमें लगभग 100 कम्पनियाँ 10,000 रिक्तियों के सापेक्ष चयन करेंगी।

# साइकिल सवार तीन छात्रों को डाले ने मारी टक्कर

### स्कूल से लौटते समय हुआ हादसा, डाले के नीचे साइकिल समेत आए तीनों छात्र

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी

**बीकेटी, लखनऊ।** लखनऊ कमिश्नरेट के बीकेटी थाना क्षेत्र में एन एच 24 लखनऊ सीतापुर रोड पर तेज रफ्तार डाला ने साइकिल सवार तीन छात्रों को टक्कर मार दी। बता दें कि हादसे में तीनों छात्र डाला के नीचे आ गए। वहीं साइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी। वहीं बीकेटी फायर स्टेशन के दमकल कर्मियों ने घायल छात्र-छात्राओं को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। हादसा तब हुआ, जब तीनों छात्र स्कूल से छुट्टी के बाद साइकिल से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान मार्बल लदे डाला ने उनकी साइकिल को टक्कर मार दी। हादसे की जानकारी पाकर स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. नीरज बाबू, शिक्षक और कर्मचारियों के अलावा परिजन अस्पताल पहुंचे। बख्शी का तालाब क्षेत्र में स्थित एयर फोर्स स्टेशन के प्रांगण में स्थित केंद्रीय विद्यालय के कक्षा 9 के छात्र विनीत यादव, उसकी बहन कक्षा 8 की छात्रा निधि यादव और उसकी सहेली कक्षा 9 की छात्रा नेहा गंभीर रूप से घायल हुई हैं। तीनों छात्रों का इलाज बीकेटी के साढामऊ गांव में स्थित राम सागर मिश्र 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय में कराया जा रहा है। वहीं घायल छात्र-छात्राओं को एक घंटे बाद तक इलाज करने के लिए इमरजेंसी में ड्यूटी पर लगे डॉक्टर नहीं पहुंचे। परिजनों ने अस्पताल में मौजूद लोगों से डॉक्टर को इलाज करने को लेकर शिकायत की। वहीं सीएमएस को इसकी सूचना दी गई, तब डॉक्टर इलाज करने पहुंचे।



# यूपी में अब एक सप्ताह में बन जाएंगे आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र, सीएम ने दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश में आवेदन करने के अब एक सप्ताह की अवधि में आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे। प्रदेश सरकार ने ई डिस्ट्रिक सेवाओं के लिए निर्धारित समय सीमा में बदलाव करने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीएम कमांड सेंटर और डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिलाधिकारियों को ई डिस्ट्रिक्ट सेवाओं के लिए निर्धारित तय समय सीमा को कम करने की बात कही। शासन के अधिकारी ने बताया कि जल्द ही निर्धारित तय समय सीमा को कम करने का आदेश जारी किया जा सकता है। निर्धारित समय सीमा के बाद सेवाएं नहीं मिलने पर जिलाधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय की जाएगी। उन्होंने जिलाधिकारियों को ई डिस्ट्रिक्ट सेवाओं के निस्तारण में हीलाहवाली और लेटलतीफी करने वालों पर सख्त कार्रवाई भी करने के निर्देश दिए हैं।

### प्रमाण पत्र जारी करने में बांदा, सीतापुर और अमेठी अव्वल

आईजीआरएस की रिपोर्ट के अनुसार जाति प्रमाण पत्र के आवेदन तय समय सीमा के अंदर जारी करने में बांदा, सीतापुर और अमेठी जिला अव्वल हैं। औरैया, गाजियाबाद और लखनऊ सबसे पीछे हैं। निवास प्रमाण पत्र जारी करने में सीतापुर, बांदा और कन्नौज शामिल हैं। औरैया, लखनऊ और जालौन पीछे हैं। आय प्रमाण पत्र करने में सीतापुर, बांदा और शाहजहांपुर सबसे आगे हैं। औरैया, गाजियाबाद, कौशांबी पीछे हैं। हैसियत प्रमाण पत्र के आवेदन के निस्तारण में शामली, गाजियाबाद और हरदोई सबसे आगे हैं। जालौन, शाहजहांपुर और बलिया सबसे पीछे हैं।

# मंत्री नरेंद्र कश्यप ने की योजनाओं की समीक्षा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तीकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप ने गुरूवार को विधानसभा नवीन भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागों में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्ता को परखते हुए समयबद्ध रूप से कार्य पूरे कराये जाय। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि पिछड़ावर्ग कल्याण विभाग मे संचालित शादी अनुदान योजना में आयसीमा की तुलना अन्य विभागों में संचालित शादी अनुदान योजना से करते हुए आयसीमा एक जैसी रखी जाय। उन्होंने कहा कि एक जैसी आयसीमा होने से अधिक से अधिक पात्र पिछड़ा वर्ग के लोगों इससे लाभ पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ने के लिए रोजगार मेलों का आयोजन किया जाय। इसके लिए सम्बन्धित विभागों से समन्वय भी स्थापित किया जाय। उन्होंने कहा कि विभाग में संचालित योजनाओं से लाभाविन्त लाभार्थियों का कार्यक्रम आयोजित किया जाय। वृहद स्तर पर विभागीय कार्यक्रमों का आयोजन कर संचालित योजनाओं का प्रदर्शित किया जाय। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारियों का वर्कशाप का आयोजन किया जाय। वर्कशाप के माध्यम से विभागीय अधिकारियों से विभागीय योजनाओं में उनके फीडबैक लिये जाय।दिव्यांगजन मंत्री ने निर्देशित किया कि दिव्यांगजनों के हितों के लिए नियमित रूप से मोबाईल कोर्ट का आयोजन विभिन्न जनपदों में किया जाय। उन्होंने कहा कि मोबाईल कोर्ट के आयोजन का व्यापक प्रचार-प्रसार किया, जिससे अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने दिव्यांगजनों को दी जा रही पेंशन के बारे में जानकारी ली और निर्देशित किया कि दिव्यांगजनों को समय से पेंशन की किस्त पहुंचाने का कार्य किया जाय।

## राज्य सड़क परिवहन निगम में साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

परिवहन मंत्री के निर्देशों के क्रम में आज प्रातः 11 बजे परिवहन निगम के सभागार में परिवहन निगम के प्रबन्ध निदेशक मासूम अली सरवर, अपर प्रबन्ध निदेशक अन्नपूर्णा गर्ग की उपस्थिति में साइबर सुरक्षा विषय पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में निगम मुख्यालय के अधिकारी एवं क्षेत्रों में तैनात अधिकारियों द्वारा भी वीसी के माध्यम से प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राहुल मिश्रा साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट द्वारा वर्तमान समय में बढ़ते साइबर खतरों एवं उनके विभिन्न प्रकार से कारित होनें से अवगत कराया गया। जीएम आईटी यजुवेंद्र ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता द्वारा साइबर सिक्योरिटी फन्डामेन्टल्स आईटी एक्ट, एडवांस थ्रीट डिटेक्शन टेक्निक्स, साइबर हाइजिनन एण्ड बेस्ट प्रैक्टिसेस के विषय पर प्रतिभागियों को विस्तृत रूप से जानकारी देकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम में साइबर क्राइम की केस स्टडीस पर प्रतिभागियों के साथ चर्चा की गयी।

## यमुना एक्सप्रेस वे 4 दिन के लिए बंद, नहीं जा सकेंगे आगरा से नोएडा, हुआ डायवर्जन



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

आगरा से यमुना एक्सप्रेस वे होकर नोएडा जा रहें हैं तो ये खबर आपके लिए है। आज रात यानि 21 सितंबर से यमुना एक्सप्रेस वे पर चार दिन के लिए सभी प्रकार के वाहन बंद रहेंगे। यमुना एक्सप्रेस वे पर बसें, हल्के, मध्यम व भारी वाहन, कॉमर्शियल वाहन नहीं चल सकेंगे। अपर पुलिस उपायुक्त (यातायात) अरूण चंद्र ने डायवर्जन प्लान जारी कर दिया है। अपर पुलिस उपायुक्त यातायात अरूण चंद्र ने बताया कि कि 21 सितंबर से 25 सितंबर तक प्रस्तावित यूपी अन्तर्राष्ट्रीय ट्रेड शो एंव मोटो जीपी रेस 2023 कार्यक्रम के आयोजन को लेकर गौतमबुद्धनगर यातायात पुलिस के द्वारा रूट डायवर्जन जारी किया है। इसके साथ ही कमिश्नरेट आगरा से यमुना एक्सप्रेसवे पर जाने वाले यात्री बसें, हल्के, मध्यम और भारी मालवाहक के साथ कॉमर्शियल वाहनों को भी प्रतिबन्धित किया गया है। उन्होंने बताया कि 22 सितंबर से 25 सितंबर तक यमुना एक्प्रेसवे पर वाहनों को कमिश्नरेट आगरा के कुबेरपुर कट और खंदौली कट से एनएच 19 और वैकल्पिक मार्गो पर डायवर्ट किया जाएगा।

### भारत में पहली बार होगी मोटो जीपी रेस

दो पहिया मोटर स्पोर्टिंग रेस मोटो जीपी भारत में अपनी शुरुआत करने जा रही है। ग्रेटर नोएडा में बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में विश्वस्तरीय ड्राइवर एक दूसरे के खिलाफ टक्कर देंगे। मोटर स्पोर्ट रेस फार्मूला वन के जाने के बाद भारत में वापसी कर रही है। इस बाइक रेसिंग का आयोजन 22 से 24 सितंबर तक तीन दिनों के लिए होगा, जहां दुनियाभर के टॉप बाइक रेसर्स नजर आएंगे।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# 2024 की चुनावी लड़ाई जीतने के लिए भाजपा ने बेहद चतुराई से अपनी सांगठनिक सेना सजाई

**भाजपा ने पूरे राज्य को संगठन के लिहाज से छह क्षेत्रों में बांट रखा है। इनमें पार्टी ने सबसे ज्यादा पश्चिमी क्षेत्र से 17 जिलाध्यक्षों को बदला है। वहीं कानपुर क्षेत्र में 13 जिलों को नए अगुआ दिए गए हैं। इसी तरह ब्रज, काशी और अवध क्षेत्र के दस-दस जिलों के अध्यक्ष बदल दिए गए हैं। इस तरह गोरखपुर क्षेत्र में 09 जिलाध्यक्ष बदले गए हैं। पार्टी ने सबसे ज्यादा बदलाव पश्चिमी क्षेत्र में किया है। इस इलाके में 19 जिला इकाइयाँ हैं, जिनमें से 17 के अध्यक्ष बदल दिए गए हैं। इस इलाके में हालांकि गाज़ियाबाद महानगर व सहारनपुर जिलों के अध्यक्षों को नहीं बदला गया है।**

*लोकतंत्र में जनता सबसे ज्यादा उसे पसंद करती है, जिसकी नीतियों और लोककल्याणकारी योजनाओं को वह अपने लिए सबसे ज्यादा मुफीद पाती है। लेकिन यह सिर्फ एक पक्ष है। लोकतंत्र में जीत और हार के कई और भी कारण होते हैं। इसीलिए आज सत्ता के चयन के लिए होने वाली लोकतांत्रिक प्रक्रिया यानी चुनावों को आज युद्ध का दर्जा हासिल हो चुका है। युद्ध के लिए जिस तरह सैनिकों के मनोबल की जरूरत होती है, अच्छी रणनीति चाहिए होती है, कुछ इसी अंदाज में आज राजनीतिक दल अपने कार्यकर्ताओं का मनोबल बनाए रखने की कोशिश करते हैं और अपनी रणनीति बनाने में मशगूल रहते हैं। चुनावों में चूंकि संगठन की बड़ी भूमिका होती है, इसलिए हर दल चाहता है कि उसका जमीनी स्तर तक संगठन मजबूत रहे। उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने जिस तरह कुछ दिन पहले ही अपने करीब 71 प्रतिशत जिलाध्यक्षों को बदलकर एक तरह से संगठन को जहां चाकचौबंद करने का प्रयास किया है, वहीं वह मतदाताओं को यह संदेश देने की भी कोशिश की है कि उनकी आकांक्षाओं को भी राजनीतिक तौर पर ध्यान रखा जाएगा। भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्रियों में शिवराज सिंह चौहान के बाद योगी आदित्य नाथ दूसरे मुख्यमंत्री हैं, जिन्हें दूसरा कार्यकाल मिला है। फिर शासन का योगी मॉडल भी भाजपा शासित राज्यों में लगातार लोकप्रिय होता गया है। इसलिए योगी के सामने चुनौती है कि उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनावों में अपनी कामयाबी दिखाएं। इस लिहाज से कह सकते हैं कि लोकसभा चुनाव उनके नेतृत्व की भी परीक्षा है। शायद यही वजह है कि जिलाध्यक्षों को बदलने के लिए यह कवायद की गई। उत्तर प्रदेश के बारे में कहा जाता है कि दिल्ली की राह इसी राज्य से होकर जाती है। सिर्फ नरसिंह राव का कार्यकाल ऐसा रहा, जिसे इस कहावत के हिसाब से अपवाद कहा जा सकता है। उत्तर प्रदेश से सबसे ज्यादा यानी अस्सी सीटें आती हैं। सहयोगी दलों के साथ भारतीय जनता पार्टी के पास पिछले चुनाव में भाजपा को जहां 62 सीटें मिलीं, वहीं उसके सहयोगी अपना दल को दो सीटें मिलीं। हालांकि इसके पहले के चुनाव में भाजपा को राज्य की 73 सीटें मिली थीं। उसके पहले राज्य में भारतीय जनता पार्टी की जो स्थिति थी, उसे बेहतर भी नहीं कहा जा सकता। लेकिन संगठन और रणनीति के दम पर भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश की धरती पर कमाल किया और तीस सालों के अंतराल के बाद अपने दम पर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में कामयाब रही। भारतीय जनता पार्टी शायद ऐसा ही कमाल साल 2024 के आम चुनावों में दिखाना चाहती है। जिलाध्यक्षों के बदलाव को भाजपा की इसी कोशिश के तौर पर देखा जाना चाहिए। उत्तर प्रदेश में 98 संगठनात्मक जिले हैं, जिनमें से 29 जिलों के पुराने अध्यक्षों पर ही भरोसा किया है, जिनमें प्रधानमंत्री मोदी का संसदीय क्षेत्र वाराणसी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गृह जनपद गोरखपुर और बीजेपी के राजनीतिक सफर का शक्तिपुंज अयोध्या जनपद प्रमुख हैं। पार्टी ने इसके साथ ही वाराणसी और गोरखपुर जिलों के जिलाध्यक्षों के साथ ही महानगर अध्यक्षों को भी बनाए रखा है। माना जा रहा है कि 29 जिलाध्यक्षों पर भरोसा बनाए रखने की वजह है, वहां हुए पंचायत और नगर निगम चुनावों में पार्टी का बेहतरीन प्रदर्शन। एक तरह से कह सकते हैं कि इन जिलाध्यक्षों पर भरोसा जताकर पार्टी ने माना है कि इनकी ही अगुआई में पार्टी को अगले लोकसभा चुनाव में फिर से अपना दमखम दिखाने में मदद मिलेगी।*

## एक्सप्रेस आलेख

**चीन से देश के उस हिस्से को वापस लेने के संबंध में जिसपर चीन ने 1962 की जंग के बाद कब्जा लिया था। प्रस्ताव में कहा गया था, ये सदन पूरे विश्वास के साथ भारतीय जनता के संकल्प को दोहराना चाहता है कि भारत की पवित्र भूमि पर से आक्रमणकारी को खदेड़ दिया जाएगा। इस बाबत भले ही कितना लंबा और कठोर संघर्ष करना पड़े। इस प्रस्ताव को 14 नवंबर को पारित कर दिया। जब भी देश की पहली संसद भवन का इतिहास लिखा जायेगा तब उसमें 22 फरवरी,1994 का अवश्य उल्लेख होगा। उस दिन संसद ने एक प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित करके पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर पर अपना हक जताते हुए कहा था कि पी0ओ0के0 भारत का अटूट अंग है।**

# क्यों मोदी ने संसद पर हमले को किया याद



आर.के. सिन्हा

**भारत में इस बात की क्षमता और संकल्प है कि वह उन नापाक इरादों का मुंहतोड़ जवाब दे जो देश की एकता, प्रभुसत्ता और क्षेत्रिय अंखडता के खिलाफ हो। यही कुछ कारण थे कि प्रधान मंत्री मोदी ने 13 दिसम्बर 2001 के शहीदों को अपनी भावभीनी श्रधांजलि अर्पित कर देश की जनता की।**

भारत के संसदीय लोकतंत्र के लिये 13 दिसंबर, 2001 काला दिन था। उस दिन देश के दुश्मनों ने हमारे लोकतंत्र के मंदिर को निशान बनाया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए संसद पर हुए उस हमले का उल्लेख करके उन शूरवीरों के प्रति देश की कृतज्ञता को ज्ञापित किया जिनकी बहादुरी के कारण ही संसद भवन के अंदर आतंकी घुस नहीं सके थे। तब संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा था। उस दिन विपक्षी सांसद राज्यसभा और लोकसभा में हंगामा काट रहे थे। सदन को तत्काल 45 मिनट के लिए स्थगित कर दिया गया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी संसद से घर की ओर जा चुके थे। हालांकि, उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी समेत अन्य सांसद संसद भवन में ही मौजूद थे। तभी सफेद एंबेसडर कार से जैश-ए-मुहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के पांच आतंकी संसद भवन परिसर में प्रवेश करते हैं। भारत के दुश्मनों ने संसद भवन में दाखिल होते ही ताबड़तोड़ गोलीबारी चालू कर दी थीं। जिस दिन संसद भवन पर हमला हुआ था उस दिन दिल्ली में गुलाबी धूप खिली हुई थी। किसी ने अपने ख्वाबों में भी नहीं सोचा था कि आज संसद भवन पर हमला करने का कोई साहस करेगा। संसद भवन परिसर में धमाकों की आवाजें सुनकर लालकृष्ण आडवाणी ससंद भवन से बाहर आते हैं। तभी सुरक्षाकर्मी उन्हें रोक देते हैं, हमले की जानकारी देते हैं। इतना सुनते ही उपप्रधानमंत्री आडवाणी ससंद भवन में स्थित अपने कार्यालय में चले जाते हैं और प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को फोन करते हैं। संसद पर हुए हमले में राज्यसभा सचिवालय के सुरक्षा सहायक जगदीश प्रसाद यादव, मातबर सिंह नेगी, केंद्रीय रिजर्व सुरक्षा बल (सीआरपीएफ) की कॉन्स्टेबल कमलेश कुमारी, दिल्ली पुलिस के उप निरीक्षक रामपाल, नानक चंद, हेड कॉन्स्टेबल ओम प्रकाश, बिजेन्दर सिंह और घनश्याम तथा केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के एक माली देशराय शहीद हो गये थे। कृतज्ञ राष्ट्र इन शहीदों को सदैव याद रखेगा। इन्होंने भारत विरोधी ताकतों की कोशिशों को नाकाम कर दिया था। बेशक, यदि संसद भवन में तैनात बहादुर सुरक्षाकर्मियों ने आतंकियों का कसकर मुकाबला न किया होता तो बहुत बड़ा नुकसान हो सकता था। संसद भवन



**बेशक, यदि संसद भवन में तैनात बहादुर सुरक्षाकर्मियों ने आतंकियों का कसकर मुकाबला न किया होता तो बहुत बड़ा नुकसान हो सकता था। संसद भवन पर हुए उस हमले में सबसे पहले केंद्रीय रिजर्व सुरक्षा बल की कमलेश कुमारी यादव ने वतन के लिये अपनी जान का नजराना पेश किया था।**

पर हुए उस हमले में सबसे पहले केंद्रीय रिजर्व सुरक्षा बल (सीआरपीएफ) की कमलेश कुमारी यादव ने वतन के लिये अपनी जान का नजराना पेश किया था। कमलेश कुमारी की ड्यूटी संसद भवन के गेट नंबर एक पर थी। कमलेश कुमारी ने देखा कि एक एंबेसेडर कार डीएल3सीजे 1527 वहां से बिना उनकी अनुमति लिए संसद में तेजी से अंदर चली गई। कमलेश कुमारी को गड़बड़ नजर आई। वो भागकर अपने गेट को बंद करने लगीं और फिर उन्होंने बाकी गेटों पर तैनात अपने साथियों को सतर्क भी कर दिया। इसी दौरान चेहरे पर नकाब ओढ़े आतंकियों ने उन पर गोलियों की बौछार कर दी। उन्हें 11 गोलियां लगीं। यह 11.50 बजे की घटना है। अगर कमलेश कुमारी ने तुरंत अपने सहयोगियों को अलर्ट न किया होता तो आतंकियों को संसद भवन में बम विस्फोट करने का मौका मिल जाता। आतंकियों के पास एके-47 और हैंड ग्रेनेड थे। कहना होगा कि संसद पर हमले के कुछ पलों के भीतर ही सुरक्षा कर्मी आतंकियों से टक्कर लेने के लिये तैयार हो गये थे। तब ही एक आतंकी ने गेट नंबर-एक से संसद भवन में घुसने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षा बलों ने उसे वहीं ढेर कर दिया। इसके बाद उसके शरीर पर लगे बम में भी ब्लास्ट हो गया। फिर पहले से संसद भवन परिसर में घुस चुके तीन आतंकियों को मार दिया गया। इसके बाद बचे हुए आखिरी आतंकी ने गेट नंबर-5 की तरफ दौड़ लगाई, लेकिन वो भी जवानों की गोली का शिकार हो गया। बहरहाल, संसद हमले के दो दिन बाद ही 15 दिसंबर 2001 को अफजल गुरु, एसएआर गिलानी, अफशान गुरु और शौकत हुसैन को गिरफ्तार कर लिया गया। इन सबने संसद पर हमले की साजिश रची थी। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने अफजल गुरु को मौत की सजा सुनाई। उसे 9 फरवरी 2013 को दिल्ली की तिहाड़ जेल में सुबह 8 बजे फांसी पर लटका दिया गया। पूरे मामले की जांच के दौरान पता चला था कि अफजल ने पाकिस्तान में आतंकी ट्रेनिंग ली थी। बहरहाल, अब देश की संसद को अपना नया भवन मिल गया है। बेशक, देश आतंकवाद के खिलाफ एक साथ मिलकर जुलकर लड़ता रहेगा। जब भी देश के सामने आतंकवाद से जुड़े सवाल आयेंगे तब भारत का उत्तर कठोर ही होगा। आतंकवाद के बिन्दु पर सभी राजनीतिक दल और सारे देश की आम जनता एक हैं। कहीं कोई मतभेद नहीं है। इसके साथ ही देश चाहेगा कि नए संसद भवन में कम से कम उन दो प्रस्तावों पर अमल करने की दिशा में भी भी पहल हो जिन्हें देश की संसद ने पारित किया हुआ है। बता दें कि देश की संसद में 8 नवंबर,1962 को उस प्रस्ताव को रखा गया था जिसमें चीन से देश के उस हिस्से (अक्सईचिन) को वापस लेने के संबंध में जिसपर चीन ने 1962 की जंग के बाद कब्जा लिया था। प्रस्ताव में कहा गया था- ये सदन पूरे विश्वास के साथ भारतीय जनता के संकल्प को दोहराना चाहता है कि भारत की पवित्र भूमि पर से आक्रमणकारी को खदेड़ दिया जाएगा। इस बाबत भले ही कितना लंबा और कठोर संघर्ष करना पड़े।÷ इस प्रस्ताव को 14 नवंबर को पारित कर दिया। जब भी देश की पहली संसद भवन का इतिहास लिखा जायेगा तब उसमें 22 फरवरी,1994 का अवश्य उल्लेख होगा। उस दिन संसद ने एक प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित करके पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) पर अपना हक जताते हुए कहा था कि पी0ओ0के0 भारत का अटूट अंग है।

## एक्सप्रेस कविता

*कौन कहता है मुझे आसमान चाहिए, ना जाने किसने कह दिया कि मुझे आसमान चाहिए, मुझे तो मेरे घर के आंगन में एक छोटा सा बादल का टुकड़ा चाहिए, थोड़ी सी बारिश, थोड़ा सा पानी, थोड़ी सी इच्छा, दो रोटी नमक के साथ चटनी हो तो श्रेष्ठ है, एक अदद साथ देने वाली पत्नी, नन्हों की किलकारी, बूढ़े मां बाप की चाहत और हिदायतें, सुदूरपश्चिम का वैभव नहीं चाहिए, संदूक में नहीं चाहिए स्वर्ण आभूषण, पश्चिम का शोर नहीं चाहिए और नहीं चाहिए रूस और यूक्रेन का विश्व युद्ध, हवाई जहाज की गड़गड़ाहट टैंकों के गोलों की भारी आवाज भला किसे चाहिए, ये परमाणु विश्वयुद्ध , नहीं चाहिए, और नहीं चाहिए पूरा आकाश, मुट्ठी भर आकाश दे दो, जो मेरे गांव के आस-पास हो।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

**रोजमर्रा की छोटी-छोटी बातों में खुशियां ढूंढना सीखो, क्योंकि खुशी की बड़ी वजहें आसानी से नहीं आतीं।**



## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | सप्तमी 13:31 तक |
| नक्षत्रः | ज्येष्ठा 15:23 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | आयुष्मान, 23:47 |
| सूर्योदयः | 06:12 |
| सूर्यास्तः | 18:14 |
| चंद्रमाः | वृश्चिक राशि में |
| राहुकालः | 10:43-12:13 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्तः | 11:49-12:37 |

## जन एक्सप्रेस

### आंख था दिखाया !

*बढ़ रहा टकराव ।
आंख था दिखाया ।।
उगल रहे वो ज़हर ।
स्वार्थ है समाया ।।
है दना दन निर्णय ।
दिया है झुकना छोड़ ।।
पिस जाएगी जनता ।
जो फंसे इस मोड़ ।।
होगा करना बंद लेकिन ।
ठान लिया जो रार ।।
पर अपनी सुरक्षा पर ।
सहन नहीं प्रहार ।।
बने फिर व्यवहार ।
निकले समाधान ।।
बेमतलब का किंतु ।
क्यों छेड़ा ये तान ?*



\- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# जामुन और करेला का जूस पीने से शरीर को हो सकते हैं कई नुकसान



**डायबिटीज** समेत शरीर की कई गंभीर बीमारियों में डॉक्टर भी मरीजों को जामुन और करेले के जूस का सेवन करने की सलाह देते हैं। नियमित रूप से इसका सेवन करने से शरीर को कई फायदे भी मिलते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि करेला और जामुन का पोषक तत्वों से भरपूर जूस कुछ लोगों के लिए बहुत नुकसानदायक हो सकता है। करेले में वैसे तो डाइटरी फाइबर से लेकर विटामिन बी कॉम्प्लेक्स,फोलेट, जिंक और मैंगनीज की पर्याप्त मात्रा पायी जाती है। वहीं जामुन में भी आयरन, मैग्नीशियम, कैल्शियम, सोडियम, फास्फोरस, विटामिन सी और एंटी-ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं। इन दोनों के जूस का एक साथ सेवन करने से शरीर को कई फायदे मिलते हैं। लेकिन किसी भी चीज का गलत ढंग से सेवन करना खतरनाक हो सकता है।

**लिवर के लिए नुकसानदायक:** करेला और जामुन दोनों में ही कई तरह के एंजाइम पाए जाते हैं। करेले में मौजूद लैक्टिन नामक एंजाइम लिवर को नुकसान पहुंचा सकता है। लिवर में इसकी मात्रा बढ़ने से प्रोटीन का संचार रुक जाता है। इसकी वजह से लिवर को नुकसान पहुंचता है। अगर आप लिवर से जुड़ी किसी बीमारी से जूझ रहे हैं, तो करेले और जामुन का जूस पीने से बचना चाहिए।

**लो ब्लड शुगर में खतरनाक:** जिन लोगों का ब्लड शुगर कम रहता है, उनके लिए करेले और जामुन का जूस बहुत नुकसानदायक होता है। करेला और जामुन दोनों ही शरीर में ब्लड शुगर के स्तर को कम करने का काम करता है। इसका बहुत ज्यादा सेवन करने से भी नुकसान हो सकता है।


**पाचन तंत्र खराब होने का खतरा:** बहुत ज्यादा मात्रा में करेला और जामुन का जूस पीने से आपका पाचन तंत्र खराब हो सकता है। करेला और जामुन दोनों में मौजूद गुणों के कारण आपको डायरिया और एसिडिटी जैसी समस्याओं का खतरा रहता है। करेले में तो टेट्रासाइक्लिन ट्राइटरपेनॉइड यौगिक पाया जाता है, जो पेट में पहुंचकर उल्टी और मतली को ट्रिगर कर सकता है।

**पीरियड्स के दौरान न पिएं:** करेला और जामुन का जूस पीरियड्स के दौरान महिलाओं के लिए बहुत नुकसानदायक हो सकता है। पीरियड्स में इसका सेवन करने से ब्लीडिंग का खतरा बढ़ जाता है। यही नहीं प्रेग्नेंसी के दौरान भी करेला और जामुन का जूस पीने से बचना चाहिए।

**स्पर्म काउंट कम होने का खतरा:** बहुत ज्यादा करेला और जामुन का जूस पीने से स्पर्म काउंट कम होने का खतरा रहता है। इसलिए इसका सेवन सीमित मात्रा में ही करना चाहिए।

## एक्सप्रेस विशेष

# महिला आरक्षण पर मचेगी श्रेय लेने की होड़



डॉ. प्रभात ओझा

**आजादी के 75 साल बाद भी स्थिति यह है कि आज लोकसभा में सिर्फ 82 और राज्यसभा में 31 महिला सांसद हैं। यह संख्या क्रमशः 15 प्रतिशत और 13 प्रतिशत ही है। सवाल यह भी है कि यह आरक्षण पंचायतों में महिलाओं के प्रतिनिधित्व जैसे हाल में तो नहीं पहुंच जायेगा।**

**लोकसभा पर नजर डालें तो आज 32 महिला सांसद किसी नेता की पत्नी अथवा पुत्री ही हैं। ठीक है कि वे अपना काम स्वयं कर रही हैं। जब संख्या बढ़ेगी, क्या इसी क्षमता की प्रतिनिधि चुन कर आएंगी। इस पर अभी से रोना ठीक नहीं। मुख्य बात यह है कि महिलाओं को और अधिक प्रतिनिधित्व मिलने का रास्ता साफ हो रहा है। राजनीतिक दलों में इसका श्रेय लेने की होड़ तो रहेगी ही।**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के हर काम का अपना ढंग है। लोकसभा में '128वां संविधान संशोधन विधेयक 2023% पेश किया जा चुका है। मोदी ने इसे 'नारी शक्ति वंदन विधेयक' नाम दिया है। इस विधेयक के पारित होने और राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के साथ यह कानून लोकसभा और देशभर की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत स्थान सुनिश्चित कराएगा। खास बात यह है कि कुछ क्षेत्रीय दलों के ना- नुकुर के मुकाबले इस विधेयक को सत्तारूढ़ भाजपा और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस, दोनों का ही समर्थन हासिल है। स्पष्ट है कि विधेयक के कानून बनने में कोई अड़चन नहीं है। मुद्दा यह है मोदी सरकार ने यह राजनीतिक कदम लोकसभा, 2024 के चुनाव के ठीक पहले क्यों उठाया ? कांग्रेस भी सरकार का इतनी सहजता से समर्थन क्यों कर रही है? क्या इस बिल के कानून बनने के बाद 2024 के चुनाव से ही 33 फीसद महिला सांसद चुनी जायेंगी? इन सवालों के जवाब ढूंढने के लिए थोड़ा पीछे घूमकर देखना होगा। सबसे पहले 1996 में एचडी देवेगौड़ा सरकार के दौरान महिला आरक्षण बिल संसद में रखा गया लेकिन पास नहीं हो सका। साल 1997 में इंद्र कुमार गुजराल सरकार ने भी इस तरह की कोशिश की। वाजपेयी सरकार के दौरान 1998 में भी बिल प्रस्तुत किया गया परन्तु परिणाम ढाक के तीन पात वाला ही रहा। दूसरी बार सरकार बनने पर वाजपेयी ने 1999 फिर 2002 और 2003-04 में भी इसपर अमलीजामा की कोशिश की । हर बार सरकार में शामिल दलों में मतभेद इसमें बाधक बना। वर्ष 2010 में मनमोहन सिंह सरकार का एक साल बीत चुका था। सरकार इस विधेयक को फिर से लेकर आई। यूपीए में शामिल मुलायम सिंह यादव की समाजवादी पार्टी और लालू प्रसाद यादव का राष्ट्रीय जनता दल इसके विरोधी थे। बाद में इन दलों ने कहा कि वे इसके विरोधी नहीं, बल्कि बिल की कुछ व्यवस्थाओं के खिलाफ हैं। वे चाहते थे कि राजनीतिक दल अपने टिकट बंटवारे में ही महिलाओं को 20 प्रतिशत का आरक्षण दें। तब लोकसभा में बिल फिर अटक गया। राज्यसभा में कांग्रेस का बहुमत था, 9 मार्च, 2010 को बिल पास हो गया। लोकसभा का कार्यकाल खत्म होता रहा अथवा सदन भंग होता रहा। नियमानुसार सदन के सत्र के साथ विधेयकों की वैधता भी खत्म हो जाया करती है। राज्यसभा स्थायी सदन है। इसलिए वहां से यह बिल पारित माना गया है। अब सिर्फ लोकसभा की स्वीकृति चाहिए। यहीं पहले दोनों सवाल के जवाब मिल जाते हैं। हर सरकार महिला आरक्षण की बात करती आयी है। भले मन में कुछ भी हो, राजनीतिक लाभ लेने की मंशा छिपी नहीं रह सकती। दूसरे प्रश्न का जवाब भी इस बात में है कि जो कांग्रेस राज्यसभा में इसे पारित करा चुकी है, वह अब पीछे क्यों हटेगी। रही बात 2024 से ही इसके लागू होने की, इसका उत्तर कुछ स्थितियां स्पष्ट करने के बाद मिलेगा। विपक्ष कह रहा है कि महिला आरक्षण 2029 लोकसभा चुनाव से पहले संभव नहीं है। यह सच भी है। असल में इस विधेयक पर अमलीजामा की लंबी संवैधानिक प्रक्रिया है। सरकार ने स्वयं कहा है कि इसे लोकसभा सीटों के परिसीमन के बाद लागू किया जायेगा। अभी सीटें 2011 की जनगणना के आधार पर हैं। कोरोना के चलते 2021 में यह नहीं हो सकी थी। कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, समाजवादी पार्टी सहित कई पार्टियां जाति आधारित गणना की मांग कर रही है। सरकार इस पर चुप है। बहरहाल, उसका अधिकार है कि जैसे चाहे कराए। जनगणना के बाद सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज की अध्यक्षता में परिसीमन आयोग का गठन किया जाएगा। आयोग लोकसभा और विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन के साथ ही महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटों का सुझाव देगा। भविष्य में यह सीटें बदलती रहेंगी। तस्वीर साफ है कि महिला आरक्षण कानून जनगणना और परिसीमन के बाद ही लागू होगा। इस स्थिति में 2024 के चुनाव इस कानून के मुताबिक, मुमकिन नहीं हैं। लोकसभा और विधानसभाओं के लिए महिला आरक्षण जब भी लागू हो, इसके औचित्य पर कभी सवाल नहीं होंगे। आजादी के 75 साल बाद भी स्थिति यह है कि आज लोकसभा में सिर्फ 82 और राज्यसभा में 31 महिला सांसद हैं। यह संख्या क्रमशः 15 प्रतिशत और 13 प्रतिशत ही है। सवाल यह भी है कि यह आरक्षण पंचायतों में महिलाओं के प्रतिनिधित्व जैसे हाल में तो नहीं पहुंच जायेगा। उत्तर भारत के कई राज्यों में पंचायत प्रतिनिधि महिलाओं के काम उनके पति अथवा पिता ही किया करते हैं।

# 647 बॉर्डर एरिया के घरों को मिलेगा फ्री डिश कनेक्शन, 10 किमी के दायरे में मिलेगी यह सुविधा

* प्रसार भारती ने इनकी संख्या और सूचना भी पोर्टल पर अपलोड कर दी है
* सीमा से सटे इन गांवों में नेटवर्क की समस्या रहती है

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** बॉर्डर एरिया डेवलपमेंट प्लान के तहत भारत-नेपाल सीमा पर रहने वाले 647 परिवारों को फ्री डिश कनेक्शन दिया जाएगा। इन घरों को चिह्नित किया जा चुका है। प्रसार भारती ने इनकी संख्या और सूचना भी पोर्टल पर अपलोड कर दी है। नेपाल सीमा से सटे 10 किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों में बॉर्डर एरिया डेवलपमेंट योजना चलाई जा रही है। सीमा से सटे इन गांवों में नेटवर्क की समस्या रहती है। घरों में टीवी तो है, लेकिन नेटवर्क न होने के कारण लोग कार्यक्रम नहीं देख पाते। इस समस्या को देखते हुए केंद्र सरकार ने ऐसे परिवारों को चिह्नित करने का निर्देश दिया, जिनके यहां डीटीएच का कनेक्शन नहीं है। इसी क्रम में बॉर्डर एरिया के गांवों में सर्वे के बाद 647 परिवारों को चिह्नित किया गया। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने बताया कि जल्द ही इन घरों को फ्री डिश कनेक्शन दिया जाएगा। जिले में पालिया और निघासन के गांव नेपाल सीमा से सटे हैं। इन गांवों में नेटवर्क की समस्या रहती है। इनको पहले चरण में डीटीएच का कनेक्शन दिया जाएगा। लोग देश-दुनिया में होने वाले कार्यक्रमों, घटनाक्रमों के बारे में घर बैठे टीवी पर देख सकेंगे। आठ जिलों में कराया गया है यह सर्वे बॉर्डर एरिया डेवलपमेंट योजना में नेपाल सीमा से सटे आठ जिलों में फ्री डिश कनेक्शन का सर्वे कराया गया। इन जिलों में लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, बहराइच, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, कुशीनगर, श्रावस्ती व महराजगंज शामिल है। प्रसार भारती ने इन आठ जिलों में दिए जाने वाले फ्री डिश कनेक्शन की संख्या भी पोर्टल पर अपलोड कर दी। आठ जिलों में 8222 घरों को डिश कनेक्शन दिया जाएगा। सबसे अधिक 2295 फ्री डिश कनेक्शन महराजगंज में दिए जाएंगे।

# युवती के साथ दुराचार, पुलिस ने नहीं दर्ज की रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस/आशीष कुमार तिवारी। गोला गोकर्णनाथ खीरी। गोला कोतवाली की मूड़ा पुलिस चौकी क्षेत्र की रहने वाली एक युवती के साथ उसके सजातीय युवक ने दुराचार किया। दुराचार के कारण युति गर्भवती हो गई परंतु दुराचारी द्वारा तमंचा लगाकर धमकाये जाने के कारण युवती ने यह घटना अपने परिजनों को नहीं बताई। तहरीर के मुताबिक परिजनों ने उसका विवाह कर दिया था परंतु विवाह के पांच महीने बाद ही जब उसके बच्चा पैदा हो गया तो पति ने उसे तलाक दे दिया। इसके बाद ही परिजनों को दुराचार की घटना का पता चला और युवती ने पूरी बात अपने परिजनों को बताई। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर दुराचारी युवक के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# एक विकसित देश की कल्पना बिना स्वच्छता के संभव नहीं : जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



**डीएम ने कार्मिकों को पढ़ाया स्वच्छता का पाठ**

कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि सभी अधिकारी कार्मिक अपने दफ्तर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाएं। विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित कराए कि पत्रावलियों का रखरखाव प्रॉपर होने के साथ ही निस्तारण समयबद्धता से हो। साफ-सफाई अभियान की शुरुआत दफ्तरों और पत्रावलियों से हो। अधिकारी कार्मिक मिलकर इस अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि अभियान का असर जमीनी स्तर पर दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के बाद वह स्वयं अभियान के तहत किए गए कार्यों का अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण करेंगे।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत कचरा मुक्त भारत की थीम पर आधारित 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारी, कार्मिकों को स्वच्छ भारत बनाए जाने की शपथ दिलाई। कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में डीएम ने कहा कि एक विकसित देश की कल्पना बिना स्वच्छता के संभव नहीं है। स्वच्छता का कार्य केवल कुछ दिनों का अभियान न होकर निरन्तर चलने वाला अभियान होना चाहिए। हम जो भी कार्य अभियान के तौर पर करते हैं उसमें अच्छा प्रदर्शन करते हैं। इसीलिए सफाई व स्वच्छता का कार्य भी अभियान की तरह प्रतिदिन चलना चाहिए। डीएम ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अपने घर एवं आस पडोस में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें। दूसरे लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। उन्होंने स्वच्छता के प्रति सजग रहने और उसके लिए 100 घंटे हर साल यानी हर सप्ताह 02 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करने की अपील की। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि गंदगी ना करना हमारी आदत में शामिल होना चाहिए। अपनी आदतों में छोटे-छोटे परिवर्तन करके स्वच्छ परिवेश का निर्माण किया जा सकता है। डीपीआरओ सौम्यशील सिंह ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा 2023 की थीम कचरा मुक्त भारत है। विगत वर्षों की तरह स्वच्छता गतिविधियों की भावना से जन सहयोग के श्रमदान से ही इस अभियान को सफल बनाना है।


# कार्यालय नगर पंचायत मछलीशहर, जौनपुर

पत्र सं0 : 676/2023-24 दिनांक : 19.09.2023

## नोटिस

एतद्द्वारा भवन स्वामियों/क्रेतागणों तथा अन्य व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित भवन स्वामियों द्वारा नामान्तरण से सम्बन्धित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये गये हैं कार्यालय में प्राप्त आवेदन पत्रों के साथ संलग्न साक्ष्यों के आधार पर कर निर्धारण रजिस्टर वर्ष 2006-07 से 2023-24 तक में दर्ज नाम के स्थान पर संशोधित नाम परिवर्तन की कार्यवाही कर विभाग में विचाराधीन है अगर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो आपत्तिकर्ता सम्पूर्ण प्रमाण सहित प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर अपना पक्ष/आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा सनियम कार्यवाही करते हुये प्रकरणों को निस्तारित कर दिया जायेगा। **जिसकी सूची निम्नवत् है।**

| क्र0सं0 | फाइल/ पत्रावली सं0 | भवन संख्या | मोहल्ला | वर्तमान नाम/विक्रेता का नाम | नामांतरण/कर निर्धारण हेतु प्रस्तावित नाम | संलग्नक साक्ष्य | नामान्तरण/वरासत/ वसीयत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 105 | नया | कृपाशंकरनगर | एजाज अहम खान पुत्र स्व0 मो0 हनीफ खान नि0मो0 कोतवाली मछलीशहर | हामीदा खातून पत्नी जमाल अख्तर नि0ग्रा0 करिमुद्दीनपुर घोसी मऊ। | पंजीकृत बैनामा, उद्धरण खतौनी, स्वीकृत भवन मानचित्र | नामान्तरण |
| 2 | 106 | 267 | कजियाना | सायरा बेगम पत्नी बसीर नि0मो0 कजियाना मछलीशहर | परवीन बानो पत्नी नेसार नि0मो0 कजियाना मछलीशहर | पंजीकृत वसीयतनामा, गृहकर रसीद, मृत्यु प्रमाण व शपथ पत्र | नामान्तरण |
| 3 | 107 | नया | कृपाशंकरनगर | लालजी पुत्र राम किशोर नि0मो0 छैलामियाकापूरा मछलीशहर | गयासुद्दीन पुत्र मतीन नि0मो0 कजियाना मछलीशहर | पंजीकृत बैनामा, उद्धरण खतौनी, स्वीकृत भवन मानचित्र की छाया प्रति, शपथ पत्र | नामान्तरण |
| 4 | 108 | नया | महतवाना | बादशाह पुत्र आलमगीर नि0मो0 महतवाना मछलीशहर | नूरआलम, मन्तशा, शाह आलम पुत्रगण स्व0 बादशाह नि0मो0 महतवाना मछलीशहर | मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, शपथ पत्र | नामान्तरण |
| 5 | 109 | नया | खानजादा | मो0 आरिफ, आसिफ, शाजीद पुत्रगण स्व0 इकबाल, सैयदा विधवा इकबाल अहम नि0मो0 पूरावजीह | सकीला बानो पत्नी सगीर अहमद नि0मो0 खानजादा मछलीशहर | पंजीकृत बैनामा, उद्धरण खतौनी, शपथ पत्र | नामान्तरण |
| 6 | 110 | नया | सराय सैयदवाड़ा | मो0 युनूस पुत्र मो0 फारूक नि0मो0 सैयदवाड़ा मछलीशहर | शौकत अली पुत्र शमसुलहक व अच्छोनिशा पत्नी सुबराती नि0मो0 महतवाना मछलीशहर | पंजीकृत बैनामा | नामान्तरण |
| 7 | 111 | 171 | सादीगंज उत्तरी | प्यारेलाल पुत्र भगवानदास नि0मो0 सादींगंज उत्तरी मछलीशहर | बृजेश कुमार पुत्र स्व0 प्यारेलाल नि0मो0 सादीगंज उत्तरी मछलीशहर | पंजीकृत वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र | नामान्तरण |
| 8 | 112 | | पुरानीबाजार | उर्मिला देवी पत्नी स्व0 माताचरन नि0मो0 पुरानीबाजार मछलीशहर | प्रदीप कुमार, सुशील कुमार पुत्रगण माता प्रसाद व सुनीता पत्नी सदीप नि0ग्रा0 सुरियावा | पंजीकृत बैनामा | नामान्तरण |
| 9 | 113 | 121 | अलवियाना | अजीमुल पत्नी उस्मान नि0मो0 अलवियाना मछलीशहर | सबीना पुत्री स्व0 उस्मान नि0मो0 अलवियाना मछलीशहर | पंजीकृत वसीयतनामा, गृहकर रसीद | नामान्तरण |
| 10 | 114 | नया | छैलामियाकापूरा | मो0 शाकिब पुत्र गुलाम साबिर नि0मो0 कोतवाली मछलीशहर | आसमा बेगम पत्नी मो0 असलम नि0ग्रा0 पूराफगुई बाकराबाद | पंजीकृत बैनामा, उद्धरण खतौनी | नामान्तरण |
| 11 | 115 | उमराना 209 अलवियाना 68 | उमराना अलवियाना | सरवरी बानो पत्नी सगीर अहमद व सगीर अहमद पुत्र अब्दुल सत्तार अलवियाना मछलीशहर | मो0 तौफिक व मो0 अतीक पुत्र स्व0 सगीर अहमद नि0मो0 अलवियाना मछलीशहर | मृत्यु प्रमाण पत्र निकट सम्बन्धी प्रमाण पत्र गृहकर की रसीद की छाया प्रति व शपथ पत्र | नामान्तरण |
| 12 | 116 | 315 | सादीगंज द0 | मो0 अली पुत्र जहूर नि0मो0 सादीगंज द0 मछलीशहर | वसीम व समीम अहमद पुत्र स्व0 मो0 अली नि0मो0 सादीगंज द0 मछलीशहर | वसीयतनामा, गृहकर की रसीद, मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति व शपथ पत्र | नामान्तरण |
| 13 | 117 | 379 | सादींगंज उ0 | कृष्णा देवी पत्नी स्व0 अमृतलाल आदि नि0मो0 सादींगंज उ0 मछलीशहर | ज्योति जायसवाल पत्नी सुमित जायसवाल नि0सिकरौल कैन्ट वाराणसी | पंजीकृत बैनामा | नामान्तरण |
| 14 | 118 | 330 | सादीगंज द0 | गरीबुननिशा पत्नी मो0 अली नि0मो0 सादीगंज द0 मछलीशहर | नसीम अहमद पुत्र स्व0 मो0 अली नि0मो0 सादीगंज द0 मछलीशहर | पंजीकृत वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति व शपथ पत्र | नामान्तरण |
| 15 | 119 | नया | सादींगंज उ0 | राधा देवी पत्नी बृजनाथ नि0मो0 सादींगंज उ0 मछलीशहर | रशमी उमर वैश्य पत्नी मनोज कुमार नि0मो0 सादींगंज उ0 मछलीशहर | पंजीकृत दानपत्र उद्धरण खतौनी | नामान्तरण |
| 16 | 120 | 214 | सादीगंज द0 | असलम पुत्र शरीफ नि0मो0 सादीगंज द0 मछलीशहर | सबीहा पत्नी असलम नि0मो0 सादींगज द0 मछलीशहर | पंजीकृत दान पत्र | नामान्तरण |
| 17 | 121 | नया | खानजादा | कन्या कुमारी पत्नी भगौती प्रसाद नि0मो0 उमराना मछलीशहर | श्रीमती रंजना गुप्ता पत्नी विजय कुमार गुप्ता नि0मो0 उमराना मछलीशहर | पंजीकृत बैनामा | नामान्तरण |
| 18 | 122 | 384, 387, 361 | कृपाशंकरनगर | प्यारेलाल पुत्र स्व0 सूरपति नि0मो0 कृपाशंकरनगर मछलीशहर | प्यारेलाल, कन्हैयालाल, कैलाशनाथ पुत्र स्व0 सूरपति नि0मो0 कृपाशंकरनगर मछलीशहर | आपसी समझौता | नामान्तण |

**अपना कर समय से जमा कर नगर के विकास में सहयोगी बनें।**

**(बृज किशोर सिंह गौर)**
अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत मछलीशहर,
जौनपुर




# बगैर एसएमएस के कंबाइन चलती पाई गई तो कार्रवाई होनी निश्चित एसडीएम

* अवनीश कुमार की अध्यक्षता में तहसील कार्यालय एवं क्षेत्र में लगातार की जा रही बैठकें

जन एक्सप्रेस । सिदाकत मंसूरी

**मोहम्मदी खीरी।** धान खरीद व परली प्रबंधन को लेकर एसडीएम डॉक्टर अवनीश कुमार ने किसानों एवं जिम्मेदार क्षेत्र के कर्मचारियों के साथ लगातार कार्यालय से लेकर क्षेत्र में बैठकों के द्वारा अपील और जागरूक किया जा रहा है किसानों से अपील करते हुए उन्होंने बताया कि सभी किसान अभी से रजिस्ट्रेशन कर ले 1 अक्टूबर से धान की खरीद शुरू हो रही है इसको लेकर तहसील प्रशासन तैयारी की तेजी से समीक्षा कर रहा है इसी को लेकर एसडीएम डॉक्टर अवनीश कुमार की अध्यक्षता में तहसील कार्यालय एवं क्षेत्र में लगातार बैठके की जा रही है बताया कि किसानों का सारा धन सरकारी रेट में खरीदा जाएगा इसके लिए आढ़तियों द्वारा नीलामी प्रक्रिया के तहत भी धान खरीद होगी धान खरीद के समय 24 घंटे कैमरा ऑन रहेगा छोटे किसानों से खरीद प्राथमिकता के आधार पर होगी उन्होंने किसानों से बैंक खाते में केवाईसी करने की अपील की जिससे भुगतान में विलंब न हो साथ ही कंबाइन किसी भी दशा में बगैर एसएमएस के चलती पाई गई तो कार्रवाई होगी किसान भाई किसी भी दशा में पराली ना जलाएं पराली को खेत में ही सढ़ाए जिससे जैविक खाद का काम करती है यदि परली जलते हुए पाया जाएगा तो पिछले साल के अपेक्षा 2 गुना ज्यादा जुर्माना लगेगा। पराली जलाने के संबंध में संवेदनशील स्थानों पर जहां ऐसी घटना ज्यादा हुई थी वहां पर तहसीलदार व नायब तहसीलदार वह भी बैठक में उपस्थित रहने का दिशा निर्देश दिया गया था उन क्षेत्रों में लगातार भ्रमण भी करेंगे।

# खेत में गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

* सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू की

जन एक्सप्रेस । महमूदाबाद/सीतापुर

घर से शौच के लिए निकले युवक का संदिग्ध परिस्थितियों में शव गांव से बाहर धान के खेत में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। सदरपुर के अजलतपुर निवासी दिनेश कुमार (30) पुत्र रामराज घर से सुबह पांच बजे शौच ले लिए खेतों की ओर गया था। उसके बाद सुबह करीब आठ बजे दिनेश भार्गव का शव गांव से दक्षिण करीब दो मीटर की दूरी पर पूर्व प्रधान दिनेश वर्मा के धान के खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिला। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जा पहुंचे और घटना की जानकारी परिजनों के साथ पुलिस को दी। सूचना पर एसओ सदरपुर अजय रावत मयफोर्स मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। थानाध्यक्ष अजय रावत ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की गई है। घटना संदिग्ध है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। मृतक अपनी मां राजरानी का इकलौता पुत्र था और उसकी शादी हो चुकी थी। घर में मां के अलावा पत्नी शर्मा देवी तथा एक बेटा व दो बेटियां हैं। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# डॉक्टर पर लगाया परिजनों ने लापरवाही का आरोप जिससे गयी युवक की जान



जन एक्सप्रेस । लहरपुर/सीतापुर

थाना हरगांव के ग्राम भुड कुड़ी में 45 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है जानकारी के अनुसार रामपाल पुत्र श्री राम निवासी ग्राम भुड़कुडी उम्र 45 वर्ष को दिनांक 20 सितंबर को अचानक जाड़ा बुखार आया परिजन पड़ोस के डॉक्टर कुर्बान अली हरीरामपुर जो जनता फार्मेसी नाम से क्लीनिक चलाते हैं लेकर के गए डॉक्टर ने वहां पर कुछ दवाएं व इंजेक्शन दिया परिजनों का कहना है की इंजेक्शन लगाने के 15 मिनट बाद रामपाल की तबीयत खराब हो गई और रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया घटना की जानकारी हरगांव पुलिस को दी गई पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है परिजनों का मानना है की डॉक्टर ने गलत इंजेक्शन दे दिया जिससे रामपाल के पूरे शरीर में इंफेक्शन फैल गया और पूरा शरीर काला हो गया 15 मिनट बाद उसकी मौत हो गई पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद जांच कर कार्रवाई करने की बात कह रही है।

## कार की चपेट में आने से बाइक सवार चाचा-भतीजा घायल

**जन एक्सप्रेस/कुठौद।** थाना क्षेत्र में बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे तेज रफ्तार कार ने ग्राम निजामपुर के पास बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार चाचा भतीजे घायल हो गए। जिन्हें समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम ऊमरी निवासी सुनील कुमार पुत्र राजाराम अपने भतीजे दीपक पुत्र अरविन्द के साथ गुरुवार को औरैया बाजार करने गया हुआ था। जब वह बाजार करने के बाद बाइक से बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे होकर अपने गांव वापस जा रहे थे। तभी की रास्ते में निजामपुर के पास सामने से तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी।

# डीएम ने पोषण रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**जन एक्सप्रेस । उरई**




बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा राष्ट्रीय पोषण माह (सितम्बर 2023) के अन्तर्गत कलैक्ट्र परिसर से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने हरी झण्डी दिखाकर विशाल ''पोषण रैली'' को रवाना किया। जनपद की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं द्वारा कुपोषण मुक्त जनपद जालौन तथा पोषण जागरूकता सम्बन्धी नारे लगाते हुये पोषण रैली अम्बेडकर चौराहा तक निकाली गयी।
दिनांक 01 सितम्बर से 30 सितम्बर 2023 तक पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जनपद के सभी 1815 आंगनबाड़ी केन्द्रों पर प्रतिदिन पोषण सम्बन्धी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। पोषण माह के दौरान समग्र रुप से व्यक्तिगत और सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, स्तनपान करने वाली माताओं और 06 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में पोषण स्तर में सुधार लाने हेतु जन भागीदारी के माध्यम से जागरुकता लाने का प्रयास किया जा रहा है। इस वर्ष पोषण माह की थीम ''सुपोषित भारत, साक्षर भारत व सशक्त भारत'' है। पोषण रैली में भीमजी उपाध्याय मुख्य विकास अधिकारी, संजय कुमार, आशुतोष चतुर्वेदी वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, सौरभ पाण्डेय उपजिलाधिकारी, शिवाकान्त द्विवेदी परियोजना निदेशक, अमरेन्द्र पौत्स्यायन जिला प्रोबेशन अधिकारी, इफ्तेखार अहमद जिला कार्यक्रम अधिकारी आदि मौजूद रहे।

## सर्प के काटने से मौत

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर में बुधवार शाम खेत पर काम करते समय किसान को सर्प ने काट लिया। जिससे उसकी मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी मोहम्मद रफीक 35 वर्ष बुधवार शाम को अपने खेत पर काम कर रहा था। बताया गया है कि काम करते समय उसे किसी जहरीले सर्प ने काट लिया। जिससे वह वहीं गिर कर अचेत हो गया। खेतों में मौजूद ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। मौजूद लोगों ने मामले की जानकारी उसके परिजनों को दी। घटना की खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने मौजूद लोगों की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही मृतक के भाई मुमताज ने बताया कि मोहम्मद रफीक ही अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला था।

# वांछित चल रहे दो शातिर बैट्री चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । सिरसा कलार**



थाना क्षेत्र में दलवल के साथ धरपकड़ अभियान चलाने में लगे थानाध्यक्ष ने मुखबिर की सूचना के आधार पर बैट्री चोरी मामले में वांछित चल रहे गरोह के दो शातिर सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया। जिनके पास से चोरी की 6 बैटरी एक कार व एक बाइक बरामद की गई। जबकि दो सदस्य मौके से भागने में सफल हो गए जिनकी तलाश की जा रही है।
पुलिस अधीक्षक ईरज राजा के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकार के नेतृत्व में थानाध्यक्ष दिनेश कुरील उपनिरीक्षक अभिलाख सिंह अशोक कुमार व हेड कांस्टेबल मुजीब अली कांस्टेबल अशोक सिंह, पवन कुमार, हर्षित प्रताप सहित दलबल के साथ क्षेत्र में घर पकड़ अभियान चलाने में लगे हुए थे। इसी दौरान उन्हें मुखबिर द्वारा जंगल के रास्ते जा रहे बैट्री चोर ग्रोह के सदस्यों की भनक लगी। फटक लगते ही थाना अध्यक्ष ने मुखबिर के बताए ठिकाने पर दविश डालते हुए घेराबंदी कर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि मौके का फायदा उठाकर ग्रोह के दो सदस्य जंगल के रास्ते भागने में सफल हो गए। पुलिस के पूछे जाने पर पकड़े गए चोरों ने अपना नाम अभिषेक यादव उर्फ आरजू पुत्र नरेंद्र सिंह निवासी लखनपुरा थाना देवराहट कानपुर देहात व दूसरे ने अपना नाम समरजीत पुत्र छुन्नीलाल निवासी ग्राम नगीना बांगर मूसानगर कानपुर देहात बताया। पकड़े गए दोनों चोरों के पास से पुलिस ने चोरी की 6 बैटरियों के अलावा एक कार व एक बाइक बरामद की है। वही चकमा देकर मौके से फरार हुए शातिर चोर ग्रोह के दो साथियों की भी तलाश की जा रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में हालत बिगड़ने से किसान की मौत

**जन एक्सप्रेस/कदौरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम बम्होरी में बुधवार की शाम खेत पर काम करने के बाद घर पहुंचे किसान की संदिग्ध हालत में तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। मृतक के भाई ने खेत पर काम करते समय सर्प के काटने से हुई मौत की बात बताई है। कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम बम्होरी निवासी सुरेश 35 वर्ष रोज की तरह बुधवार शाम को खेत पर काम करने के बाद घर लौटा घर आ गया। बताया गया है कि घर आने के बाद उसकी अचानक हालत बिगड़ गई, और कुछ ही देर में उसका पैर नीला पड़ गया, और वह अचेत होकर गिर गया। घटना देखकर परिजन घवरा गए और उसे आनन-फानन में उठाकर उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

# देवभूमि कालपी के श्याम पैलेस में गणेश उत्सव की पूरे नगर में मची धूम

**जन एक्सप्रेस । कालपी**



देवभूमि कालपी में गणेश उत्सव की धूम पूरे नगर और क्षेत्र में मची है। देवाधीदेव गजानन की द्वितीय दिवस की आरती में भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित समेत शहर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं व समाजसेवियों धार्मिक संस्थाओं व प्रशासनिक लोगों ने श्याम पैलेस के राजा के गणेश पंडाल में पहुंचकर माथा टेका तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।
श्याम पैलेस संस्कृतिक मण्डल कालपी द्वारा आयोजित छठवा पांच दिवसीय गणेश उत्सव के द्वितीय दिवस की सायंकल आरती में अपार जनसमूह उमड़ पड़ा इस दौरान उपस्थित आचार्य द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित पूर्व विधायक नरेन्द्र सिंह जादौन व योगेन्द्र नारायण शुक्ला ने प्रथम पूज्य भगवान गजानन का पूजन अर्चन किया तथा आरती में शामिल होकर के भगवान गजानन का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान प्रमुख रूप से शिक्षक एमएलसी प्रतिनिधि मंयक त्रिपाठी, भाजपा नगर अध्यक्ष अमित पाण्डेय, आशुतोष मिश्रा, नरेन्द्र द्विवेदी, युवराज सिंह, केनरा बैंक के शाखा प्रबंधक प्रशान्त दीप द्विवेदी, प्राचार्य डा. शुभम मिश्रा, जानकी दास गुप्ता, अरविन्द सोनी, बृजेन्द्र सिंह चौहान पत्रकार, श्री प्रकाश पुरवार, उमेश पुरवार, डीपी पुरवार आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## छापेमारी में पकड़े नौ जुआरियों पर होगी गैंगस्टर की कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** नगर की मोहल्ला भवानीराम में छापामारी के दौरान पकड़े गए नौ जुआरियो के विरुद्ध एसपी ने गैंगस्टर कार्रवाई करने की संस्तुति की है।
कोतवाली क्षेत्र के नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में हार-जीत का खेल लंबे समय से चल रहा है। मंगलवार की रात को मुखबिर की सूचना पर क्षेत्राधिकारी रवींद्र कुमार गौतम के नेतृत्व में कोतवाली प्रभारी विमलेश कुमार, चौकी प्रभारी अनिल कुमार राणा की टीम ने मुहल्ला भवानीराम में अब्दुल मजीद के घर में छापामारी कर घर के अंदर हार-जीत की बाजी लगा रहे फिरोज, अंशु, रफीक, राहुल, अब्दुल मुजीब निवासीगण भवानीराम, रोहित, अनवर, असगर निवासीगण चुर्खीबाल, अंकुर निवासी काशीनाथ को पकड़ लिया था।

# छह वर्ष बाद पॉक्सो एक्ट के आरोपी को हुआ सात वर्ष का करावास

**जन एक्सप्रेस । उरई**

न्यायालय में करीब 6 वर्ष ट्रायल पर चले पास्को एक्ट मामले में आरोपी को 7 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई। न्यायाधीश ने गवाहों व साक्ष्यो के आधार पर आरोप सिद्ध हो जाने के बाद फैसला सुनाया, साथ ही 12 हजार रुपए के के अर्थदंड से किया दंडित। कालपी कस्बा के एक मुहल्ला की रहने वाली किशोरी का 13 मई 2017 को ललितपुर के जखौरा निवासी मनोज रजक ने अपहरण कर लिया था। किशोरी के अपहरण होने की जानकारी पर पिता ने बेटी की दो दिन तक लगातार खोजबीन की लेकिन उसका कोई पता न लगने पर इसकी शिकायत कालपी कोतवाली पुलिस से की थी। पुलिस ने 15 मई को अपहरण और पास्को एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मनोज के पास से किशोरी को बरामद कर लिया था। मुकदमा के दो माह बाद ही पुलिस ने कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल कर दिए थे। पास्को एक्ट कोर्ट में छह साल तक चली सुनवाई में गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर न्यायाधीश मुहम्मद आजाद ने मनोज रजक को दोषी करार देते हुए सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। इसके अलावा 12 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

# तीन दिन से गायब युवती की लाश तालाब में मिली

**जन एक्सप्रेस । महोबा**

तीन दिन से गायब युवती की एक तालाब मे लाश मिलने से सनसनी फैल गयी है। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है। लेकिन परिजनो ने पुलिस पर लापरवाही के गम्भीर आरोप लगाये है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार कबरई निवासी शौखीलाल साहू ने बताया कि उसकी पुत्री कल्पना साहू उम्र 21 वर्ष 19 सितम्बर को सुबह घर से मंदिर जाने को कहकर निकली थी लेकिन देर तक घर नही आयी तो समय 2 बजे के आस पास वह लोग कबरई थाने मे सूचना दर्ज कराने गये थे लेकिन पुलिस ने उनकी सूचना को टाल मटोल कर दिया था। तीन दिन बाद 21 सितम्बर को उसका शव कबरई थाना क्षेत्र के वर्मा तालाब मे मिला जिसके बाद हत्या की आशंका को लेकर थाने मे शिकायत की गयी है। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्ट मार्टम के लिए महोबा भेजा है। लेकिन वही परिजनो का आरोप है कि गुमशुदगी के दिन थाने मे दी गयी शिकायत को थानेदार वीरेन्द्र प्रताप सिंह को दी गयी थी लेकिन उनके द्वारा कोई तेजी नही दिखाई गयी यदि दिखाई गयी होती तो युवती की जान बच सकती थी। वही इस मामले मे पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता का कहना है कि 19 सितम्बर को युवती की गुमशुदगी की सूचना प्राप्त हुई थी। लेकिन अभी तक आधिकारिक दस्तावेजो मे सूचना दर्ज कर कार्यवाही किये जाने का कोई साक्ष्य खबर लिखे जाने तक नही प्राप्त हुआ है।

# फर्राटा दौड़ में छात्र विकास ने मारी बाजी

**जन एक्सप्रेस । चरखारी/महोबा**



11वीं जोनल स्तरीय माध्यमिक युवा खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एसडीएम चरखारी डॉ प्रदीम कुमार एवं विशिष्ट अतिथि राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आनन्द गोस्वामी ने किया। उदघाटन सत्र में सर्वप्रथम 100 मीटर फर्राटा दौड़ से हुआ जिसमें विकास ने बाजी मारी। 11वीं जोनल प्रतियोगिता के शुभारम्भ में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्ज्वल से किया तथा सन्त जेम्स इण्टर कालेज के नन्हें नन्हें बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। विभिन्न खेलों के प्रारम्भ से पूर्व गत वर्ष के चैम्पियन छात्र व छात्रा ने मशाल दौड़ में प्रतिभाग किया साथ ही सभी विद्यालय के बच्चों ने मार्च पास्ट करते हुए मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को सलामी दी। तीन दिनों तक चलने वाली खेलकूद प्रतियोगिता के पहले दिन 100 मीटर दौड़, गोला फैंक, लम्बी कूद, 800 मीटर दौड़, 1500 मीटर दौड0, तवा फेंक, ऊंची कूद, 200 मीटर व 100 मीटर की दौड़ सम्पन्न कराईं गयी। प्रतियोगिता के शुभारम्भ में जूनियर सब जूनियर व सीनियर वर्ग की 100 मीटर की दौड़ सम्पन्न कराई गयी जिसमें 100 मीटर सीनियर छात्र वर्ग में विकास प्रथम सचिन द्तिीय, आशीष तृतीय, लम्बी कूद में शिवम प्रथम पुष्पेन्द्र द्तिीय, राहुल तृतीय गोला फेंक में विवेक प्रथम, रविन्द्र द्तिीय, पुष्पेन्द्र तृतीय, बालिका वर्ग गोला फेंक में माया प्रथम, रागिनी द्तिीय, अनत तृतीय, सब जूनियर बालिका में रौनक प्रथम, काजल द्तिीय, मधु तृतीय, जूनियर बालिका वर्ग में मुस्कान प्रथम काजल द्वितीय, सावित्री तृतीय स्थान' जूनियर बालक गोला फेंक में सूर्य प्रताप प्रथम, अंकित द्तिीय व भूपेन्द्र तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिताओं के दौरान संयोजक एवं प्रधानाचार्य राजकीय गंगा सिंह इण्टर कालेज अम्बिका प्रसाद पटेल, प्रधानाचार्य राजेन्द्र कुमारी, डॉ एके सिंह, सरोज गोस्वामी, नीवन कुमार अवस्थी, जोन्सी जेम्स, नरेन्द्र सिंह, राजकुमार यादव, सुर्दानपाल, कुलदीप मिश्रा, प्रतिभा राजपूत, सुप्रिया राय, कैलाश बाबू, प्रवक्ता नफीस खान, राधाचरण साहू, नरेन्द्र सिंह, अली मुर्तजा, मुख्तार अहमद खां, भवानीदीन प्रजापति, सरमानलाल, बफी मुहम्मद, संदीप गोस्वामी, मूरत सिंह निरंजन, मोहम्मद ताज सहित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले 14 विद्यालयों के अध्यापक व बच्चे मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



बुधवार की शाम जिलाधिकारी मृदुल चैधरी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता की उपस्तिथि में कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी नें जनपदीय पुलिस के राजपत्रित अधिकारियों, थाना, शाखा प्रभारियों के साथ अभियोजन अधिकारियों से अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी पैरवी के सम्बन्ध में विभिन्न निर्देशों की समीक्षा की तथा महिला व बच्चों से जुड़ी शिकायतों पर अत्यंत गंभीरता बरतने व अपहृता की बरामदगी के लिए दिए गए निर्देश दिये, इसके साथ ही जनपद में घटित घटनाओं एवं लंबित विवेचनाओं की समीक्षा करते हुए गुण-दोष के आधार पर शीघ्र निस्तारण करने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया तथा शातिर अभ्यस्त अपराधियों को चिन्हित कर उनकी हिस्ट्रीशीट खोलने, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट एवं गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के अंतर्गत संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने जनशिकायतों की त्वरित व निष्पक्ष जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने अवैध शराब, जुआ के विरूद्ध निरंतर अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने, पीआरवी वाहनों की रैंडम चेकिंग कर उनकी सतर्कता का निरीक्षण करने आदि के संबंध में निर्देश दिए। आईजीआरएस से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने एवं आईजीआरएस के आवेदकों से स्वयं वार्ता करके फीडबैक लेने के निर्देश दिये। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त, राजस्व राम प्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, क्षेत्राधिकारी हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी नगर रामप्रवेश राय, क्षेत्राधिकारी उमेश चन्द्र, ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी सहित जनपदीय पुलिस के समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, अभियोजन के अधिकारी तथा समस्त शाखाओं के अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्तिथ रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं

**जन एक्सप्रेस/गौरीबाजार/देवरिया।** गौरीबाजार थाना क्षेत्र के भगुआ के समीप गुरुवार सुबह ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव देखा। गोरे रंग का युवक काला टीशर्ट, नीला पैंट व दाएं हाथ में लाल रंग का कलवा पहन रखा है। शव की अभी पहचान नही हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस युवक के शव की पहचान कराने में जुटी है।

### राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद उ0प्र0 लखनऊ द्वारा गैर चयनित सूची जारी

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान देवरिया शोभनाथ ने बताया है कि राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद उ0प्र0 लखनऊ द्वारा प्रवेश 2023 हेतु गैर चयनित सूची जारी की गयी है। परिषद द्वारा जारी सूची के अनुसार प्रथम मेरिट लिस्ट कमेटी द्वारा तैयार की गयी थी। उक्त सूची के प्रवेश की अन्तिम तिथि 18 सितंबर के सांय 5 बजे तक सुनिश्चित थी। उक्त सूची मे रिक्त व्यवसायों के सापेक्ष पुनः आवेदन अभ्यर्थियों से प्राप्त किए गए है, जिसकी मेरिट सूची कमेटी द्वारा तैयार की गयी है। उक्त सूची के प्रवेश की अन्तिम तिथी 22 सितंबर निर्धारित है।

### ज्योति गुप्ता मनोनीत हुई संयोजक

**जन एक्सप्रेस/सलेमपुर/देवरिया।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ब्लॉक सलेमपुर इकाई के कार्यकारिणी का गठन बीआरसी परिसर में किया गया। जिसमें सर्वसम्मत से ज्योति गुप्ता को संयोजक, रवि प्रकाश, निरंकार यादव, अभिषेक कुशवाहा, चंदन उपाध्याय को सह-संयोजक, शशिकांत भाष्कर को ब्लॉक मीडिया प्रभारी, बैजनाथ कुशवाहा को सह मीडिया प्रभारी, देवानंद को सदस्यता प्रमुख एवं बृजेश जायसवाल को सह सदस्यता प्रमुख पद पर मनोनीत किया।

### जनपदीय ट्रायल में छह खिलाड़ियों का चयन

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** प्रांतीय जूनियर बालक कुश्ती प्रतियोगिता का जनपदीय ट्रायल रविंद्र किशोर शाही स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ। इसमें छ- खिलाड़ियों का चयन मंडलीय ट्रायल के लिए हुआ। इसमें हरिकेश कनौजिया, अंगद यादव, सन्नी भारद्वाज, विजय यादव, शैलेंद्र कुमार व धीरज सोनकर शामिल हैं। यह खिलाड़ी 22 सितंबर को मंडलीय ट्रायल गोरखपुर में देंगे। जिला क्रीड़ाधिकारी राजनारायण प्रसाद, गिरीश सिंह व दिवाकर मणि त्रिपाठी की देखरेख में ट्रायल हुआ।

### तीस पंचायत सहायकों की सेवा समाप्त किए जाने के लिए होगी कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जिला पंचायत राज अधिकारी सर्वेश कुमार पांडेय ने बताया कि जनपद में शासन की ओर से महत्वपूर्ण क्रॉप सर्वे योजना लागू है। इसकी निगरानी उच्चाधिकारियों की ओर से की जा रही है। डिजीटल क्रॉप सर्वे में पंचायती राज विभाग से पंचायत सहायकों को सर्वेयर के रूप में उनके ग्राम आवंटित किए गए हैं। शासन के मंशा के अनुरूप तहसील स्तरीय प्रगति बढ़ाने में अधिकारी व कर्मचारी निरंतर लगे हुए हैं, किन्तु 30 पंचायत सहायको द्वारा बार-बार निर्देश के बावजूद किसी भी स्तर पर सहयोग नहीं कर रहे हैं। इससे प्रगति बाधित हो रही है। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया है कि मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश द्वारा उत्तर प्रदेश में एग्री स्टैक परियोजना के अन्तर्गत डिजिटल क्रॉप सर्वे कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं, जिसके अन्तर्गत यह व्यवस्था दी गयी है कि सर्वेयर के रूप में आवश्यकतानुसार पंचायत विभाग द्वारा ग्राम पंचायतों में संविदा के आधार पर रखे गए पंचायत सहायक एवं कृषि विभाग द्वारा रखे गए किसान मित्र को सम्मिलित किया जा सकता है। ऐसे में संबंधित विकास खंड के ग्राम पंचायतों के सचिव और ग्राम प्रधान अब अपने स्तर से अपने-अपने ग्राम पंचायतों के कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए सर्वे को पूरा कराने का निर्देश दिया गया है। यदि किसी पंचायत सहायक द्वारा कार्य नही किया जाता है तो शासनादेशों एवं उच्चाधिकारियों के आदेशों के अवहेलना के दृष्टिगत अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश के प्रस्तर 16 में निहित प्राविधानों के अनुरूप सेवा समाप्त करने सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

### जनपद में उत्पादित अनाज का किया नमूना एकत्रीकरण

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** सहायक आयुक्त (खाद्य) जनपद देवरिया विनय कुमार सहाय ने बताया है कि शासन के निर्देश पर एवं आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार गुरुवार को जनपद में उत्पादित अनाज एवं दालें तथा मूंगफली इत्यादि में सिंथेटिक रंग, अफलाटॉक्सिन व हानिकारक पेस्टिसाइड के परीक्षण हेतु लोकल उत्पाद (अनाज दाल एवं मूंगफली) का नमूना एकत्रीकरण खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के खाद्य सचल दल ने किया। उपरोक्त निगरानी नमूने अभियान में बैतालपुर क्षेत्र से उत्पादित होने वाले दो प्रकार के चावल एवं इसी क्षेत्र के आसपास उत्पादित होने वाला गेहूं तथा पकड़ी बाजार एवं आसपास क्षेत्र में उत्पादित होने वाला मूंगफली एवं वाह्य उत्पाद अरहर की दाल के नमूने विभिन्न खाद्य कारोबार कर्ताओं से एकत्रित करते हुए विशेष वाहक द्वारा विश्लेषण के लिए प्रेषित किए जा रहे हैं। अभियान में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवेंद्र एवं जनपद के समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी सम्मिलित थे

### डीएम ने लिया ई-क्रॉप सर्वे कार्य का जायजा

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने गुरुवार को तरकुलवा ब्लॉक के कंचनपुर ग्राम पंचायत में ई क्रॉप सर्वे कार्य का जायजा लिया। उन्होंने लेखपाल एवं राजस्व विभाग के कार्मिकों से अद्यतन जानकारी प्राप्त की। डीएम ने कहा कि ई क्रॉप सर्वे शासन की प्राथमिकता का कार्य है, इसमें किसी भी तरह की कोताही न बरती जाए। कार्य को समयबद्धता के साथ पूर्ण किया जाए। सर्वे कार्य में लापरवाही करने वाले कार्मिकों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, तहसीलदार अरुण यादव सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

### डीएम ने किया नगर पंचायत तरकुलवा कार्यालय के लिए भूमि स्थल का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने आज तरकुलवा में नगर पंचायत कार्यालय निर्माण हेतु भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत का कार्यालय ऐसी जगह पर बनाया जाए जहां आमजन को आने जाने में किसी भी तरह की असुविधा न हो। रोड की कनेक्टिविटी अच्छी होनी चाहिए एवं भूमि पूर्णतया निर्विवादित होनी चाहिए। जनपद के समस्त नवनिर्मित नगर निकायों का खुद का कार्यालय बनाया जाएगा। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, तहसीलदार अरुण कुमार, ईओ पंकज कुमार सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे।

### बैदवली बुजुर्ग में अमृत कलश यात्रा प्रारंभ

**जन एक्सप्रेस/भाटपाररानी/देवरिया।** विकासखण्ड बनकटा के ग्राम पंचायत बैदवली बुजुर्ग में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत अमृत कलश यात्रा का प्रारंभ किया गया जो कि ब्लॉक से जनपद वहाँ से लखनऊ फिर राष्ट्रीय राजधानी में पहुँच कर पूरी होगी, इस कार्यक्रम का प्रारंभ गाँव के पंचायत भवन से हुआ, रवि द्विवेदी नें कहा कि कार्यक्रम किसी राष्ट्रीय पर्व से कम नहीं है इसमें सभी को बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए, इस कार्यक्रम को लेकर ग्रामवासियों में काफी जिज्ञासा और उत्साह का भाव देखा गया, ग्राम प्रधान मनोज गुप्ता और युवक मंगल दल के अध्यक्ष रवि बी. द्विवेदी के द्वारा यात्रा शुरू की गयी जिसमें पंचायत सदस्य रज्जाक अंसारी, पंकज पाण्डेय, शान्तनु पाण्डेय, सिवजी, तपनरायन कुशवाहा, रामबिहारी गोड., हिमांशु, इत्यादि ग्रामीण सहभागी रुप में शामिल हुए।

### खनन पट्टा धारक ए के त्रिपाठी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** पहाड़ के खनन पट्टाधारक को कच्चे माल बोल्डर की निकासी के लिए सरकार से मिले सिक्योरिटी पेपर में गिट्टी के लिए फर्जी परिवहन प्रपत्र छापकर धोखाधड़ी करके लाभ लेने के आरोप में खनिज निरीक्षक ने आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया है। मिली जानकारी के अनुसार खान निरीक्षक एजाज अहमद ने कोतवाली कुलपहाड़ में दी गई तहरीर में बताया है कि गोपनीय स्तर पर तीन परिवहन प्रपत्र मिले थे जिनकी जांच में पता चला था कि कुलपहाड़ स्थित पहाड़ पट्टा धारक ए के त्रिपाठी पुत्र रूदव त्रिपाठी के नाम से खनिकर्म निदेशालय से सुरक्षा प्रपत्र का भुगतान करके सरकारी कागज पट्टा धारक द्वारा प्राप्त किया गया था जो कि कच्चे माल बोल्डर की निकासी के लिए एम एम 11 प्रपत्र जारी करने के लिए वैध था किंतु उसके द्वारा उनका इस्तेमाल फर्जी वेबसाइट से प्रपत्र सी छाप कर बेच कर धोखा धड़ी की गई है। खान निरीक्षक की तहरीर पर धोखा धड़ी व खनिज चोरी सहित आई टी एक्ट की विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है जिस पर पुलिस ने आरोपी की तलाश पर संभावित ठिकानों पर छापेमारी की है किंतु अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

# कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित आधार पंजीकरण केन्द्र का जिलाधिकारी ने किया उद्घाटन

### अपडेट कराए जाएंगे दस साल पुराने आधार कार्ड

जन एक्सप्रेस। बहराइच

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के लाभार्थियों को आधार कार्ड में अभाव में गोल्डेन कार्ड बनवाने में किसी प्रकार की समस्या न हो को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्ट्रेट परिसर स्थित शिकायत प्रकोष्ठ में स्थापित किये गये आधार पंजीकरण केन्द्र का जिलाधिकारी मोनिका रानी ने फीता काटकर उदघाटन किया।



इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पूजा चौधरी, प्रशिक्षु पीसीएस प्रिन्स वर्मा, डीएसओ नरेन्द्र तिवारी, डीसी एनआरएलएम रामेन्द्र कुशवाहा, ई-डिस्ट्रिक मैनेजर सुमित तिवारी, डीएचईआईओ बृजेश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने आमजनमानस विशेषकर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की अर्हता रखने वाले ऐसे व्यक्तियों जिनका आधार कार्ड के अभाव में आधार कार्ड नहीं बन रहा है, से अपील की है कि आधार पंजीकरण केन्द्र के माध्यम से अपना आधार कार्ड के माध्यम से गोल्डेन कार्ड बनवाकर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। डीएम मोनिका रानी ने बताया कि आधार पंजीकरण केन्द्र में शून्य से 05 वर्ष तक के बच्चों का जन्म प्रमाण-पत्र के आधार पर आधार कार्ड बनवाया जा सकता है। इसी प्रकार 05 से 17 वर्ष आयु वर्ग के किशोरों का जन्म प्रमाण-पत्र अथवा आनलाइन निवास प्रमाण-पत्र के आधार पर आधार प्रमाण-पत्र बनवाया जा सकता हे। इसके अलावा जिन लोगों का आधार कार्ड 10 वर्ष से अधिक समय का है ऐसे लोग अपना आधार अपडेट करा सकते हैं। आधार पंजीकरण केन्द्र पर आधार कार्ड से सम्बन्धित किसी प्रकार का संशोधन भी कराया जा सकता है।

# मण्डलायुक्त ने अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा लगाये जा रहे अयोध्या लोगो का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास पर साकेत पेट्रोल पम्प के ओवरब्रिज के अन्त छोर पर अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा लगाये जा रहे अयोध्या लोगो का स्थलीय निरीक्षण किया तथा इसके साथ ही उन्होंने अयोध्या बाईपास के किनारे स्थित प्राईवेट भवनों की बाहरी दीवालों पर हाईवे से गुजरने वाले यात्रियों को अयोध्या की अनुभूति एवं अयोध्या की उत्कृष्ट ब्रान्डिंग हेतु अयोध्या लोगो को लगवाने के निर्देश दिये।इसके उपरांत उन्होंने लता मंगेशकर चौक के ऊपर से गुजरने वाली हाईटेशन लाईन जो जल्द ही विस्थापित होने वाली है, उनके टावरों को डिस्मेंटल न करके उनमे आकर्षक फसाड लाईटिंग सहित अन्य गतिविधियां कराने के सम्बंध



में भौतिक निरीक्षण किया तथा उन्होंने इन टावरों में क्या-क्या गतिविधियां की जा सकती है इसकी एक विस्तृत रूपरेखा बनाने के निर्देश दिये। अन्त में मण्डलायुक्त ने श्रीराम जन्मभूमि पथ में बनायी जाने वाली कैनोपी एवं स्वागत गेट के लिए कराये जा रहे कार्यों का अवलोकन किया तथा स्थल पर उपस्थित पीएम राजकीय निर्माण निगम को सभी कार्य तीव्र गति से सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुये कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रामनगरी के लगभग आधा दर्जन परिवार कई वर्षों से अंधेरे में रहने को मजबूर

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में जहां प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ दीपोत्सव कार्यक्रम से वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम कर रहे हैं तो इस नगरी को प्रकाश मय बनाने में जुटे हुए हैं वही रामनगरी के लगभग आधा दर्जन परिवार पिछले कई वर्षों से अंधेरे में रहने को मजबूर हैं टेढ़ी बाजार स्थित खटीक मंदिर के बगल मुराईटोला की स्थाई रहने वाली मनसा सोनी का परिवार विद्युत कनेक्शन हेतु विभाग के आला अधिकारियों की परिक्रमा करके थक चुकी हैं मनसा सोनी ने प्रेस प्रतिनिधि को बताया कि हमारा मकान लगभग 5 वर्ष पूर्व बना है नगर निगम में असेसमेंट भी है नगर

### विद्युत कनेक्शन देने के नाम पर विभाग कर रहा आनाकानी

निगम में टैक्स भी जमा करती हूं इधर कुछ माह पूर्व विद्युत विभाग ठेकेदार के माध्यम से प्रत्येक घर के सामने विद्युत केवल अंडरग्राउंड करके बॉक्स लगा रहे थे हमारे घर के आसपास विद्युत अंडरग्राउंड तार पोल नहीं लगाया गया लगाते समय स्थानीय लोगों ने ठेकेदारों से कहा भी परंतु ठेकेदारों द्वारा आश्वासन ही मिलाता रहा पता चला ठेकेदार सामान लेकर चले गए मनसा सोनी के आसपास के घरों के सामने अंडरग्राउंड केबल ना पडने से लगभग आधा दर्जन परिवार विद्युत कनेक्शन से वंचित है पूरा परिवार अंधेरे में रहने को मजबूर हैं लोगों के कागजात के आधार पर प्रधानमंत्री आवास भी दिया गया है परंतु विद्युत कनेक्शन देने के नाम पर विभाग आनाकानी कर रहा है विद्युत विभाग के जेई हरिश्चंद्र यादव कहते हैं सरकार द्वारा ऊपर से लाइन देने पर रोक लगी है घर के सामने अंडरग्राउंड केबल नहीं पड़ी है ऐसी दशा में कनेक्शन कैसे दिया जाए।प्रदेश सरकार सबके विकास की बात करते हैं शुद्ध पेयजल हवा प्रकाश व विद्युत व्यवस्था देने का दावा करती है परंतु राम नगरी में रामराज की जनता अंधेरे में रहने को मजबूर है

विभाग के कर्मचारी अधिकारी उपभोक्ता को कई तरह से परेशान करने का मन बना कर परेशान करने में जुटे हैं।

# महंत संजय दास के जन्मदिवस पर भव्य भंडारे का आयोजन

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

संकट मोचन सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजयदास का जन्म दिवस बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया इस पावन अवसर पर संकट मोचन सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास ने अपने जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाया। महंत संजय दास का जन्म दिवस अयोध्या के भगवताचार्य स्मारक सदन में संतो महंतों एवं भक्त जनों एवं धर्म गुरुओं की मौजूदगी में धूमधाम से मनाया। इस दौरान अयोध्या के सभी धर्मगुरु, भक्तों शिष्यों आदि ने उनका माला पहनाकर स्वागत सम्मान एवं अपना आशीर्वाद दिया। इस मौके पर काफी संख्या में साधु संत भक्तगण आदि उपस्थित रहे।

## अयोध्या जनपद में अब तक 49 हजार 4 सौ गायों को लगा टीका

# बेजुबान गौवंशों को लम्पी वायरस से बचाने के लिए योगी सरकार करा रही टीकाकरण

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

प्रदेश में गौवंशों में लम्पी वायरस का प्रकोप तेजी से फ़ैल रहा है। प्रदेशबीमारी की योगी सरकार ने बेजुबान गौवंशों को इस घातक बीमारी से बचाने के लिए सभी जनपदों को टीके उपलब्ध कराए हैं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ जगदीश सिंह ने बताया कि जिले में लम्पी वायरस से गौवंश को सुरक्षित करने के लिए 49 हजार चार सौ गाय को टीका लगाया जा चुका हैं। शासन की ओर से अब तक जिले में 62 हजार टीका आया है। जिले में टोटल 108 केस प्रकाश में आए हैं। जिसमें 74 कैसे एक्टिव हैं 34 रिकवर हुए हैं। आठ गाय की मौत हो चुकी हैं। इसको लेकर जिले में ब्लॉक स्तर पर डॉक्टर व एम्बुलेंस के साथ चार लोगों की नियुक्ति की गई है। हर ब्लॉक में एंबुलेंस सेवा उपलब्ध हैं। जागरूक बनें पशुओं की सुरक्षा करें लम्पी वायरस घातक है। इसका वैसे तो कोई विशेष उपचार नहीं है। समय से टीकाकरण व बाह्य परजीवियों से दूरी, बस यही है इस बीमारी से पशुओं को बचाव का कारगर हथियार। गौवंश में रोग के लक्षण लम्पी एक विषाणुजनित चर्म रोग है। पशु को तेज बुखार, आँख नाक से पानी गिरना, पैरों में सूजन, कठोर एवं चपटी गाँठ से शरीर का ढक जाना। पशुओं में नेफ्रोटिक घाट का होना। सांस लेने में कठिनाई, वजन घटना, शरीर कमजोर होना। गर्भपात अथवा दूध कम होना।

### रोग प्रकोप के समय क्या करें

निकटतम पशु चिकित्सा अधिकारी को तत्काल सूचित करें। प्रभावित पशु को स्वस्थ पशुओं से अलग करें। प्रभावित पशु का आवागमन प्रतिबंधित करें। मच्छरों, मक्खियों तथा किलनी आदि से बचाने के लिए कीटनाशक का उपयोग करें। पशुबाड़े गोशाला एवं पशु-खलिहान में फिनायल/सोडियम हाइपोक्लोराइट का छिड़काव करें। बीमार पशुओं की देखभाल करने वाले पशुपालक को अन्य पशुओं से दूर रखें।

### रोग के प्रकोप के समय क्या न करें

पशुओं को सार्वजनिक चरागाह पर न भेजें। पशु मेला एवं प्रदर्शनी में पशुओं को न भेजें। बीमार एवं स्वस्थ पशुओं को एक साथ चारा-पानी न करायें। प्रभावित क्षेत्रों से पशु खरीद कर न लायें। रोगी पशु का दूध बछड़े/बछिया को न पिलायें।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में कक्षा 5 के विद्यार्थियों ने 8 विकेट से दर्ज की जीत

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को कक्षा 5 तथा कक्षा 4 के बीच क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार 21 सितंबर को सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 4 एवं कक्षा 5 के मध्य 10-10 ओवरों के क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। क्रिकेट मैच में कक्षा 5 के बच्चों ने आठ विकेट से जीत दर्ज की। कक्षा 5 के छात्र आदित्य ने ऑल राउंडर प्रदर्शन करते हुए 25 रन बनाने के साथ-साथ विपक्षी टीम के तीन खिलाड़ियों को आउट किया जिससे उनको मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।



क्रिकेट मैच का उद्घाटन विद्यालय के प्राचार्य आसिम रूमी के द्वारा खिलाड़ियों की परिचय से किया गया। प्राचार्य ने पहली गेंद खेल कर क्रिकेट मैच की शुरुआत की औपचारिक घोषणा की। मैच में अंपायर्स की भूमिका उजैर जावेद एवं अली हसन ने निभाई। स्कोर की भूमिका में लईक अंसारी ने अहम भूमिका निभाई। मैच की कमेंट्री रजनी एवं काजल गुप्ता द्वारा की गई। दोनों कक्षाओं के खिलाड़ी प्रॉपर क्रिकेट यूनिफॉर्म में दिखे। कक्षा चार के कप्तान ऋतिक रघुवंशी और कक्षा 5 के कप्तान आदित्य के मध्य टॉस के लिए सिक्का उछाला गया जिसमें कक्षा चार के कप्तान ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। कक्षा 4 ने पहले खेलते हुए 10 ओवर के मैच में 47 रन बनाए। कक्षा 5 की ओर से आदित्य सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने तीन बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। मैच जीतने के लिए कक्षा 5 के बच्चों को 10 ओवर में 48 रन बनाने का लक्ष्य मिला। कक्षा 5 की ओपनर ऋषभ एवं समर की विकेट जल्द ही गिर गए। इसके बाद विराट और आदित्य ने पारी को संभालते हुए टीम कोड 4.2 ओवर में जीत दिला दी।

विराट ने 14 एवं आदित्य ने सर्वाधिक 25 रन बनाए। कक्षा चार की तरफ से अपूर्व ने ही दो विकेट लिए। कक्षा 5 ने कक्षा 4 को 8 विकेट से मैच हराया । मैच के उपरांत विद्यालय प्रधानाचार्य आसिम रूमी ने कक्षा 5 के बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि खेलों का हमारे जीवन में एक महत्वपूर्ण स्थान है। उन्होंने बच्चों को बताया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है, इसलिए हमें पढ़ने के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी प्रतिभाग करते रहना चाहिए। मैच के आयोजन में काजल गुप्ता एवं रजनी ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# लापरवाही: जल जीवन मिशन के अंतर्गत खुदाई की गई नालियों में गिरकर ग्रामीण और जानवर हो रहे चोटिल

जन एक्सप्रेस। बीकापुर- अयोध्या

जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल योजना में ग्राम पंचायतों में खुदाई करके डाली जा रही सप्लाई पाइप लाइनों के लापरवाही से खुदाई किए गए गड्ढे के चलते ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बरसात में खुदाई की गई नालियों मे गिरकर ग्रामीण और जानवर चोटिल हो रहे हैं। ग्राम पंचायतो में पाइप लाइन डालने के लिए की गई खुदाई के चलते लाखों रुपए की लागत से निर्माण कराया गया खड़ंजा मार्ग इंटरलॉकिंग सड़क क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। नियुक्त ठेकेदारों द्वारा पाइप लाइन डालने के लिए खुदाई कराई जा रहे गड्ढे को ठीक से दुरुस्त नहीं कराया जा रहा है। और ना ही क्षतिग्रस्त हुई इंटरलकिंग सड़क और खड़ंजा मार्ग का ही दुरुस्ती करण करया जा रहा है। जिसके चलते लोगों को दिक्कत हो रही है और ग्रामीण तथा लोगों के पालतू पशु गड्ढे में गिर कर चोट खा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में पानी की पाइपलाइन बिछाने के लिए ठेकेदार गड्ढे तो खोद दे रहे हैं लेकिन पाइपलाइन बिछाने के बाद गड्ढे में मिट्टी डालकर पाट नहीं रहे है। जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है। ऐसी ही एक दुर्घटना बृहस्पतिवार सुबह बीकापुर ब्लॉक के बसंतपुर गांव में हुई। जिसमें जल शक्ति मिशन योजना के तहत खोदे गए गड्ढे में एक गाय गिर गई। अथक प्रयास के बाद ग्रामीणों ने गाय का रेस्क्यू किया और उसको बाहर निकाल कर उसकी जान बचाई। और मौके पर फोन द्वारा शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई। ग्राम प्रधान उमाशंकर यादव ने बताया कि ठेकेदार के खिलाफ डीएम, एसडीएम व स्थानीय अधिकारियों से शिकायत की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि इसके पहले भी कई जानवर गड्ढे में गिरकर चोट खा चुके हैं। ठेकेदार से शिकायत करने पर उदासीनता दिखाई जाती है।

# किसान पी.जी. कॉलेज शिक्षक संघ ने उच्च शिक्षा राज्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। बहराइच

किसान पीजी कॉलेज शिक्षक संघ की ओर से बुधवार को उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अवध यूनिवर्सिटी ऑफ कालेज एंड टीचर्स एसोसिएशन की मांगों को समर्थन दिया गया है।



ज्ञातव्य है कि बीते मंगलवार को अवध विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो. वीपी सिंह तथा महामंत्री प्रो. जितेंद्र सिंह ने विश्वविद्यालय की कुलपति के समक्ष शिक्षक-छात्र हितों से संबंधित 9 सूत्रीय मांगों जिनमें मूल्यांकन, परीक्षा, मॉडरेशन आदि का ससमय भुगतान, वरिष्ठता सूची का शीघ्र प्रकाशन, पीएचडी नियमों में मनमानी और अनियमितता का निवारण, गंभीर रुप से पीड़ित व दिवंगत शिक्षको के परिवार जनों को शिक्षक कल्याण कोष से सहायता धनराशि अवमुक्त करने, प्रयोगात्मक परीक्षा में परीक्षको की नियुक्ति संबंधी तथा समस्त विषयों के अध्ययन बोर्ड संबंधी अनियमितताओं का निराकरण करने हेतु ज्ञापन दिया था। उक्त ज्ञापन की प्रतिलिपि बुधवार को किसान पीजी कॉलेज, बहराइच की शिक्षक संघ इकाई ने भी उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी को दिया। ज्ञापन देते हुए कॉलेज के शिक्षक संघ के महामंत्री चंद्र देव सिंह विसेन ने माननीय मंत्री जी को बताया कि विगत कई माह से विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर प्रतिभा गोयल शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों से नही मिल रहीं हैं और शिक्षक-छात्र समस्याओं के निराकरण में उदासीनता का परिचय दे रहीं हैं। महामंत्री चंद्र देव सिंह विसेन ने उच्च शिक्षा राज्य राज्यमंत्री से निवेदन किया कि कृपया आप शिक्षको द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों की लगातार की जाने वाली इस अवहेलना को गंभीरता से लेते हुए कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल को समस्या निस्तारण एवं शिक्षक प्रतिनिधियों से संवादहीनता दूर करने हेतु उचित कदम उठाएं। राज्य मंत्री ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए इस संवादहीनता, हठधर्मिता और शिक्षक समस्याओं को दूर करने हेतु सकारात्मक आश्वासन दिया।

इस अवसर पर किसान पीजी कॉलेज बहराइच के शिक्षक संघ के अध्यक्ष किशुनबीर, जिला शिक्षक संघ अध्यक्ष प्रो सूर्यभान रावत, जिला शिक्षक संघ महामंत्री डॉ. पंकज सिंह, समाजशास्त्र विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर कुमैल अब्बास, अनुपम सिंह, जिला शिक्षक संघ के मीडिया प्रभारी तथा हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. ज्ञानेन्द्र मणि त्रिपाठी, राजनीति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अंबुज मिश्रा, अंग्रेजी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर सुब्रत द्विवेदी, मध्य. इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर अनिल कुमार अवस्थी, प्राचीन इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर श्रेयात, भूगोल विभाग के अनुपम प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# नवाचार के रूप में लेमन ग्रास की खेती को अपनाएं कृषक : कविता

जन एक्सप्रेस। बहराइच

विकास भवन सभागार में आयोजित किसान दिवस की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना ने जिले के किसानों का आहवान किया कि परम्परगत खेती के साथ नित्य नई तकनीक, नवाचार, वैज्ञानिक शोधों तथा कृषि आधारित व्यवसाय, पशुपालन, मौनपालन एवं औद्यानिक खेती को अपनाकर अपनी आय में गुणात्मक इज़ाफा करें। सीडीओ ने जिले के कृषकों से कहा कि कृषि एवं एलायड विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाते हुए कृषि के क्षेत्र में नवाचार को अपनाने में कतई संकोच न करें। उन्होंने कहा कि हो सकता है पहले प्रयास में आपको सफलता न मिले परन्तु पहले प्रयास से मिला अनुभव आपके सम्पूर्ण जीवन में काम आने वाला है।



सीडीओ कविता मीना ने कहा कि कृषकों के प्रयास से आकांक्षात्मक जनपद में अच्छा कार्य हुआ है। जिसके लिए जिला, प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर कृषकों को सम्मान प्राप्त होने जिले को अनेको बार गौरान्वित होने का मौका मिला है। मुख्य विकास अधिकारी ने कृषकों को सुझाव बाज़ार की मांग के अनुसार फसलों का चयन करें इससे आपको अपनी उपज बेचने में आसानी तो होगी साथ ही अच्छा मूल्य भी प्राप्त होगा। उन्होंने कृषकों सुझाव दिया कि नवाचार के रूप में लेमन ग्रास की खेती को अपनाकर न्यूनतम 68 हज़ार प्रति एकड़ आज अर्जित की जा सकती है। उन्होंने बताया कि लेमन ग्रास की एक बार बोआई करने पर आगामी छः वर्ष तक फसल प्राप्त की जा सकती है।

बैठक के दौरान प्रगतिशील कृषक बब्बन सिंह एवं राजेश कुमार विश्वास व अन्य ने पयागपुर क्षेत्र अन्तर्गत लगभग 05 हज़ार हे. भूमि को जलभराव की समस्या से निजात दिलाये जाने हेतु जमुआर नाला निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण कराये जाने की मांग की। इस सम्बन्ध में सरयू नहर खण्ड के अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिया कि मौके की जांच कर आख्या प्रस्तुत करें। ओंकार नाथ पाण्डेय ने अलादादपुर में निर्मित ओवरहेड टैंक से जलापूर्ति न हो पाने की समस्या का समाधान कराये जाने की मांग पर अधि.अभि. जल निगम को अपेक्षित कार्यवाही के निर्देश दिये गये।

किसान दिवस के दौरान पंजाब अमृतसर से आये ब्लैक आई संस्था के प्रतिनिधि राखी रंजन सोनी ने जेमन ग्रास खेती के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए कृषकों को सुझाव दिया कि लेमनग्रास की खेती के उपरान्त उपज के विपणन में संस्था द्वारा अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जायेगा। जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय ने जिले में खाद एवं बीज की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि जिले में खाद एवं बीज की कोई कमी नहीं है। प्रभारी अधिकारी कृषि विज्ञान केन्द्र डॉ. के.एम. सिंह ने तिलहनी फसलों में सल्फर का उपयोग करने तथा वर्तमान धान की फसल में रोगों से बचाव के बचाव के बारे में सुझाव देते हुए कहा कि एन.पी.के. 05234 की 01 कि.ग्रा. व बोरान तथा एसीटामापेट की 100-100 ग्राम का छिड़काव करने से धान की बालियों के दाने स्वस्थ रहेंगे।

उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही ने किसानों को अवगत कराया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अन्तर्गत आगामी किश्तें केवल उन्हीं किसानों को भुगतानित की जाएंगी जिनका भूलेख अंकन, बैंक खातों की आधार सीडिंग तथा पीएम-किसान पोर्टल पर ईकेवाईसी का कार्य पूर्ण हो चुका है। श्री शाही ने बताया कि केन्द्र सरकार के कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार अधिकाधिक किसानों को लाभ प्रदत्त करने के उद्देश्य से ईकेवाईसी की अनिवार्यता में शिथिलता प्रदान करते हुए 14वीं किश्त का भुगतान कर दिया गया था परन्तु अब आगामी किश्तें केवल उन्हीं किसानों को भुगतानित की जायेंगी. जिनका भूलेख अंकन, बैंक खातों की आधार सीडिंग तथा पीएम-किसान पोर्टल पर ईकेवाईसी का कार्य पूर्ण हो चुका है। श्री शाही ने किसानों को सुझाव दिया कि तहसील एवं ब्लाक स्तर पर राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर संचालित पीएम-किसान सेवा केन्द्र/शिविर के माध्यम से ईकेवाईसी, आधार सीडिंग तथा भूलेख अंकन से सम्बन्धित कार्यवाही पूर्ण करा लें ताकि पेंशन प्राप्त करने के असुविधा न हो।

इस अवसर पर प्रगतिशल कृषक रामफेर पाण्डेय, ओमपाल सिंह, राम सागर वर्मा, अम्बिका प्रसाद, मुन्ना लाल वर्मा, अमित कुमार सिंह, मनोज कुमार वर्मा, चूरामणि उपाध्याय, लालता प्रसाद गुप्ता, शशांक सिंह, फूलचन्द गिरी, अभिषेक शुक्ला, विनय सिंह सहित अन्य एफपीओ निदेशकों/सदस्यों द्वारा संचालित गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान की गई। किसान दिवस के दौरान 02 एफपीओ के शेयरधारकों को सीडीओ द्वारा अंश प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर सम्बन्धित अधिकारी तथा बड़ी संख्या में प्रगतिशील कृषक मौजूद रहे।

# रात के अंधेरे में मछली का शिकार कर रहे ग्रामीण पर बाघ का हमला, मौत

- गजरौला पुलिस ने अपनी जान की परवाह न करके बाघ के मुंह से अधखाए रघुनाथ के शव को निकाला
- अधिकारियों की आओ भगत में लग रहे जनपद के वन अधिकारी समय पर नहीं पहुंचे घटनास्थल पर

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जंगल से एक किलोमीटर की दायरे में स्थित जंगल से निकल रहे नाले में मछली का शिकार करने गए मजदूर पर बाघ ने हमला कर दिया बाघ हमले के दौरान मजदूर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, घटना के अगले दिन पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीण के अधखाए शव को गाने के खेत से बरामद किया घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है।

घटना माधोटांडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रायपुर मुस्तक़िल रामपुर की है, जहां गजरौला थाना क्षेत्र की माला कॉलोनी का रहने वाला 28 वर्षीय रघुनाथ अपनी मां सुकली के साथ गांव में स्थित एक फार्म पर धान बीनने का काम करता था, बुधवार देर रात खेत पर काम करते समय मजदूर पर बाघ ने हमला बोल दिया इस दौरान मजदूर के साथ खेत में कम कर रहे गौरांग मित्रा ने बाघ हमले के बाद मामले की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। जिस पर पीलीभीत टाइगर रिजर्व के माला रेंज अधिकारी रोबिन,पूरनपुर रेंज अधिकारी श्याम लाल यादव और क्षेत्र प्रभारी श्रीराम भरत यादव घटनास्थल पर बुधवार रात 11:00 बजे पहुंचे जहां पता लगा कि रघुनाथ अपने परिवार की दो महिला एवं एक साथी के साथ जंगल से निकल रहे नाले पर मछली का शिकार कर रहा था जंगल की ओर से निकले बाघ ने उसे पर हमला किया और एक गाने के खेत में खींच के ले गया रात होने के कारण वन अधिकारी कुछ नहीं कर सके और सुबह तड़के ही बाघ हमले में घायल को ढूंढना शुरू किया ड्रोन कैमरा से




पता लगा कि एक गाने के खेत में बाघ द्वारा रघुनाथ का अधखाए शव पड़ा हुआ है खेत के बाहर काफी पटाखे बुलाए गए और शोर मचाया इसी बीच थाना गजरौला प्रभारी एवं भारी पुलिस फोर्स ने रघुनाथ के शरीर को अपने कब्जे में ले लिया और पंचनामा भर के पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, लेकिन विभाग की लाख कोशिशें के बाद भी जंगल के आसपास सूर्यास्त के बाद भी चहल कदमी रहती है जो आने वाले समय में और भी घातक हो सकती है ग्रामीणों को समय-समय पर अवगत कराया जाता है कि सूर्यास्त के बाद जंगल के बाहर एक किलोमीटर के दायरे में अकेले ना जाएं अगर जाना पड़े तो समूह में जाएं और शोर मचाते रहे लेकिन ग्रामीण वन विभाग की इन नसीहतों को मानने को तैयार नहीं है जिससे आए दिन कोई ना कोई घटना होती रहती है। वर्ष 2016 से सितंबर 2023 तक लगभग 43 लोगों की जान मानव वन्यजीव संघर्ष में जा चुकी है। 20 सितंबर रात 10:00 बजे से 21 सितंबर दोपहर 11:30 बजे तक जब तक मृतक का शव कब्जे में नहीं ले लिया गया था तब तक विभाग के उच्च अधिकारी घटनास्थल पर नहीं पहुंचे थे केवल रेंज अधिकारी पूरनपुर,माला और उनके स्टाफ ने मौके पर मोर्चा संभाल, कमल की बात रही के घटना वाले दिन वन विभाग के दो पीसीएफ जनपद में मौजूद थे लेकिन उन्होंने भी घटना स्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा नहीं लिया इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि मानव वन्यजीव संघर्ष रोकने की रणनीति केवल ऐसी के कमरे में बनाई जा सकती है जमीनी स्तर पर किसी भी तरह का फील्ड स्टाफ को कोई सपोर्ट नहीं मिलेगा।

23 फरवरी वर्ष 2016 से 20 सितंबर वर्ष 2023 तक मानव वनजीव संघर्ष में लगभग 43 इंसानों की गई जान।

- वर्ष 2016 में 05 की मौत।
- वर्ष 2017 में 17 की मौत।
- वर्ष 2018 में 03 की मौत।
- वर्ष 2019 में 01 की मौत।
- वर्ष 2020 में 08 की मौत।
- वर्ष 2021 में 03 की मौत।
- वर्ष 2022 में कुई घटना नहीं
- वर्ष 2023 में 20 सितंबर तक 06 की मृत्यु दर्ज की गई है।

# मेडिकल कालेज के ओटी टेक्नीशियन को पाया गया कदाचार का दोषी

- अनुशासन समिति की रिपोर्ट के आधार पर डीएम को भेजी फाइल
- ओटी टेक्नीशियन रजनीश कश्यप पर मनमानी से नौकरी करने का आरोप

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के अधीन कार्यरत जिला संयुक्त अस्पताल के स्टाफ में तैनात ओटी टेक्नीशियन के विरुद्ध चल रही जांच पूरी हो गई है। ओटी टेक्नीशियन रजनीश कश्यप को कदाचार का दोषी पाया गया है। जिलाधिकारी के आदेश पर गठित अनुशासन समिति की रिपोर्ट के आधार पर सीएमओ डा. आलोक कुमार ने पूरी रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी है। जिला स्वास्थ्य समिति के अनुमोदन के बाद ओटी टेक्नीशियन की सेवाएं समाप्त करने की कार्रवाई हो सकती है। दरअसल 1 अप्रैल 2023 से जिला संयुक्त अस्पताल को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में शामिल कर लिया गया। वहां उपलब्ध मानव संसाधन एवं भवनों को चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधीन कर दिया गया। साथ ही चिकित्सक, पैरामेडिकल, नर्सिंग, लिपिकीय व अन्य संवर्गों में शामिल स्टाफ को आगामी पांच वर्ष के लिए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में सेवाएं देने के आदेश दिए गए। स्टाफ का ड्यूटी चार्ट बनाने के दौरान नए आदेश में महिला अस्पताल में तैनात रहे ओटी टेक्नीशियन रजनीश कश्यप की ड्यूटी जनरल सर्जरी, आर्थो व ईएनटी की ओटी में लगा दी गई। ओटी टेक्नीशियन ने आदेश को नकारते हुए मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की। ओटी टेक्नीशियन की मनमानी से स्वास्थ्य सेवाओं के संचालन में दिक्कतों का सामना करना पड़ा जिस पर नोडल प्राचार्य ने पूरी स्थिति से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। मामले में सीएमओ डा. आलोक कुमार ने अपर मुख्य चिकित्साधिकारी व मेडिकल कालेज के वरिष्ठ चिकित्सकों की संयुक्त अनुशासन समिति गठित की। अनुशासन समिति ने व्यापक जांच के उपरांत आदेशों का उल्लंघन करने, मनमानी से नौकरी करने व रोगियों को परेशानी होने के मद्देनजर ओटी टेक्नीशियन रजनीश कश्यप को कदाचार का दोषी पाया है।

### प्राइवेट अस्पतालों में फूल रहा ओटी टेक्नीशियन का धंधा

ओटी टेक्नीशियन महिला अस्पताल में मनमानी से नौकरी करने का आदी है। सुबह 8 बजे आने के स्थान पर रजनीश अक्सर दोपहर 2 बजे के बाद अस्पताल आता था। मरीजों से पैसे लेकर गर्भवती महिलाओं के आपरेशन कराने में रजनीश की भागीदारी सामने आई। इसके अलावा शहर में नकटादाना चौराहा के पास रजनीश के द्वारा वैदिक अस्पताल का संचालन किया जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में महिला अस्पताल के मरीज भेजे जाते हैं। दिन भर स्वास्थ्य विभाग में तैनात आशा कार्यकर्ताओं का जमावड़ा वैदिक अस्पताल में रहता है। अस्पताल के संचालन में महिला अस्पताल के निश्चेतक डा.केएस चौहान की भी भूमिका है।

### माधोटांडा में गर्भवती की मौत, ओटी टेक्नीशियन की हिस्सेदारी

माधोटांडा में संचालित लाइफ केयर अस्पताल में पिछले दिनों आपरेशन के दौरान हुई गर्भवती की मौत में भी ओटी टेक्नीशियन की हिस्सेदारी सामने आई थी। महिला की मौत के बाद संचालक सामान लेकर भाग निकला। बताया गया कि अस्पताल का संचालन ओटी टेक्नीशियन द्वारा किया जा रहा था लेकिन उसमें दूरदराज के चिकित्सकों के कागज लगवा दिए गए। मामले को दबाने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने मोटी रकम वसूली। कई जानकारों ने बताया कि ओटी टेक्नीशियन खुद आपरेशन भी करता है जोकि समाज के लिए बहुत घातक है। इन सब मामलों का संज्ञान लेकर ओटी टेक्नीशियन के अस्पतालों व कार्यशैली की खुफिया एजेंसी से जांच कराने की तैयारी चल रही है।

# पुलिस को देख रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली लेकर चालक फरार

- सीओ ने उप जिलाधिकारी व खनन अधिकारी को दी जानकारी
- सिंचाई विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

**पूरनपुर।** खारजा नहर से अवैध खनन कर रेत भरकर आ रहे ट्रैक्टर ट्राली को सीओ ने रोकने का प्रयास किया तो चालक ट्रैक्टर को दौड़कर फरार हो गया। पुलिस क्षेत्राधिकार ने मामले की जानकारी कलीनगर उप जिलाधिकारी व खनन अधिकारी को दी। माधोटांडा पुलिस को आरोपितों की शिनाख्त कर कार्रवाई के निर्देश दिए। कलीनगर तहसील क्षेत्र की खारजा नहर का जलस्तर कम होने के बाद खनन माफिया सक्रिय हो गए हैं। रात के अंधेरे में दर्जनो ट्रैक्टर ट्राली लगाकर रेत का अवैध खनन किया जा रहा है।स्थानीय पुलिस पर मिली भगत के आरोप लग रहे हैं। बुधवार रात पूरनपुर पुलिस क्षेत्राधिकार आलोक सिंह गस्त चेकिंग कर कलीनगर रोड से जा रहे थे।गस्त के दौरान खारजा नहर से खनन कर आ रही रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस क्षेत्राधिकार ने रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देख चालक ट्रैक्टर ट्राली लेकर फरार हो गया।सीओ आलोक सिंह ने मौके पर जाकर देखा तो नहर से व्यापक स्तर पर रेत का खनन कर पटरी पर स्टॉक लगाया गया था। रात में मामले की जानकारी कलीनगर उप जिलाधिकारी आशुतोष गुप्ता व खनन विभाग के अधिकारियों को दी। माधोटांडा थाना प्रभारी अचल कुमार को खनन करने वाले आरोपितों की शिनाख्त कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।





### सिंचाई विभाग ने नष्ट कराई नहर पटरी पर लगी रेत

खनन माफियाओं ने नहर से अवैध खनन कर उतरी पटरी रेत का स्टॉक लगा रखा था। गुरुवार सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता बाइफरकेशन अशोक कुमार, शींचपाल मोरपाल ने मौके पर पहुंचकर नहर पटरी पर लगे रेत के स्टाक को नष्ट करा दिया। अवैध खनन के लिए नहर की कच्ची पटरियों को काटकर बनाए गए रास्ते को गड्ढा लगाकर बंद करा दिया गया।

> गस्त के दौरान रेत से भरी ट्राली को रोकने का प्रयास किया तो चालक ट्राली को दौड़ाकर भाग गया। नहर पटरी पर लगभग आठ ट्रॉली रेत का अवैध स्टाक लगा हुआ था। मामले की जानकारी एसडीएम कलीनगर व खनन विभाग के अधिकारियों को दी गई है।खनन विभाग की ओर से आरोपितों पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।
> -आलोक कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी पूरनपुर

### 108/102 एंबुलेंस के इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन को दिया गया दो दिवसीय प्रशिक्षण

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय पीलीभीत में लखनऊ से आए हुए प्रशिक्षक अनुज वर्मा ने एम्बुलेंस के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान बताया कि एंबुलेंस के अंदर गंभीर मरीजों को प्राथमिक उपचार किस तरह से करें ताकि उन्हें सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया जा सके और यह प्रशिक्षण 7 सितंबर से शुरू हुआ और 26 सितंबर को पूरा होगा। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 108/102 एम्बुलेंस का संचालन किया जा रहा है एंबुलेंस के अंदर इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन की तैनाती रहती है। मरीज को घटनास्थल से लेकर अस्पताल तक ले जाने के दौरान क्या-क्या प्राथमिक उपचार हो सकता है इसी को लेकर प्रशिक्षक अनुज वर्मा ने दो दिवसीय प्रशिक्षण में जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान ओडीएस, नेबुलाइजर, बीपी, आदि के साथ-साथ ईआरसीपी की सहायता से गंभीर मरीज , गर्भवती महिलाओं का परीक्षण व प्राथमिक उपचार करने की विस्तार से जानकारी दी।

# जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का किया औचक निरीक्षण

- जिलाधिकारी ने देखी निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज की प्रगति, दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने आज निर्माणाधीन मेडिकल कालेज का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन मेडिकल कालेज के निर्माण कार्यो को देखा। इसके साथ ही साथ उन्होंने फॉल सीलिंग के कार्य को देखा और उसकी गुणवत्ता परखी, फॉल सीलिंग के कार्य को तेजी से कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान लेक्चर हॉल, सेन्टरल रिसर्च लैब, मेडिकल एजुकेशन रूम, शौचालय, स्टॉफ ऑफिस, प्रधानाचार्य कक्ष, डेमोरूम, लाइब्रेरी, हास्टल, टाइप-3 के रूमों, विद्युत फिटिंग व्यवस्था व दरवाजों की गुणवत्ता सहित अबतक कराये गये कार्यों को देखा। निरीक्षण के दौरान प्रथम फ्लोर पर लेक्चर थियेटर सीलिंग फैन लगाने के निर्देश दिये। हास्टल में विण्डों में शीशे लगाने हेतु कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए। कैफे एरिया हॉल में एसी लगाने के निर्देश दिये। सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि अतिरिक्त लेबर लगाकर कार्यों को समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने निर्माणाधीन कॉलेज में चल रहे कार्यों को तेजी से कराने के निर्देश दिये और सम्बन्धित संस्था को कड़े निदेश देते हुये कहा कि निर्धारित मानकों के अनुसार समस्त कार्य करायें जाये। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि मेडिकल कॉलेज में विद्युत कनेक्शन, पेयजल व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाऐं व समस्त कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।

## फास्ट फॉरवर्ड

### चिकित्सक पर महिला ने लगाया बच्चा बदलने का आरोप

**जन एक्सप्रेस/जौनपुर।** नगर के एक निजी नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान बुधवार की देर रात महिला ने चिकित्सक पर बच्चा बदलने का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराकर प्रसुता के परिवार को घर भेज दिया। शाहगंज नगर के एराकियाना मोहल्ला स्थित एक निजी नर्सिंग होम में प्रसव के दौरान बच्चें के बदलने पर हंगामा हो गया। पीड़िता भांदी मोहल्ला निवासी नीलम बानो पत्नी शैफ इरानी है। महिला को आपरेशन के उपरांत प्रसव कराया गया था। पीड़िता का आरोप है कि बच्चा बदल दिया गया। इस दौरान परिजनों ने चिकित्सालय में जमकर हंगामा किया। सूचना पर मौके पर पहुंचे कोतवाली उपनिरीक्षक वरूणेन्द्र राय ने किसी तरह समझा बुझाकर मामला शांत कराया। फिलहाल जहां पीड़िता व परिजन बच्चे को बदलने का आरोप लगा रहे हैं वहीं चिकित्सक मोहम्मद अरशद का कहना है कि महिला ने जो आरोप लगाया है निराधार है।

### पुरानी पेंशन को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस/पीलीभीत।** बृहस्पतिवार को पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच द्वारा रेलवे स्टेशन पीलीभीत पर पुरानी पेंशन की मांग को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन संयोजक राजकुमार शर्मा सचिव रेलवे मजदूर यूनियन शाखा पीलीभीत के नेतृत्व में किया गया। धरना प्रदर्शन में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं सरकार से पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग करी। इस धरना प्रदर्शन में नलकूप चालक, आईटीआई, सिंचाई विभाग, पीडब्लूडी, कृषि विभाग, कलेक्ट्रेट, रेलवे एवं शिक्षक संघ के कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया । प्रतिभाग करने वाले कर्मचारियों में मोहम्मद अतहर ,नितेश, आशुतोष, अशोक कुमार, सदाकत, इमरान, भानु प्रताप, अर्जुन, हरिओम चौधरी, सत्यम, अनुज, अनूप कुमार, लव प्रसाद मोहन श्याम अजय मदन लाल आदि कर्मचारी रहें। धरने का संचालन हरिओम चौधरी मंत्री राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा किया गया।





### भंगा मोहम्मगंज में बन रहे सरकारी कूड़ा दान में लगाई जा रही है घटिया सामग्री

**जन एक्सप्रेस/अमरिया।** जनपद पीलीभीत के अमरिया ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत भंगा मोहम्मदगंज में वन रहा है। सरकारी कूड़ा दान जिसमे सामग्री घटिया किस्म की लगाई जा रही है सरकार को लगाया जा रहा है चूना । ईंट व रेता बेकार किस्म का लगवाया जा रहा है रेत देहवा नदी का लगाया जा रहा है। भंगा मोहम्मदगंज के प्रधान व ठेकेदार ग्राम विकास अधिकारी तीनों मिलकर कर रहे हैं। गोल माल मीडिया ने खण्ड विकास अधिकारी से जानकारी ली तो खण्ड विकास अधिकारी ने मीडिया को बताया कि अगर उसमे घटिया सामग्री लगाई जा रही है मानकों के विरोध है तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# महिलाओं को स्वावलंबी रोजगार युक्त बनाना सरकार की प्राथमिकता : रमेश सिंह






**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

- सुल्तानपुर की रंजू चौरसिया ने मेहंदी में प्रथम स्थान हासिल कर प्रतियोगिता अपने नाम किया
- जौनपुर की शाहगंज ब्यूटी पार्लर मेकप में प्रथम स्थान हासिल कर प्रतियोगिता अपने किया

महिलाओं को स्वावलंबी रोजगार युक्त एवं राजनीति में अपने पैरों पर खड़ा करना मोदी योगी सरकार की प्राथमिकता में है उक्त बातें शाहगंज विधायक रमेश सिंह पं.श्रीपति मिश्र मैरिज लांन में मेहंदी व मेकप आर्टिस्ट प्रतियोगिता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि आज सरकार महिलाओं के उत्थान हेतु विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाएं चलाकर उन्हें स्वालंबी बनाने के लिए कार्यक्रम चल रही है कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि शिव कुमार सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष सुल्तानपुर, अध्यक्ष नगर पालिका कादीपुर आनंद जायसवाल भाजपा नेता पूर्व ब्लाक प्रमुख श्रवण कुमार मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार ब्यूरो चीफ जन एक्सप्रेस संतोष कुमार दीक्षित, ने भी संबोधित किया। इसके पूर्व प्रतियोगिता की शुरुआत कार्यक्रम के निर्णायक मंडल की जज सबा खांन दिल्ली,कनक सिंह आजमगढ़,ज्योति शर्मा कानपुर की मौजूदगी हुई। मेंहदी में प्रथम स्थान दोस्तपुर सुल्तानपुर की रंजू चौरसिया ने प्राप्त किया।दूसरे स्थान पर मतसो सुल्तानपुर तथा तीसरे स्थान पर रही मानसी सुल्तानपुर ने जीत हांसिल की है।मेकअप प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली शाहगंज ब्यूटी पार्लर से द्वितीय पुरस्कार लाडो ब्यूटी पार्लर सूरापुर ने जीता तो तृतीय पुरस्कार की विजेता रही सपना ब्यूटी पार्लर दोस्तपुर ने अपने नाम किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामप्रकाश मिश्रा दधिची ने किया संचालन विकास उर्फ गोलू अग्रहरी ने किया।कार्यक्रम के आयोजक विकास अग्रहरी ने सभी आगंतुक का आभार व्यक्त किया।

# मुकदमे में समझौता न करने पर परिवार सहित जान से मारने की धमकी

- सोशल मीडिया पर फोटो वायरल कर छवि धूमिल करने का आरोप
- कार में टक्कर मारने के बाद धारदार हथियारों से पीछा कर किया था हत्या का प्रयास

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

कार में टक्कर मारने के बाद मारपीट कर हत्या के प्रयास के दर्ज मुकदमे में समझौता न करने पर आरोपियों ने युवक को घेरकर धमकाते हुए समझौते का दबाव बनाया। मना करने पर परिवार सहित जान से मार देने की धमकी दी। युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पूरनपुर के अशोक कॉलोनी निवासी जगजीवन सिंह बाजवा ने बताया कि 25 अगस्त 2020 को पत्नी रुपिंदर कौर के साथ गोपालपुर शादी समारोह से वापस लौट रहे थे।इसी दौरान मनप्रीत सिंह पुत्र निर्मल सिंह फ्लैट नंबर 403 ओमेक्स रूद्रपुर उधम सिंह नगर, सतवन्त सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी फुलसंगा बिलासपुर रामपुर,सिमरन सिंह पुत्र सतनाम सिंह निवासी जटपुरा पूरनपुर,अमृतपाल सिंह पुत्र लखविंदर सिंह मकरंदपुर ने दंपति को जान से मारने की नीयत से कार में पीछे से टक्कर मार दी थी।दंपति दिल पंजाबी के पास कार खड़ी कर जान बचाने के लिए घर में घुस गए थे। धारदार हथियार लेकर पीछा कर रहे आरोपियों ने दिल पंजाबी होटल में घुसकर तोड़फोड़ कर मारपीट की थी। वीडियो बना रहे पुलिस कांस्टेबल का मोबाइल छीनकर अभद्रता की थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास,धारदार हथियार से हमला कर घायल करने,जान से मारने की धमकी,घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़, करने का मुकदमा दर्ज किया था।मामला कोर्ट में विचाराधीन है। बुधवार कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि आरोपी आए दिन रास्ते मे घेरकर कोर्ट में विचाराधीन मुकदमे में समझौते का दबाव बना रहे हैं।आरोप है कि ऐसा न करने पर दबंगों ने परिवार सहित जान से मारने की धमकी दी। दबंग आए दिन अवैध असलहा के साथ रास्ते में चक्कर लगाकर डरा धमका रहे हैं।

# अधिकारियों के संरक्षण में तहसील के सरकारी कार्यालय पटल प्राइवेट कर्मियों के भरोसे

**जन एक्सप्रेस । संतोष कुमार दीक्षित**

- काम करने के नाम पर प्राइवेट कर्मियों द्वारा हर पटल पर की जाती है सुबिधाशुल्क की मांग
- भ्रष्टाचार पर सरकार की जीरो जीरोट्रालेंस की नीति पर पलीता लगा रहे हैं अधिकारी

**जौनपुर।** एक तरफ जहां योगी सरकार सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार पर जीरो जीरोट्रालेंस पर कार्य करने का दावा कर फरियादियो के साथ बेहतर से बेहतर संबंध स्थापित कर त्वरित भ्रष्टाचार मुक्त न्याय दिलाने का निर्देश दिया प्रदेश के अधिकारी कर्मचारी को दिया गया है वहीं सरकार के उक्त दावे को उनके ही जलि में तैनात अधिकारी कर्मचारी मानने को तैयार नहीं है । अधिकारी कर्मचारी अपने स्थान पर सभी सरकारी पटलो पर प्राइवेट कर्मचारीयो को रखकर कार्य करा रहे हैं। और उक्त कर्मियों द्वारा बगैर किसी रोक टोक कार्य करने के नाम पर सुबिधाशुल्क की मांग करते हैं न देने पर कार्य नहीं करते हैं जिसका उदाहरण शाहगंज तहसील समेत जिले के सभी तहशीलो में देखा जा सकता है शाहगंज तहसील के उप निबंधक कार्यालय से लेकर उपजिलाधिकारी, तहसीलदार न्यायिक के न्यायालयों सहित सभी सरकारी पटलो पर प्राइवेट कर्मचारी भरमार है।और दूर दराज से आते फरियादियों से उक्त कर्मियों द्वारा धन उगाही की जाती है जिसको लेकर आए दिन प्राइवेट कर्मियों फरियादियों के बीच किचकिच होती रहती है। यही नहीं तहशील के अधिकतर लेखपाल भी अपना एक प्राईवेट कर्मी रखकर वकायदा तहशील क्षेत्र के फरियादियों से काम करने के नाम पर सुबिधाशुल्क दिलवा रहे है। सूत्रों की माने तो जिले के सभी आलाधिकारियों जानकारी होने के बावजूद भी जिला प्रशासन मौन साधे हुये है। इससे प्रतीत होता है कि जितने भी प्राइवेट कर्मचारी सरकारी कार्य कर रहे हैं कहीं न कहीं तहसील प्रशासन की मिली भगत से यह कार्य हो रहा है। जिसको लेकर आम जनमानस में आक्रोश है जहां एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार अपने नेक इरादों के साथ अपनी साफ सुथरी छवि प्रदेश के अंदर बनाने के लिए प्रदेश के हर जिलों में सरकारी दफ्तरों से प्राइवेट कर्मचारी को हटाकर हर दफ्तर को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना चाह रही है। उसी सरकार के अधिकारी व कर्मचारी सरकार की इस के मिशन पानी फेरने में दिन रात लगे हुए हैं। बहरहाल इस संदर्भ में जिलाधिकारी से प्रशासनिक पक्ष जानने के लिए मोबाइल पर संपर्क किया तो पीआरओ ने बताया की साहब वाराणसी में मीटिंग में है एडीएम को फ़ोन लगाया तो उठा नहीं। बहरहाल जो भी हो सरकार को इस संदर्भ में जांच कर कर दोषियों पर कार्रवाई करनी चाहिए।

# शराब ठेके के सेल्समैन को गोली मार कर नगदी लूटी

**❋ पुलिस घटना को मान रही संदिग्ध, बोली गोली लगने की नहीं हुई पुष्टि**

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



सदर कोतवाली पुलिस एक लूट के खुलासे के करीब पहुंची थी कि बीती रात हुसैन नगर चौराहे के पास लुटेरों ने दूसरी घटना को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दे डाली। शराब दुकान बंद कर जा रहे सेल्समैन को बाइक सवार लुटेरों ने गोली मारकर घायल करने के बाद उससे नगदी छीन ली। कोतवाली पुलिस सेल्समैन को घायल हालत में जिला अस्पताल लाई। जहां से उसे रात में ही कानपुर के हैलट रेफर कर दिया गया है। हलांकि पुलिस इस घटना को संदिग्ध बता रही है। अजगैन कोवताली के जनसार गांव निवासी राकेश कुमार (40) जमुका स्थित देशी शराब ठेके में सेल्समैन है। बुधवार रात करीब साढ़े 11 बजे वह बाइक से अपने घर जा रहा था। सदर कोतवाली क्षेत्र के हुसैन नगर चौराहे के पास पीछे से आए बाइक सवार तीन लुटेरों ने गोली मारने के बाद बिक्री के 55 हजार रुपये लूट लिए और भाग निकले। घटना की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घायल सेल्समैन को जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड लाकर भर्ती कराया। घटना की सूचना पर एएसपी शशिशेखर सिंह और सीओ सिटी आशुतोष कुमार अस्पताल पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे कानपुर हैलट रेफर कर दिया गया। इस मामले में पुलिस का कहना है कि मेडिकल परीक्षण राकेश एल्कोहालिक पाया गया है। डॉक्टरों ने गोली लगने की पुष्टि नहीं की है। पीड़ित राकेश को एक्स-रे लिए कानपुर हैलट रेफर किया गया है। मौके पर जिस व्यक्ति ने सबसे पहले राकेश को देखा उसने लूट न होने की बात कही है। घटना के सभी बिन्दुओं की जांच की जा रही है। तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सरिया व्यापारी से हुई लूट का पुलिस ने किया खुलासा

**❋ पूर्व के मुनीम ने बदला लेने के लिए साथी के साथ की थी वारदात**

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



सदर कोतवाली क्षेत्र में सरिया व्यापारी के साथ हुई दो लाख की लूट का पुलिस ने अनावरण कर दिया। व्यापारी पूर्व मुनीम ने ही साथी के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने लूटी गयी रकम में 84900 रुपये, एक बैग, चार डायरी, तीन नोटबुक, दो मोबाइल व घटना में प्रयुक्त पल्सर बाइक बरामद की है। बता दें कि सदर कोतवाली के एबी नगर मोहल्ला निवासी सुशील जायसवाल की गदनखेड़ा बाईपास पर सरिया की दुकान है। 14 सितम्बर की शाम करीब पौने सात बजे जब वह दुकान बंद करके बाइक से घर जा रहे थे। तभी दुकान से मात्र 50 मीटर की दूरी पर दो अज्ञात बाइक सवार युवक उसे धक्का मार कर गिरा दिया और गाड़ी में टंगा बैग लेकर फरार हो गए। व्यापारी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने घटना के खुलासे के लिए सदर कोतवाली, दही पुलिस के अलवा स्वाट व सर्विलांस की टीमे लगाई थी। घटना के खुलासे में लगी टीमो ने प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार, दही थाना प्रभारी अनुराग सिंह, स्वाट प्रभारी देवी प्रसाद तिवारी जांच पड़ताल के दौरान जब दुकान के मौजूदा व पूर्व कर्मचारियों का सिजरा खंगाला पूर्व में मुनीम रहे अभिषेक प्रताप सिंह पुत्र धर्मेंद्र प्रताप निवासी कालेज रोड एबी नगर पर शंका हुई। सरिया व्यापारी ने बताया कि मुनीम ग्राहकों को तौल कराते समय अधिक सरिया देता था जिसकी रकम वह गुपचुप तरीके से अलग से लेता था। इसकी जानकारी होने पर उसे काम से निकाल दिया गया था। पुलिस ने जब अभिषेक से संपर्क का प्रयास किया वह नहीं मिला जिस पर शक और गहरा गया। बीती रात मुखबिर की सूचना पर कांशीराम कालोनी तिराहे पर पल्सर बाइक सवार अभिषेक व उसके साथी प्रदीप सिंह उर्फ मंजीत सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम हिन्दूखेड़ा थाना कोतवाली सदर को पुलिस ने दबोच लिया। तलाशी के दौरान 84,900 रुपए नकद व दो मोबाइल बरामद बरामद किए गए। पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। अभिषेक प्रताप ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि सुशील ने 2019 में उसे काम से निकाल दिया था। बेरोजगारी मार झेल रहे अभिषेक ने अपने साथी मंजीत उर्फ प्रदीप के साथ सुशील जायसवाल को सबक सिखाने के इरादे से लूट की योजना बनाई। घटना वाले दिन शाम 6.15 बजे दुकान के सामने हाईवे पर खड़े होकर दुकान बंद होने का इंतजार करने लगे। जैसे ही सुशील दुकान बंद कर बाइक पर सवार होकर बढ़ा तो मुंह पर गमछा लपेट कर हम लोगों ने उसका पीछा किया। धक्का मार कर संशील को गिराया और मंजीत के बैग छीन लेने पर हम कानपुर की ओर भागे। आगे जाकर बैग खोला जिसमें लेखा जोखा की कई डायरी व नोट बुक तथा 500 व 200 के नोट थे। गिनने पर रुपये एक लाख थे जिसे आपस में आधे आधे बांट लिए। बैग व उसमें रखे सामान को गहरा के पास झाड़ियों में फेंक दिया था। कुछ रुपये हम लोगो से खर्च भी हो गये है। पुलिस ने दोनों के पास से 84900 रुपये की नगदी बरामद की है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### अवैध गतिविधियों में संलिप्त पांच पुलिस कर्मियों पर गिरी गाज

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** अवैध कार्यों से दूरी बनाने के सख्त निर्देशों के बाद भी कुछ पुलिस कर्मियों का रवैया नहीं सुधरा। गोपनीय जांच में उनके अवैध कार्यों में संलिप्त होने की बात सामने आने पर एसपी ने तीन सिपाहियों को लाइन हाजिर किया है। इसके साथ दो अन्य मामलों में भी एसपी ने कार्रवाई करते हुए दो और आरक्षियों को लाइन का रास्ता दिखाया है। एसपी के सख्त निर्देश हैं कि किसी भी कर्मी के द्वारा कहीं पर भी अवैध कार्य में संलिप्त पाई गई तो कार्रवाई की जाएगी। बावजूद मातहत सुधारने का नाम नहीं ले रहे हैं। गोपनीय रिपोर्ट में सदर कोतवाली में तैनात तीन पुलिस कर्मियों की जुए में मिलीभगत पाए जाने पर उन्हें लाइन हाजिर किया गया है। सदर कोतवाली में तैनात कुछ पुलिसकर्मियों की जुए में संलिप्तता पाए जाने की सूचना पर एसपी ने गोपनीय तरीके से जांच कराई। जिसमें हेड कांस्टेबल पातीराम मौर्य, चंद्रप्रकाश तिवारी, आरक्षी ओम नारायण की मिली भगत पाई गई। जिसके बाद उन्हें लाइन हाजिर कर दिया गया। वहीं प्रधान लिपिक कार्यालय में तैनात आरक्षी देवेंद्र कुमार का एक वीडियो वायरल होने पर लाइन हाजिर कर दिया गया है। बिहार थाने में तैनात सिपाही विनीत कुमार को भी लाइन हाजिर किया गया है।

### डोर टू डोर बिजली के मीटर और बिल किए चेक

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** गुरूवार शाम नोडल अधिकारी लखनऊ शक्तिभवन अधिशाषी अभियंता राजीव शर्मा, अधीक्षण अभियंता एस के चौधरी, एक्सईएन सूर्योदय कुमार वर्मा, एसडीओ राजकुमार कुशवाहा, जेई विष्णु शुक्ला के साथ नगर के पोनी रोड, बिन्दा नगर चौराहे पर पहुंचे। जहां उन्होंने डोर टू डोर बिजली के मीटर, बिजली के बिल बिजली कर्मियों से चेक कराये। इस दौरान कई बड़े बकायेदार मिले। उनसे बिजली के बिल जमा करने को कहा। इसके साथ ही उपभोक्ताओं की समस्याओं से भी रूबरू हुये। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत उपभोक्ताओं की सभी समस्याओं को दूर किया जायेगा। जिससे उन्हें कोई दिक्कतें न आ सके। जेई ने बताया कि पहले दिन 15 उपभोक्ताओं के कनेक्शन चेक किया गया। जिसमें पांच उपभोक्ताओं के मीटर का लोड बढ़ाया गया और पांच बकायेदारों ने बिल जमा किया।

### मरहला चौराहे तक वाहनों की लगी लम्बी कतार

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** दोपहर के समय अप और डाउन लाइन से ट्रेनें निकलने के कारण सरैयां क्रासिंग पर जाम की स्थिति बनी रही। क्रासिंग बंद होने से एक ओर मरहला चौराहे तक वाहनों की कतार लग गई। वहीं दूसरी ओर नेतुआ गांव के सामने तक जाम लगा रहा। इसके अलावा बैराज मार्ग पर आरओबी का कार्य होने से भी वाहन सवारों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी। क्रासिंग खुलने पर वाहन सवार आपाधापी में निकलने लगे। जिससे जाम और पेंचीदा हो गया। मौजूद पुलिस कर्मियों ने आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद जाम हट सका। इस दौरान करीब 45 मिनट तक जाम की स्थिति बनी रही। जिससे लोगों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी।

### गणेश महोत्सव में कार्यक्रम आयोजित किये गये

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** साकेतपुरी और भातू फार्म के पास हो रहे गणेश महोत्सव में गौरी-गणेश की महाआरती हुई। इसके अलावा मिश्रा कालोनी, चंपापुरवा, पोनी रोड, राम नगर, ऋषी नगर, नेहरू नगर राजमार्ग, आदि स्थानों पर गणेश महोत्सव में कार्यक्रम आयोजित किये गये। वहीं चंपापुरवा शिव पार्क, बाबा मंदिर के सुबह शाम महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें श्रद्धालु बढ़ चढ़ कर गजानन की आरती कर रहे हैं। वहीं साकेतपुरी में गणपति बप्पा का श्रंगार कराया गया। पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। वहीं श्री गणेश नवयुवक सेवा समिति की ओर से भातू फार्म में विराट 27वां श्री गणेश महोत्सव मनाया गया। जहां भक्तों ने बाबा को छप्पन भो लगाया। इसके साथ ही सुबह शाम महाआरती का आयोजन किया गया। इसके साथ ही गगनी खेड़ा फत्ते खेड़ा झील में चंपापुरवा में रहने वाले महेश सक्सेना, अलोक सक्सेना, कृष्णा, कृशिव, सारांसी, प्रिया, नेहा आदि ने मूर्ति विसर्जन किया।

### पंप हाउस खराब होने के कारण जलापूर्ति ठप

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** ऋषि नगर शहीद पार्क स्थित पालिका के पंप हाउस से ऋषि नगर, गाजी खेड़ा, यूनियन कार्बाइड, ऋषि आश्रम के लगभग पांच हजार घरों में जलापूर्ति की जाती है। पांच दिनों से पंप हाउस खराब होने के कारण जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। क्षेत्रीय लोगों ने इसकी शिकायत पालिका से की। जिस पर जल कल विभाग के जेई ने जांच की। जिसके बाद बुधवार को ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर जल कल कर्मी शहीद पार्क पहुंचे। जहां कर्मियों ने खोदाई का काम किया। इस बावत जल कल प्रभारी पंकज ने बताया कि बोरिंग की खोदाई शुरू करा दी गई है। खोदाई होने के बाद मौरंग की बजरी डालकर पंप हाउस चालू किया जायेगा। यदि पानी आ गया तो जलापूर्ति चालू हो जायेगी, अन्यथा दूसरी बोरिंग कराई जायेगी।

# ससुराल गए युवक की संदिग्ध हालातों में मौत

**❋ पोस्टमार्टम में अत्यधिक शराब पीने की पुष्टि, जहरीली शराब जांच के लिए बिसरा सुरक्षित**

**❋ पिता ने ससुरालीजनों पर जताई बेटे की हत्या करने की आशंका**

**❋ हिमाचल प्रदेश में रहकर मजदूरी करता था युवक, चार दिन पहले लौटा था गांव**

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की उसकी ससुराल में संदिग्ध हालातों में मौत हो गयी। मौत की ख़बर से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया जिसमें अत्यधिक शराब पीने से मौत की पुष्टि हुई है। शराब में जहरीला पदार्थ होने की पुष्टि के लिए बिसरा सुरक्षित किया गया है। वहीं मृतक के पिता ने ससुराली जनों के विरुद्ध अपने पुत्र की हत्या करने की आशंका जताई है। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम आशायस निवासी संतोष (24) पुत्र श्री पाल हिमांचल प्रदेश में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। चार दिन पूर्व ही वह वापस लौटा था। अगले दिन वह अपनी पत्नी और बच्चों लेने अपनी ससुराल कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र के गांव तिलक पुरवा गया था। तीन दिनों तक ससुराल में रुकने के बाद बुधवार शाम संतोष पड़ोसी गांव दारापुर की बाजार गया था। जहां अचानक उसकी हालत बिगड़ गई। जानकारी पर पहुंचे ससुरालीजन उसे निजी अस्पताल ले गए। डॉक्टर ने उसकी हालत देख हाथ खड़े दिए जिस पर उसे सीएचसी बांगरमऊ पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जवान और कमाऊ बेटे की अचानक मौत की खबर मिलते ही मां राजरानी और पिता श्रीपाल बेहाल हो गए। पिता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पिता ने कोतवाली में बेटे की हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए तहरीर दी है। कोतवाल ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर घटना की जांच कर समुचित कार्यवाही की जाएगी। मृतक अपनी पत्नी राधा और दो पुत्र आजाद 5 वर्ष व दो माह का अनाम पुत्र तथा एक पुत्री देवांशी 3 वर्ष को रोता बिलखता छोड़ गया। उधर पोस्टमार्टम में अत्यधिक शराब पीने से उसकी मौत की पुष्टि हुई है। शराब जहरीली थी इसकी पुष्टि के लिए बिसरा सुरक्षित किया गया है।

# एक्सप्रेस वे पर विधायक की बीएमडब्ल्यू मवेशी से टकराने के बाद डिवाइडर से भिड़ी

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

**❋ मवेशी की मौत, गनर व चालक समेत विधायक बाल बाल बचे**

**❋ संत कबीर नगर विधायक लखनऊ से दिल्ली जाते समय हुए हादसे के शिकार**

लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत लखनऊ से दिल्ली जा रहे संतकबीर नगर से भाजपा विधायक की तेज रफ्तार एक गोवंश से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गयी। हादसे में गोवंश ने मौके पर ही मौत हो गयी जबकि कार सवार विधायक, उनके गनर व चालक बाल बाल बच गए। संतकबीरनगर के खलीलाबाद सीट से भाजपा के विधायक अंकुर तिवारी अपनी बीएमडब्ल्यू कार से लखनऊ से दिल्ली जा रहे थे। गुरुवार भोरपहर 4:30 बजे एक्सप्रेस वे पर बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र अतंर्गत गहरपुरवा गांव के निकट अचानक एक गोवंश कार के सामने आ गया। कार उसे टक्कर मारते हुए डिवाइडर में जा टकराई। हादसे में गोवंश की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि कार सवार विधायक अंकुर तिवारी, उनका चालक सुशील कुमार निवासी कल्याणापुर थाना मल्लावां हरदोई व गनर अभिचल शुक्ला को मामूली चोटे आई। हादसे में कार बुरी तहर क्षतिग्रस्त हो गयी। यूपीडा रेस्क्यू टीम ने मृत मवेशी के शव को हटवाकर कार को किनारे कराया। विधायक लखनऊ से दूसरी कार मंगा कर दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

# पांच साल की मासूम से गांव के ही किशोर ने की दरिंदगी

**❋ एएसपी के निर्देश पर दुष्कर्म, पॉक्सो व अन्य धाराओं में मुकदमा हुआ दर्ज**

**❋ पीड़िता की मां ने थाने पर सुनवाई न होने पर एएसपी से मुलाकात कर आपबीती बताई**

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

माखी थाना क्षेत्र में पांच वर्षीय बच्ची के साथ उसी गांव के रहने वाले किशोर ने दुष्कर्म किया। पीड़िता की मां ने इसकी शिकायत की तो आरोपी के परिजनों ने उसके साथ मारपीट की। एएसपी के आदेश पर बीती रात पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को अस्पताल में भर्ती कराया है। माखी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 15 वर्षीय किशोर ने गांव की पांच वर्षीय मासूम को बीती 15 सितंबर को बहला फुसला कर अपने एकांत स्थान पर ले गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। बाद में उसे घर के पास छोड़ कर फरार हो गया। घटना की जानकारी होने पर बच्ची की मां आरोपी के घर उलाहना देने पहुंची तो उसके परिजनों पीड़िता की मां की पिटाई कर दी। एएसपी शशि शेखर सिंह ने मांखी पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिस पर बीती रात माखी पुलिस ने दुष्कर्म, मारपीट, जान से मारने की धमकी, पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया। मासूम को उपचार और मेडिकल परीक्षण के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। माखी थानाध्यक्ष वीर बहादुर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# छह दिनों से लापता युवक का पड़ोसी के सूने घर में पड़ा मिला शव

**❋ तेज दुर्गंध आने पर लोगों को हुई जानकारी**


**❋ मां ने सात लोगों पर दर्ज कराया था अपहरण का मुकदमा**

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



अचलगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में छह दिनों से लापता युवक का सड़ा गला उसी के घर के बगल में खाली पड़े मकान के आंगन औंधे मुंह पड़ा में मिलने से हड़कंप मच गया। इसकी जानकारी तब हुई जब दुर्गंध आने पर लोगों ने उस घर में झांक कर देखा। शव मिलने की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने फारेंसिक टीम बुला कर सुरागकशी कराई। बता दे कि एसपी की फटकार के बाद बीते दिन ही पुलिस ने सात लोगों पर अपहरण का मुकदमा दर्ज किया था। परिजनों ने पुलिस की लापरवाही से हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। थाना क्षेत्र के कोलुहागाढा निवासी कान्हा (45) पुत्र स्व. सच्चिदानंद तिवारी बीती 17 सितंबर की रात से लापता था। उसकी मां मीरा देवी की सूचना पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की थी। बीते दिन मीरा एसपी आफिस पहुंच कर बेटे का अपहरण किए जाने का प्रार्थना पत्र दिया। उसने बताया कि अचलगंज पुलिस अपहरण का मुकदमा नहीं दर्ज कर रही है। एसपी के निर्देश पर गुमशुदगी को अपहरण की धाराओं में तरमीम करते हुए पुलिस ने सात लोगों को आरोपित किया। जिसके बाद से पुलिस कान्हा की खोजबीन कर रही थी। गुरूवार को पड़ोस में खाली पड़े अमित त्रिपाठी के घर से दुर्गंध उठने पर पड़ोसियों ने छत से झांक कर देखा तो आंगन में कान्हा का शव औंधे मुंह पड़ा मिला। शव बुरी तरह से सड़ कर फूल चुका था साथ ही कीड़े भी रेंग रहे थे। सूचना पर सीओ बीघापुर माया एसओ, एसओ प्रशांत द्विवेदी मौके पर पहुंचे। सुरागकशी के लिए डॉग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम को बुलाया गया। जिसके बाद शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतक कान्हा तीन बहनों के बीच अकेला भाई था। वह अभी अविवाहित था। इकलौते बेटे की मौत पर मां मीरा समेत परिजन रो रोकर बेहाल है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्ट्या छत विहीन दीवार से गिरने मौत होना प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, कल्याणपुर, कानपुर नगर




पत्रांक : नीलामी/1333-37/2023-24 — दिनांक: 19.09.2023

**विज्ञप्ति**

विकासखण्ड कल्याणपुर में स्थित कम्पो0 विद्यालय मंधना व रामनगर के परिसर में स्थित प्रा0 वि0 के जर्जर भवन की नीलामी की जायेगी। कम्पो0 वि0 मंधना का न्यूनतम मूल्य रू0 261000.00 दो लाख इकसठ हजार व कम्पो0 वि0 रामनगर का न्यूनतम मूल्य रू0 5000.00 पाँच हजार है। नीलामी में शामिल होने हेतु मंधना वि0 हेतु 27000.00 व रामनगर वि0 हेतु 500.00रू0 जमा करने होगें इसके विस्तृत नियम शर्ते सम्बंधित विद्यालय के प्र0अ0 एवं खण्ड कार्यालय कल्याणपुर से प्राप्त की जा सकती है। नीलामी में शामिल होने के लिये अपने आधार की छायाप्रति जमा करनी होगी। नीलामी 23.09.2023 को प्रात: 11.00 बजे खण्ड कार्यालय कल्याणपुर में की जायेगी।

- नीलामी निरस्त अथवा अन्य विवाद की स्थिति में समस्त अधिकार समिति का होगा।

खण्ड शिक्षा अधिकारी
कल्याणपुर, कानपुर नगर


# मानसिक स्वास्थ शिविर का आयोजन संपन्न



**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

विश्व अल्जाइमर दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर चौरासी मे चिकित्सा अधीक्षक की अध्यक्षता में मानसिक स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मानसिक रोगियों का निशुल्क परीक्षण एवं निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। मानसिक दिव्यांग मरीजों को दिव्यांगता का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने हेतु उनका बौद्धिक परीक्षण भी किया गया। इस दौरान ब्लड शुगर एवं ब्लड प्रेशर की नि:शुल्क जांच की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई। शिविर में 75 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें 11 मानसिक रोगियों को चिन्हित किया गया। शिविर में एक दिव्यांग मरीज को दिव्यांगता का प्रमाण पत्र दिया गया। 56 मरीजों का ब्लड प्रेशर व ब्लड शुगर जांच की गई। शिविर में डॉ विकास दीक्षित समेत मानसिक इकाई, एनटीसीपी, एनपीसीडीसीएस के सदस्यों समेत स्वास्थ्य कर्मियों ने प्रतिभाग किया।

# जेसीआई कानपुर की ओर से बिठूर में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

जेसीआई कानपुर की ओर से बिठूर के मनु शतरूपा मंदिर के पास जे.सी. वीक के अंतर्गत जेसीआई कानपुर के अध्यक्ष ऋषि गुप्ता की अध्यक्षता में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर ऋषि गुप्ता ने बताया कि यह हमारा वार्षिक उत्सव है। जेसी वीक के अंतर्गत हम लोग मानवता को प्रकृति के प्रति प्रेरित करने वाले कार्यक्रम आयोजित करते हैं। यह कार्यक्रम पिछले 15 दिनों से लगातार चल रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संस्था के सेक्रेटरी आकाश जायसवाल, वीरेंद्र गुप्ता, भारत पैरिक, रूपक पैरिक, सोनिया अग्रवाल, रजत अग्रवाल, भरत भूषण गोविंद गिरी जी(महाराज), विपिन दीक्षित, दीपक निषाद , रंजीत निषाद, संतोष गौड़ मोहित कठेरिया अरविन्द निषाद आदि मौजूद रहे।

# संसद में महिला आरक्षण बिल पर जमकर हुई बहस

**राज्यसभा में खड़गे बोले, महिला आरक्षण तुरंत लागू करें, नड्डा का जवाब, सरकार नियमों से काम करती है, विपक्ष को शासन करना नहीं आया**




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

संसद के विशेष सत्र के चौथे दिन राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन विधेयक) पर चर्चा हो रही है। सबसे पहले अर्जुनराम मेघवाल ने बिल पेश किया। इसके बाद कांग्रेस सांसद रंजीत रंजन ने चर्चा की शुरुआत की। उन्होंने बिल के नाम पर आपत्ति जताते हुए कहा कि महिलाओं को वंदन नहीं, समानता चाहिए। इसके बाद भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा- ये बिल महिलाओं पर अहसान नहीं, बल्कि उनका वंदन और अभिनंदन है। अगर ये बिल आज पास होता है तो 2029 तक 33 प्रतिशत महिलाएं सांसद बनकर आ जाएंगी। वहीं, खड़गे ने कबीर का दोहा 'काल करे सो, आज कर' सुनाया और तुरंत आरक्षण लागू करने की मांग की। जेपी नड्डा ने जवाब दिया कि भाजपा का उद्देश्य राजनीतिक फायदा लेने का नहीं है। सरकार नियमों से काम करती है और पक्का काम करने में विश्वास रखती है। इस पर विपक्षी सांसद 'नो-नो' करने लगे तो नड्डा ने कहा कि कि 'नो-नो' करने वालों को शासन करना नहीं आया। अगर शासन करना आता तो पता होता कि नियम-कानून भी कोई चीज है। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि जो सिल्वर स्पून के साथ पैदा होते हैं, उन्हें गरीबों की परेशानियां नहीं पता होतीं। एक लीडर को लीडर बनना पड़ता है, सिखाए हुए बयान देने से काम नहीं चलता।

### पीएम ने लोकसभा में कहा, इस बिल के लिए सभी हकदार हैं

लोकसभा में सुबह 11 बजे जब कार्यवाही शुरू हुई तो सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोलने के लिए खड़े हुए। उन्होंने कहा कि कल भारत की संसदीय यात्रा का एक स्वर्णिम पल था। उस पल के हकदार इस सदन के सभी सदस्य हैं। सभी दल के सदस्य हैं। सभी दल के नेता भी हैं। सदन हों या सदन के बाहर हों, वे भी उतने ही हकदार हैं। उन्होंने कहा, मैं आज इस बहुत महत्वपूर्ण निर्णय में और देश की मातृशक्ति में एक नई ऊर्जा भरने में कल का निर्णय और आज राज्यसभा के बाद जब हम अंतिम पड़ाव भी पूरा कर लेंगे। यह पवित्र कार्य को करने के लिए आप सबने जो योगदान दिया है, समर्थन दिया है, सार्थक चर्चा की है। सदन के नेता के रूप में मैं आज आप सबका सच्चे दिल से आदरपूर्वक अभिनंदन करता हूं।

### संसद की चौथे दिन की कार्यवाही के बड़े अपडेट्स...

- कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल आज लोकसभा में एडवोकेट्स अमेंडमेंट बिल 2023 पेश करेंगे।
- राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने वाइस-चेयरपर्सन का पैनल पुनर्गठित किया है। इसमें 13 महिला सांसदों को जगह दी गई। ये सांसद जगदीप धनखड़ की अनुपस्थिति में राज्यसभा की कार्यवाही का संचालन करेंगी।
- सरकार आज राज्यसभा में रिपीलिंग एंड अमेंडिंग बिल पेश कर सकती है। इस बिल में ऐसे 65 कानूनों को निरस्त करने का प्रावधान है, जो प्रचलन से बाहर हो गए हैं या दूसरे कानूनों की वजह से निरर्थक हो गए हैं। यह बिल पिछले साल जुलाई में लोकसभा में पास हो गया था।

### राजनाथ बोले, सीना चौड़ा कर चीन पर चर्चा के लिए तैयार

पीएम मोदी के संबोधन के बाद लोकसभा में चंद्रयान-3 की सफलता पर चर्चा हुई। लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला से सदन को मिशन के बारे में बताया। इसके बाद राजनाथ सिंह बोलने के लिए खड़े हुए। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने राजनाथ से पूछा कि क्या उनमें चीन मुद्दे पर चर्चा करने की हिम्मत है। इस पर राजनाथ सिंह ने कहा कि पूरी हिम्मत है, मैं चीन पर चर्चा करने के लिए तैयार हूं और सीना चौड़ा करके चर्चा करने के लिए तैयार हूं।




## पाकिस्तान में जनवरी 2024 के आखिरी सप्ताह में होंगे आम चुनाव, ईसीपी ने किया एलान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पाकिस्तान में आम चुनावों को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। चुनाव आयोग (ईसीपी) ने घोषणा की कि आम चुनाव जनवरी 2024 के आखिरी सप्ताह में होंगे। चुनाव आयोग ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन पर काम की समीक्षा की गई और निर्णय लिया गया कि निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के लिए प्रारंभिक सूची 27 सितंबर को प्रकाशित की जाएगी। आपत्तियों और सुझावों को सुनने के बाद 30 नवंबर को अंतिम सूची जारी की जाएगी। 54 दिवसीय चुनाव प्रचार कार्यक्रम पूरा होने के बाद जनवरी के आखिरी सप्ताह में चुनाव होंगे। इसका एलान ईसीपी के उस वक्तव्य के बाद किया गया, जिसमें कहा गया था कि उसने आम चुनावों के लिए आचार संहिता पर चर्चा के लिए अगले महीने राजनीतिक दलों के साथ एक बैठक निर्धारित की है। ईसीपी के मुताबिक, नियमों को अंतिम रूप देने से पहले उनकी प्रतिक्रिया के लिए राजनीतिक दलों के साथ आचार संहिता का एक मसौदा साझा किया गया था। मसौदा संहिता में कहा गया कि राजनीतिक दल, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार और चुनाव एजेंट किसी भी राय का प्रचार नहीं करेंगे।

## रेलवे ने एक्सीडेंट मुआवजा राशि को 10 गुना बढ़ाया

**✻ अब मृतक के परिजन को 5 लाख और घायल को 2.5 लाख मिलेंगे**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

रेलवे बोर्ड ने रेल दुर्घटना से जुड़ी राहत राशि में 10 गुना वृद्धि की है। इसके तहत ट्रेन हादसे में किसी की मौत होने पर सहायता राशि 50 हजार रुपए से बढ़ाकर 5 लाख रुपए कर दी गई है। गंभीर चोट के लिए सहायता राशि 25 हजार रुपए से बढ़ाकर 2.5 लाख रुपए कर दी गई है। साथ ही मामूली चोट की स्थिति में सहायता राशि 5 हजार से 50 हजार रुपए की गई है। राहत राशि के अलावा यात्रियों को दुर्घटना के बाद अस्पताल का खर्चा भी विभाग उठाएगा। अस्पताल में 30 दिन से अधिक भर्ती रहे मरीज कितने गंभीर रूप से घायल हुआ है, उस आधार पर प्रतिदिन 3,000, 1,500 और 750 रुपए का खर्च मिलेगा। रेलवे बोर्ड ने 18 सितंबर 2023 को एक सर्कुलर जारी करके राहत राशि में वृद्धि की जानकारी दी है। नई राहत राशि इसी तारीख से लागू होगा। इससे पहले 2012-2013 में इस राशि में संशोधन किया गया था। ट्रेन दुर्घटनाओं में मरने वाले लोगों के परिजन और मैन्ड लेवल क्रॉसिंग में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को अब पांच लाख रुपए मिलेंगे, जबकि गंभीर रूप से घायलों को 2.5 लाख रुपए मिलेंगे। मामूली चोट लगने पर लोगों को 50 हजार रुपए मिलेंगे।

### आतंकी हमले जैसे घटनाओं में मरने वालों के आश्रितों को मिलेंगे 1.5 लाख रुपए

सर्कुलर में ये भी लिखा है कि आतंकी हमला, हिंसक हमला या चोरी जैसी कोई अप्रिया घटना होने पर मृतक, गंभीर रूप से घायल और मामूली रूप से घायलों के आश्रितों को 1.5 लाख, 50 हजार और 5 हजार रुपए दिए जाएंगे। इससे पहले तक ये राशि 50 हजार, 25 हजार और 5 हजार रुपए थी।

### अस्पताल में भर्ती रहे तो रोजाना 3 हजार मिलेंगे

सर्कुलर के मुताबिक, ट्रेन हादसे में गंभीर रूप से घायल लोगों को 30 दिन से ज्यादा अस्पताल में भर्ती रहने पर हर 10 दिन की अवधि पूरी होने पर या डिस्चार्ज की तारीख तक हर दिन 3 हजार रुपए दिए जाएंगे। अप्रिय घटना में गंभीर रूप से घायल होने पर छह महीने तक अस्पताल में भर्ती रहने पर हर दस दिन में या डिस्चार्ज होने की तारीख तक 1,500 रुपए दिए जाएंगे। इसके बाद अगले पांच महीने तक हर दिन में या डिस्चार्ज होने की तारीख तक रोजाना 750 रुपए दिए जाएंगे।

इसके पहले तक यह राशि 50 हजार, 25 हजार और 5 हजार थी। सर्कुलर में साफ किया गया है कि अनमैन्ड लेवल क्रॉसिंग पर एक्सीडेंट का शिकार हुए लोगों, बिना अनुमति प्रवेश करने वालों और ट्रेन के ऊपर लगे तारों को छूने से मरने वाले लोगों को कोई अनुग्रह राशि नहीं दी जाएगी।

## डीजीसीए: एयर इंडिया सेफ्टी चीफ एक महीने के लिए निलंबित, जांच में मिलीं सुरक्षा संबंधी कई खामियां

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली




देश की विमानन निगरानी संस्था डीजीसीए (डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन) ने गुरुवार को जानकारी दी है कि उन्होंने एयर इंडिया के फ्लाइट सेफ्टी प्रमुख को एक महीने के लिए निलंबित कर दिया है। डीजीसीए ने बताया कि कुछ खामियों की वजह से यह फैसला लिया गया है। 25 और 26 जुलाई को डीजीसीए की एक टीम ने एयर इंडिया की निगरानी की। इस दौरान एयर इंडिया का आंतरिक ऑडिट, दुर्घटना की रोकथाम के कार्य और जरूरी तकनीकी मैनपावर की उपलब्धता को लेकर जांच की।

### ऑडिट में पाई गईं खामियां

डीजीसीए ने एक बयान जारी कर बताया कि ऑडिट के दौरान एयर इंडिया के रोकथाम निवारण इंतजामों, अपेक्षित और जरूरी तकनीकी कर्मचारियों की कमी पाई गई है। इसमें कहा गया है कि कमियों की पुष्टि के लिए एयर इंडिया के मुख्य उड़ान सुरक्षा अधिकारी राजीव गुप्ता को एक महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है। ऑडिट में ये भी खुलासा हुआ है कि एयर इंडिया द्वारा किए जाने वाले आंतरिक ऑडिट लापरवाही से किए गए थे और तय मानकों के अनुसार नहीं थे। इस पर डीजीसीए ने संबंधित ऑडिटर को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। डीजीसीए ने एयर इंडिया को निर्देश दिया है कि वह संबंधित ऑडिटर को किसी ऑडिट, सर्विलांस और जांच की जिम्मेदारी ना दे। डीजीसीए की दो सदस्यीय जांच टीम ने एयर इंडिया के आंतरिक सुरक्षा ऑडिट में खामियां पाई हैं। निगरानी टीम की रिपोर्ट में कई गंभीर चिंताएं पैदा की है, जिन पर आगे विचार किया जा रहा है।

### पूर्व में भी एयर इंडिया के खिलाफ हो चुकी है कार्रवाई

अतीत में भी डीजीसीए ने एयर इंडिया के खिलाफ नियमों के उल्लंघन और खामियों लेकर कार्रवाई की थी। बीते महीने ही डीजीसीए ने सिम्युलेटर ट्रेनिंग में कुछ कमियों के चलते मुंबई और हैदराबाद में एयर इंडिया की प्रशिक्षण सुविधाओं को एटीओ अनुमोदन को 10 दिनों तक निलंबित कर दिया था। इसी साल फरवरी में भी डीजीसीए ने एयर इंडिया की सहायक कंपनी एआईएक्स कनेक्ट के प्रशिक्षण प्रमुख को भी तीन महीने के लिए उनके पद से हटाने का आदेश दिया था। आरोप है कि पायलटों के प्रशिक्षण से संबंधित कुछ मानदंडों का उल्लंघन किया जा रहा था।

## 57 एयरपोर्ट्स पर एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स के लिए 'ड्यूटी टाइम लिमिटेशन' लागू

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

डीजीसीए ने एक बयान जारी कर कहा है कि देश के 57 एयरपोर्ट्स पर एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स के लिए 'वाच ड्यूटी टाइम लिमिटेशन' का नियम लागू हो गया है। देश के 57 एयरपोर्ट्स पर 21 सितंबर से यह आदेश लागू हो गया है। नेशनल सिविल एविएशन रेगुलेटर (डीजीसीए) इसे लेकर एक प्रेस विज्ञप्ति भी जारी की है।

### एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स की ड्यूटी में 12 घंटे का अंतर जरूरी

इस विज्ञप्ति में कहा गया है कि डीजीसीए द्वारा एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स के लिए वाच ड्यूटी टाइम लिमिटेशन लागू करना एक मील का पत्थर है। इसमें कहा गया है कि एयर ट्रैफिक कंट्रोलर्स, एयर ट्रैफिक को सुरक्षित रखने के लिए बेहद अहम हैं। इनका काम बेहद चुनौतीपूर्ण और तनावपूर्ण होता है। इस काम के लिए समर्पण और कठिन परिश्रम की जरूरत होती है। ऐसे में एविएशन सेफ्टी को सुनिश्चित करने के लिए विमानन क्षेत्र में अहम सुधार किया गया है।

### देश के 57 हवाई अड्डों पर लागू हुआ नियम

इस सुधार के तहत एटीसीओ के ड्यूटी के अधिकतम घंटे और आराम के न्यूनतम घंटे तय किए गए हैं। प्रावधानों के तहत एटीसीओ की एक ड्यूटी से दूसरी ड्यूटी के बीच में कम से कम 12 घंटे का अंतर होना चाहिए। अभी देश के 57 एयरपोर्ट्स के एटीसीओ को यह सुविधा मिलेगी। इनमें उत्तरी क्षेत्र के नौ एयरपोर्ट्स शामिल हैं। साथ ही दक्षिण क्षेत्र के 15 एयरपोर्ट्स, पश्चिमी क्षेत्र के 12 एयरपोर्ट्स, पूर्वी क्षेत्र के 11 एयरपोर्ट्स और उत्तर पूर्वी क्षेत्र के 10 एयरपोर्ट्स के एटीसीओ को यह सुविधा मिलेगी।

## राहुल ने कुली की यूनिफॉर्म पहनी, सिर पर सामान उठाया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आज आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर कुलियों से मुलाकात की। उन्होंने कुलियों से बात की। उनकी परेशानियों को सुना। इस दौरान राहुल ने कुली की ड्रेस पहनकर यात्रियों का सामान भी उठाया। जिसका वीडियो सामने आया है। यह वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया है। दरअसल अगस्त के महीने में कुलियों ने राहुल गांधी से मिलने की इच्छा जाहिर की थी, जिसका एक वीडियो सामने भी आया था। जिसके बाद अब राहुल गांधी ने कुलियों से मुलाकात की है। वीडियो में राहुल गांधी कुली की ड्रेस पहन यात्रियों का सामान सिर पर उठाकर ले जाते दिख रहे हैं। इस दौरान कुछ कुली उनके साथ चल रहे हैं। कांग्रेस पार्टी ने तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, 'जननायक राहुल गांधी जी आज दिल्ली के आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर कुली साथियों से मिले। पिछले दिनों एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें रेलवे स्टेशन के कुली साथियों ने उनसे मिलने की इच्छा जाहिर की थी। आज राहुल जी उनके बीच पहुंचे और इत्मीनान से उनकी बात सुनी। भारत जोड़ो यात्रा जारी है।'

## नारसन क्षेत्र के पास स्टील फैक्ट्री में हुआ तेज धमाका, 15 श्रमिक बुरी तरह झुलसे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

रुड़की के पास नारसन क्षेत्र के मुंडियाकी स्थित लोहा फैक्टरी में धमाका होने से 15 श्रमिक गंभीर रूप से झुलस गए। श्रमिकों को उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया है। मंगलोर कोतवाली क्षेत्र के मुंडियाकी गांव में गायत्री स्टील्स नाम से एक फैक्ट्री है। रात करीब 12:30 बजे फैक्टरी में तेज धमाका होने से अफरातफरी मच गई। करीब 15 कर्मचारी घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि फैक्टरी प्रबंधन ने घटना को छुपाने की कोशिश की।

## पानीपत में दरिंदगी: हथियार के बल पर परिवार को बंधक बनाया, चार महिलाओं से दुष्कर्म, एक की मौत

**✻ चार नकाबपोश युवक उनके डेरे में घुस गए, उनके पास चाकू व पिस्तौल थी**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पानीपत के मतलौडा थाना क्षेत्र के एक गांव में रात को खेत में रह रहे प्रवासी मजदूरों के घर बदमाश घुस गए। जहां पर उन्होंने पिस्तौल के बल पर परिवार वालों के साथी मारपीट की और रुपये छीने। इसी दौरान बदमाशों ने परिवार के पुरुष व बच्चों को बंधक बनाकर परिवार की महिलाओं के साथ दुष्कर्म भी किया। जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई है। पुलिस को मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित परिवार की महिला ने बताया कि गांव से दूर डेरे में परिवार सहित रहते हैं। रात्रि लगभग एक बजे चार नकाबपोश युवक उनके डेरे में घुस गए। उनके पास चाकू व पिस्तौल थी। उन्होंने हथियार के बल पर परिवार के तीन पुरुषों व बच्चों के हाथ-पैर बांधकर एक कमरे में बंद कर दिया। उसके बाद महिलाओं को जबरदस्ती खींचकर बाहर बारामदे में ले आए। चारों ने हथियार के बल पर रातभर महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया। शोर मचाने पर पिस्तौल से जान से मारने की धमकी दी। सुबह चार बजे तक महिलाओं के साथ दरिंदगी की। उसके बाद जाते हुए महिलाओं को भी कमरे में बंद कर दिया तथा घर पर रखी नगदी भी लूट कर ले गए। सुबह 5:00 बजे महिला ने किसान को फोन करके घटना के बारे में बताया तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर बंधक परिवार को कमरे से बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मतलौडा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विजय व डीएसपी कृष्ण कुमार घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस महिलाओं को मेडिकल के लिए पानीपत के सामान्य अस्पताल में लेकर गई। एफएसएल की टीम द्वारा भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की जा रही है।

## मोदी ने 8-8 हजार करोड़ में दो प्लेन खरीदे: प्रियंका

**बोलीं, उनके उद्योगपति दोस्त करोड़ों कमा रहे, किसान एक दिन में 27 रुपए कमाता है**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने भिलाई के जयंती स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय महिला समृद्धि सम्मेलन में महंगाई, बेरोजगारी के मुद्दे पर प्रधानमंत्री मोदी पर जमकर निशाना साधा। प्रियंका बोलीं पीएम के उद्योगपति दोस्त करोड़ों कमा रहे हैं। देश के किसान एक दिन में 27 रुपए कमाता है। इससे पहले प्रियंका ने वहां मौजूद स्व सहायता समूह की महिलाओं के साथ सेल्फी ली। प्रियंका को अपने बीच पाकर महिलाएं खुश नजर आईं। उन्होंने सुआ नाच के साथ लट्टू (भौंरा) पर भी हाथ आजमाया। मेरे पिता जी जब पीएम थे उनके साथ मैं अमेठी गई थीं। जीप चलाते हुए एक गांव पहुंचे। सड़क पर उतरे तो एक महिला उठी और पिता को डांटने लगी। कहने लगी कि सड़क बारिश में डूब गई है आपने इसके लिए क्या किया। ये तब की राजनीति है, जब जनता को जवाब देना पड़ता था। पूछने पर पिता ने मुझे कहा कि महिला ने मुझे मेरे काम का अहसास दिलाया है। दुर्ग जिला प्रदेश का वीआईपी जिला माना जाता है। क्योंकि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत 5 मंत्रियों का गृह जिला दुर्ग ही है और अगर केवल दुर्ग संभाग की ही बात करें तो ये संख्या बढ़कर 6 हो जाती है।

## मणिपुर हिंसा: भीड़ ने की पुलिस स्टेशनों पर धावा बोलने की कोशिश, सुरक्षाबलों ने दिया जवाब, कर्फ्यू में ढील रद्द

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

मणिपुर में जारी हिंसा थमती नहीं दिख रही है। इस बीच, पांच युवकों की गिरफ्तारी को लेकर गुरुवार को भीड़ ने हिंसक प्रदर्शन किया। बिना शर्त इन युवकों की रिहाई की मांग कर रही भीड़ ने इंफाल पूर्व में पोरोम्पैट पुलिस स्टेशन और इंफाल पश्चिम जिले में सिंगजामेई पुलिस स्टेशन और क्वाकीथेल पुलिस चौकी पर हमले की कोशिश की। हालांकि, सुरक्षा बलों ने उनकी इस कोशिश को नाकाम कर दिया।

### सुरक्षा बलों ने छोड़े आंसू गैस के गोले




सुरक्षा बलों ने इन लोगों ने भीड़ पर आंसू गैस के गोले छोड़े, जिसमें 10 से अधिक लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने इस बारे मे जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एहतियात के तौर पर राज्य सरकार ने इंफाल के दोनों जिलों में शाम पांच बजे से कर्फ्यू में दी गई ढील रद्द कर दी है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि भीड़ को छह स्थानीय क्लबों और मीरा पैबिस ने उकसाया था। इस दौरान पोरोम्पैट में बिमोला नाम के एक प्रदर्शनकारी ने कहा कि हमारे पास गिरफ्तारी के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था क्योंकि सरकार ने पांच गांव के स्वयंसेवकों को रिहा नहीं किया। उन्होंने कहा कि अगर ऐसे ही गांव के स्वयंसेवकों को गिरफ्तार किया जाता रहा तो मैतेई गांवों की रक्षा कौन करेगा। गौरतलब है कि 16 सितंबर को मणिपुर पुलिस ने अत्याधुनिक हथियार रखने और फर्जी वर्दी पहनने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने एक बयान भी जारी किया था। उन्होंने कहा था कि पांचों को न्यायिक मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया था जहां से उन्हें पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

### कर्फ्यू में ढील रद्द

गुरुवार को हुए इस घटनाक्रम के बाद राज्य सरकार ने इंफाल के दोनों जिलों में कर्फ्यू में दी गई ढील रद्द कर दी। इंफाल पश्चिम के जिला मजिस्ट्रेट ने इस बारे में आधिकारिक आदेश भी जारी किया है। इसमें कहा गया है कि 21 सितंबर को सुबह 5 बजे से रात 9 बजे तक कर्फ्यू में ढील दी गई थी, जिसे शाम 5 बजे से वापस ले लिया गया है। ऐसे में पहले से जारी सभी प्रतिबंध लागू रहेंगे। ऐसे ही आदेश पूर्वी इंफाल में भी दिए गए हैं।

## आदिगुरु शंकराचार्य की 108 फीट की प्रतिमा का अनावरण

**✻ आदि शंकराचार्य की ये प्रतिमा 12 साल के आचार्य शंकर की झलक है**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। खंडवा

ओंकारेश्वर में ओंकार पर्वत पर स्थापित आदिगुरु शंकराचार्य की प्रतिमा का अनावरण गुरुवार को हो गया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्वामी अवधेशानंद गिरी और दूसरे संतों की मौजूदगी में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच इसका अनावरण किया। संत और सीएम अस्थायी एलिवेटर से 75 फीट ऊपर पहुंचे। पूजा के बाद प्रतिमा की परिक्रमा की। प्रतिमा स्थल के करीब ब्रह्मोत्सव में 5 हजार साधु-संत जुटे हैं। यहां अद्वैत लोक के लिए भूमिपूजन हुआ और सीएम ने इसकी आधारशिला रखी। इसके बाद आरती की। यह 2026 तक बनकर तैयार होगा। ओंकार पर्वत की 11.5 हेक्टेयर जमीन पर अद्वैत लोक आकार ले रहा है। इसी के मध्य में आदिगुरु शंकराचार्य की प्रतिमा स्थापित की गई है। यहां अद्वैत लोक और आचार्य शंकर अंतरराष्ट्रीय अद्वैत वेदांत संस्थान की स्थापना भी की जा रही है।

### कर्नाटक के श्रृंगेरी मठ से आई 112 फीट की रुद्राक्ष माला

श्रृंगेरी शारदा पीठ से आदिगुरु शंकराचार्य के लिए 112 फीट की माला लाई गई। माला 10 हजार रुद्राक्ष से बनी है। सभी पांचमुखी रुद्राक्ष हैं। सीएम ने कहा, 'आज आधिगुरु फिर पधार गए हैं। उनके चरणों में प्रणाम। उपयुक्त अवसर पर यह माला आदिगुरु को पहनाई जाएगी। अभी सुरक्षित रखते हैं। मठ की ओर से पादुका भी आएगी। श्रृंगेरी शारदा पीठ कर्नाटक में चिकमगलूर जिले के श्रृंगेरी में है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)